e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 268
रविवार
01.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
उस काम को कभी ना छोड़ें जिसके बारे में आप हर दिन सोचते हैं !

### पीएम मोदी छत्तीसगढ़ में व राहुल गांधी ने एमपी में सभा को किया संबोधित

# छत्तीसगढ़ में तय है परिवर्तन : पीएम मोदी



एजेंसी

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ में चुनावी सरगर्मी चरम पर हैं। पीएम मोदी शनिवार बिलासपुर के सीपत रोड स्थित साइंस कॉलेज मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया।जनसभा में पीएम मोदी ने कहा कि मोदी का मतलब गारंटी है। मोदी जो कहता है वो करके ही मानता है। विपक्ष को इस बात का डर है कि महिलाएं अब मोदी को वोट करेंगी। इस डर की वजह से उन्होंने इस बिल का समर्थन किया है।महिला आरक्षण बिल को लेकर उन्होंने विपक्ष पर हमला बोल। पीएम ने कहा कि महिलाओं की एकता और जागरुकता को लेकर विपक्ष डर गया है। इसलिए उन्होंने महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया है।पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में सबसे बड़ी योजना है आयुष्मान योजना। इस योजना से गरीबों, आदिवासियों को बहुत फायदा हुआ है। पीएम ने कहा कि गरीबों का दर्द एक गरीब का बेटा समझता है। अब इलाज के लिए किसी को कर्ज लेने की जरूरत नहीं है।पीएम मोदी ने कहा कि मैं दिल्ली से एक रुपया भेजता हूं तो सौ के सौ पैसे गरीब के खाते में जाते हैं कोई कटौती नहीं होती है। पहले ऐसा नहीं होता था। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के एक पीएम ने कहा था कि वो केन्द्र से एक रुपया भेजते हैं तो पहुंचते-पहुंचते घिस जाता है।पीएम मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया है। प्रदेश सरकार ने घोटाले पर घोटाला किया है। पीएम मोदी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भाजपा की सरकार सत्ता में आने के बाद कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा।पीएम मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय है। टीएस सिंहदेव का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला।

## सरकार बनी तो पहले जातिगत जनगणना कराएंगे : राहुल



**भोपाल** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी शाजापुर जिले के कालापीपल विधानसभा क्षेत्र के पोलायकला में प्रदेश की भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा। शनिवार को कहा कि अगर कोई चोट लगती है तो सबसे पहले एक्सरे या एमआरआई होता है। इससे ही समस्या पता चलती है। हमारे देश में अन्य पिछड़ा वर्ग,आदिवासी और दलित कितने हैं, इसका सवाल किसी के पास नहीं है। हमें हिंदुस्तान का एक्सरे करना है। यह पता लगाना है कि देश के बजट पर ओबीसी का कितना कंट्रोल है? उनकी आबादी कितनी है? हिंदुस्तान के सामने सिर्फ एक मुद्दा है- जातिगत जनगणना। कांग्रेस की सरकार बनी तो पहला काम यही होगा। हम देश को बताएंगे कि हमारे यहां कितने ओबीसी हैं।राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना के मुद्दे की शुरुआत महिला आरक्षण बिल से की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि आप खुद को ओबीसी नेता कहते हैं। आप ओबीसी के लिए काम करते हैं। तब आपने महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण क्यों नहीं किया?









सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड



संदेश



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

वन्यप्राणियों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखण्ड राज्य में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2023 तक वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है एवं इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वन्यप्राणी पारिस्थितिकी संतुलन के लिये महत्वपूर्ण कड़ी हैं। हमारे आस-पास एवं वनों में पाये जाने वाले वन्यजीव यथा बाघ, भालू, हाथी, तेन्दुआ, मोर, गिलहरी, खरगोश व विभिन्न प्रकार के पक्षी, मधुमक्खी, रेशम के कीट, लाह, तितली इत्यादि मानव जीवन को रोमांचक एवं सुखद बनाते हैं। वन, वन्यप्राणी एवं मनुष्य, सबका अस्तित्व एक-दूसरे पर आश्रित है।

झारखण्ड राज्य का लगभग एक तिहाई भू-भाग सखुआ, करम एवं अन्य प्रकार के वनों से आच्छादित है। ये वन, वन्यप्राणियों के प्राकृतिक वास स्थल हैं। आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मनुष्य की विभिन्न गतिविधियों के कारण वनों पर दबाव बढ़ा है जिसके कारण वन्यप्राणियों के वास स्थल प्रभावित हुए हैं। फलस्वरुप यदा-कदा वन्यजीव मानव द्वंद्व जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।

वन एवं वन्यजीव, अनादिकाल से मानव के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना के केन्द्र रहे हैं। वन एवं वन्यजीवों में कमी नहीं हो, यह राज्यवासियों का कर्तव्य है। वन विस्तार एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के लिए सरकार के स्तर से अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

राज्यवासियों से मेरी अपील है कि हम सब वन्यप्राणियों के संरक्षण का संकल्प लें तथा वन एवं वन्यजीव की सुरक्षा हेतु अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें।

वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता लाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राज्य में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2023 तक वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। वन एवं वन्यजीव हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। झारखण्ड राज्य को प्रकृति ने जंगलों से धनी बनाया है। ये जंगल वन्यप्राणियों के वास स्थान हैं। प्रकृति ने अनेक जीव-जंतुओं से इन वनों को सुशोभित किया है। हमारे वनों में बाघ, हाथी, तेन्दुआ, बंदर, भालू, मोर, सांप, खरगोश, गिलहरी अनेक प्रकार के पक्षी इत्यादि जीव-जंतु पाये जाते हैं। जीव-जगत में वन, वन में निवास करने वाले वन्यप्राणी, मनुष्य तथा अन्य सभी प्राणियों के जीवन एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं। प्राणियों के सह-अस्तित्व के लिये जैव-विविधता प्रकृति की व्यवस्था है। वन्यप्राणियों की संख्या में कमी होने से पारिस्थितिकी असंतुलन का खतरा उत्पन्न हो जाता।

विकास की दौड़ में वन्यप्राणियों का पर्यावास अर्थात हमारे वन प्रभावित हुए हैं। जिसके फलस्वरूप यदा-कदा वन्यजीवों का मानवों से टकराव भी हो जाता है। वन्यप्राणियों से जान-माल की हुई क्षति की पूर्ति सरकार के द्वारा की जाती है।

हमारी धरती, अहिंसा की धरती है। हमारे पर्व-त्योहार, रीति-रिवाज, संस्कृति एवं धर्म-अध्यात्म में वन्यप्राणियों एवं वन-वृक्षों का बहुत महत्व है। इन वन्यप्राणियों का संरक्षण हमारा परम कर्तव्य एवं दायित्व है। सरकार द्वारा वन्यप्राणियों के संरक्षण के उद्देश्य से राष्ट्रीय उद्यान, गज परियोजना, व्याघ्र आरक्ष्य, वन्यप्राणी आश्रयणी तथा प्राकृतिक वनों का प्रबंधन किया जाता है। वन्यप्राणियों के पर्यावास उन्नयन के लिये सरकार वनों के विस्तार की योजनायें लागू करती है।

वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर हम सभी झारखण्डवासी वन्यप्राणी की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहभागी बनें तथा वन्यजीवों के साथ-साथ अपनें जीवन को सुरक्षित बनायें।

PR NO-307926 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24
वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

# प्रशासन द्वारा बनाए गए चेकनाका पर पर वाहनों की जांच की, पत्थर ले जाते संदिग्ध वाहन को किया जब्त

## 540 सीएफटी पत्थर समेत वाहन को किया पुलिस के सुपुर्द



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन द्वारा अवैध खनन भंडारण परिवहन के रोकथाम को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में जिले में खनन पदाधिकारी की ओर से कार्रवाई लगातार जारी है.जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार शुक्रवार देर शाम हरिहरगंज पहुंचे,जहां पर उन्होंने प्रशासन द्वारा बनाए गए चेक नाका पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ वाहनों की जांच कीवाहन चेकिंग के दौरान वाहन संख्या-बीआर 24 जीबी-6740 को पत्थर ले जाते पाया गया इसके बाद चालक द्वारा उपलब्ध कराए गए कागजतो की जांच की गयी। जांच पर पूरी तरह से संतुष्ट नहीं होने पर वाहन को पत्थर समेत जप्त कर लिया एवं पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि वाहन में 540 सीएफटी पत्थर लोड है कागजात की जांच के बाद कुछ त्रुटियां पाई गई है,जांच के उपरांत पत्थर का अवैध परिवहन पाया गया तो चालक,वाहन मालिक समेत इसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। **3 घंटे तक चलाया वाहन चेकिंग अभियान :** अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर हरिहरगंज पहुंचे जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी के साथ बनाए गए चेकनेका पर शाम 7:30 बजे से वाहन चेकिंग अभियान आरंभ कर दिया लगभग 3 घंटे तक वाहन चेकिंग चलाया एवं 100 से भी अधिक वाहनों की जांच की।

# संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने शौर्य रथ यात्रा का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** हिंदू वादी संगठनों द्वारा निकाला गया शौर्य यात्रा रथ शनिवार को विश्रामपुर पहुंचा। विश्रामपुर संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने नगर परिषद क्षेत्र मे रथ का जोरदार स्वागत किया। स्कूली बच्चे शौर्य यात्रा में झांकी के साथ शामिल भी हुए। बच्चों ने भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण, बजरंगबली का रूप धारण कर झांकी को काफी आकर्षक बना दिया था। मौके पर स्कूल के निदेशक एन के तिवारी, प्राचार्य आर के सिंह, उप निदेशक पूनम तिवारी, शिक्षक विकास कुमार शिक्षिका नीधी राय, रिंकी कुमारी, रितू कुमारी, संध्या कुमारी, लक्ष्मी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# अपना बूथ सबसे मजबूत : मनोज सिंह



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सेमरा में शक्ति केंद्र 06 पर बीजेपी का बूथ संकल्प अभियान एक साथ चलाया गया। मुख्य अतिथि पार्टी के प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह एवं मंडल के अध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, सांसद प्रतिनिधि सह शक्तिकेंद्र प्रभारी भोला पांडे, मंडल महामंत्री सह शक्ति केंद्र प्रभारी, मनीष पांडे, राजेश सिंह, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, धीरज गुप्ता, बिनोद बैठा, दीनानाथ मांझी, बैजनाथ शर्मा, रिंकू पासवान सहित कई शक्तिकेंद्र के बूथ अध्यक्ष और प्रभारी शामिल थे।मौके पर प्रशिक्षण प्रमुख मनोज ने कहा कि सबका साथ सबका विकास के साथ पार्टी काम कर रही है।मंडल अध्यक्ष शशिभूषण पांडेय ने कहा कि अपना बूथ सबसे मजबूत करें।सांसद प्रतिनिधि भोला पांडेय ने कहा कि पार्टी सर्वापरी है।हम सब एक कार्यकर्ता है और भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है कि बूथ कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है।

# झोलाछाप डॉक्टर के इलाज के बाद मरीज के निधन के मामले को आयुक्त ने दिया जांच का निर्देश

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झोलाछाप डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन दिये जाने के बाद दो दिन पूर्व छतरपुर अनुमंडल के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव के एक व्यक्ति के इलाज के बाद निधन की घटना को आयुक्त मनोज जायसवाल ने संज्ञान में लेते हुए जांच का आदेश दिया है। आयुक्त ने पलामू सिविल सर्जन को जांच करने का निदेश दिया है। साथ ही कहा है कि इस तरह के इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हित कर सूची तैयार करें और उनके खिलाफ कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, ताकि आमजनों को जान-माल की क्षति से बचाव किया जा सके। आयुक्त ने कहा है कि आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सरकार, स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन तत्पर है। विदित हो कि एक दिन पूर्व ही आयुक्त ने अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम एवं क्लिनिकों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने का निदेश दिया है।

# शौर्य जागरण रथ यात्रा पहुंचा विश्रामपुर, हिंदूवादी संगठनों ने किया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** आरएसएस व बजरंग दल के द्वारा निकाला गया शौर्य जागरण रथ यात्रा शनिवार को विश्रामपुर पहुंचा। जहां हिंदूवादी संगठनों ने जगह जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया। विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में धर्म सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें साधु - संतों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। धर्म सभा में अयोध्या से आए साधु संतों ने लोगों को सनातन धर्म के बारे में बताया। मुख्य वक्ता आरएसएस के राजीव कुमार सिंह ने अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के बारे में कई जानकारी लोगों के साथ सांझा किया। धर्म सभा में बजरंग दल के दिवंगत कार्यकर्ता अजीत नायक को श्रद्धांजलि भी दी गई। इसके अलावा विश्रामपुर के एक मुहल्ले का नाम अजीत नगर किया गया। इससे पहले रेहला में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। रेहला महावीर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना व महाआरती का भी आयोजन किया गया। विदित हो कि अयोध्या राम मंदिर में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शौर्य जागरण रथ यात्रा झारखंड भ्रमण पर निकला है। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, किशोर पांडेय, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, शिवबंश मिश्रा, संजय ठाकुर, संतोष राम, अमितेश्वर दयाल, सेवा समिति अध्यक्ष संजय पांडेय, नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्सराय उर्फ बड़कू सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा,अर्चना देवी, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, समजसेवी विजय कुमार रवि, मनीष प्रसाद गुप्ता, विक्रमादित्य बक्सराय उर्फ मुनु, अभिषेक झा, भाजपा नेत्री किरण देवी, दामोदर यादव सहित विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस व बजरंग दल के कई कार्यकर्ता और सैकड़ो स्थानीय धर्मप्रेमी शामिल थे।

# झूठ की राजनीति करते है विधायक भानू प्रताप शाही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विधायक भानू प्रताप शाही सीएम द्वारा किये गए सड़क का फिर से शिलान्यास कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे है। वे झूठ की राजनीति करते है। अलकर में बन रहे सड़क का सीएम पहले ही ऑनलाइन शिलान्यास कर चुके है। इनकी झूठी राजनीति को जनता समझ रही है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने अनिकेत पैलेस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भानू 3 बार विधायक रहने के बाद भी विधान सभा क्षेत्र के लिए कुछ नही किया। हेमंत सरकार द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो को अपना बताकर जनता को बरगलाने में लगे है। लेकिन यह अधिक दिन तक नही चलेगा। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी के गठजोड़ से हताश विधायक अनाप-सनाप बयानबाजी कर रहे है। धर्म के नाम पर हिन्दू-मुस्लिम को लड़वाने का काम कर रहे हैं। क्षेत्र की प्रमुख समस्या पलायन को लेकर आज तक कुछ नही बोला। जबकि पलायन के कारण हर दिन क्षेत्र में युवाओं की लाश आ रही है। आगामी चुनाव में अपनी हार को भांप कर विधायक पूरी तरह से हताश हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि दूसरे पर आरोप लगाने से पहले विधायक को अपने दामन में झांक कर देख लेना चाहिए। दवा घोटाला के साथ मधु कोड़ा काल मे 4 हजार करोड़ रुपये घोटाले में इनका नाम है। इनपर उग्रवादी से गठजोड़ को लेकर एफआईआर दर्ज किया गया है। झामुमो सरकार हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर जनता का विश्वास जीत रही है। तीन सालों में झारखंड ने गुजरात जैसे राज्यो को पीछे छोड़ते हुए 5 वां स्थान प्रास कर लिया है। जिसके कारण भाजपा मुख्यमंत्री को ईडी से परेशान करवा रही है। वार्ता के दौरान जिला उपाध्यक्ष निर्मल पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, अमरनाथ पांडेय, मुकेश सिन्हा, मनोज पासवान भी मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में 45 वर्षीय महिला घायल

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा निवासी स्वर्गीय नारायण सिंह की पत्नी हिरमानो देवी उम्र 45 वर्ष बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई।जानकारी के अनुशार हिरमाणो देवी शनिवार की दोपहर अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से मेदिनीनगर जा रही थी। इसी बीच रास्ते में रजवाडीह मोड़ के पास अचानक बाइक से गिर कर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# श्री केंद्रीय दुर्गापूजा समिति की बैठक संपन्न




**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति, मेदिनीनगर, पलामू का मुख्य संरक्षक स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया व मार्गदर्शक मंडल में सतबीर सिंह राजा, जीवन प्रसाद सिंह, मनोज सिंह,अनील सिंह, सोनू सिंह नामधारी, दीपक सिंघानिया, बसंत जौहरी, शिव प्रसाद गुप्ता, संजीव तिवारी, अविनाश देव, मिथलेश सिंह, सत्येन्द्र तिवारी, नीलेन्द्र कुमार, बबलू गुप्ता व अनील साहू को मनोनीत किया गया।स्थानीय जय भवानी संघ चौक स्थित रिलेक्स इन होटल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि ललन सिन्हा को महासमिति का महासचिव व कल्याण वर्मा, वीएम पाण्डेय, नवीन तिवारी, अनील दूबे, राकेश पाण्डेय, हरिशंकर सिंह, उदय शुक्ला, कमल गुप्ता, महेश तिवारी, अजीत सिन्हा, सुमीत भट्टाचार्य, सुधीर सौंडिक, मंजू गुप्ता, मीना गुप्ता, मंजुलता दूबे, अशोक गुप्ता, प्रवीण कुमार तिवारी, प्रभात गुप्ता, श्याम चौधरी, राजेन्द्र राम, बृजेश शुक्ला, रुपा सिंह, रचिता शरण को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जबकि प्रेम शंकर गुप्ता, जितेन्द्र सोनी, सतीश तिवारी, अभय वर्मा, सोनू गुप्ता, श्वेतांग गर्ग, पप्पू गुप्ता, सौरभ तिवारी, अभिषेक सिंह, मनीष कुमार, सुनील गुप्ता, छोटू त्रिपाठी, नीरज सिंह,संदीप दास, सुनील ठाकुर, रंजीत कुमार, राहुल अग्रवाल, लीलावती देवी, रमेश शुक्ला, रेखा गुप्ता, ज्योति अग्रवाल, रुबी सिंह, विकास विश्वकर्मा, नीरु सिंह, प्रभा देवी, विशाल सिन्हा, व शुभम कुमार को मंत्री मनोनीत किया गया है वहीं संजय पासवान, राजकुमार वर्मन, अमिताभ मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह,किशन माखड़िया,मनीष ओझा, मनीष भिवानियां व विजय कुमार को संगठन मंत्री बनाया गया है। संजय राज को मिडिया प्रभारी व गुडडू वर्मन राहूल सोनी व रंजीत चंद्रवंशी को सोशल मिडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है।

# उप स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के लिए नहीं है पानी का व्यवस्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड में एक ऐसा स्वास्थ्य उप केंद्र है, जहां पानी के लिए तड़पते रह जाएंगे। लेकिन आपको पानी नहीं मिल पाएगा। जहां मरीज रात हो या दिन हॉस्पिटल से लगभग 2 किलो मीटर दूर से पीने का पानी या अन्य प्रयोग के लिए लाते हैं। उप स्वास्थ केंद्र में उपस्थित मरीज नैनापति देवी, पानपति देवी सहित अन्य मरीजों ने बताया की हमलोग जब भी यंहा आते हैं, कभी भी हमलोगों को यंहा पर पीने का पानी या अन्य प्रयोग के लिए नही मिलता है। हमेसा दो किलोमीटर दूर खरौंधी बाजार से लाते हैं। कभी रात में इमरजेंसी सेवा पड़ने पर यहीं पर लगे चापाकल से पानी पीते हैं जिसका पानी पूरी तरह से लाल है। मौके पर उपस्थित एएनएम राधिका कुमारी ने बताया की हम लोग इसके बारे में कई बार विभाग और जनप्रतिनिधि को सूचना दिया हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। इसके साथ ही चिकित्सक ने बताया कि इस अस्पताल में बिजली का भी व्यवस्था नहीं है, जिससे हम दूर से ही कवर तार का प्रयोग कर अस्पताल में बिजली जला रहे हैं।

# राजघाटी में अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत राजघाटी स्वास्थ्य उप केंद्र के समीप शनिवार 11:30 बजे के करीब महिंद्रा ट्रैक्टर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे 22 वर्षीय ट्रैक्टर चालक सत्येंद्र यादव पिता कृष्णा यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रैक्टर खरडीहा गांव की बताई जा रही है जो अपने रिश्तेदार कध्वन निवासी कामेश्वर यादव के यहां आया था जो कध्वन से भवनाथपुर घरेलू सामग्री लेने जा रहा था। इसी दौरान राजघाटी ढलते समय अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया वही कामेश्वर यादव को मामूली चोटे लगी है। जानकारी पाकर स्थानीय केतार थाना की पुलिस बल पीएसआई कृष्णा उरांव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटना के संबंध में जानकारी ली। साथ ही घटनास्थल पर पहुंच केतार मुखिया एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से निजी वाहन कर बेहतर स्वास्थ्य उपचार के लिए भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया।

# सीबीसी डालटनगंज ने कोयल नदी किनारे चलाया स्वच्छता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज के द्वारा देशव्यापी स्वच्छता अभियान के क्रम में शनिवार को कोयल नदी के किनारे स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम चलाया गया। स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान नदी परिसर के आस-पास से सिंगल यूज प्लास्टिक इकटठा कर उसे कूड़ेदान में डाला गया। गिरिवर प्लस टू विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान के लिए श्रमदान किया। इससे पूर्व क्षेत्रीय प्रचार प्रचार अधिकारी श्री गौरव कुमार पुष्कर ने विद्यार्थियों को इस अभियान के बारे में जानकारी दी एवं स्वच्छता के महत्व को समझाते हुए उन्हें स्वच्छता ही सेवा वेबसाइट पर श्रमदान करते हुए सेल्फी अपलोड करने की जानकारी दी। विद्यालय परिसर में ही सभी विद्याथियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई एवं उनसे 01 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे स्वच्छता के लिए एक घंटे श्रमदान करने की भी अपील की गई।कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचार सहायक श्री मनोज कुमार एवं सुफल भेंगरा की सराहनीय भूमिका रही जबकि इस मौके पर विद्यालय के प्रचार्य नीरज कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार यादव, शाहिद अख्तर, अनुप राकेश खलखो, अशोक कुमार सिंह, भरत कुमार रजक, शशिकांत, राजेश कुमार सहित 200 से ज्यादा की संख्या में स्कूली छात्रों की उपस्थिति रही।

# लोक अदालत में 59 मामलों का निस्तारण, 51 लाख 48 हजार 929 रुपए का मामला सेटल

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शनिवार को पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश व्यवहार न्यायालय परिसर में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सुलह समझौता के आधार पर 59 मामले का निस्तारण किया गया।वही 51 लाख 48 हजार929 रुपये का मामला सेटल हुआ।लोक अदालत में मामले निस्तारण को ले नव पीठो का गठन किया गया था ।इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार का सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम पीठ में कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले का निस्तारण कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तंड प्रताप मिश्र व अधिवक्ता बीना मिश्रा कर रहे थे ।इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका।पीठ संख्या दो में विद्युत विभाग के मामले का निस्तारण संतोष कुमार जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम वअधिवक्ता प्रदीप कुमार ने किया।इस पीठ में 27 मामले का निस्तारण किया गया ।पीठ संख्या तीन में आपराधिक मामले का निस्तारण सीजेएम निरुपम कुमार व अधिवक्ता सतीश कुमार दुबे ने किया। इस पीठ में 22 मामले का निस्तारण किया गया। पीठ संख्या चार में सिविल जज सीनियर डिवीजन के कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण ए सी जे एम आनंदा सिंह व अधिवक्ता हुसैन वारिस कर रहे थे।इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ संख्या पांच में सिविल जज जूनियर डिवीजन कोर्ट के मामले का निस्तारण सिविल जज जूनियर डिवीजन सतीश कुमार मुंडा व अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने किया ।इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका । पीठ संख्या छह में जे जे बोर्ड से संबंधित मामले का निस्तारण चंदन कुमार गोस्वामी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी व अधिवक्ता अशोक मिश्रा ने किया। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका। पीठ संख्या सात में रेलवे कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण अमित बंसल न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी व अधिवक्ता संजय कुमार सिन्हा कर रहे थे।इस पीठ के एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका।पीठ संख्या आठ में प्रिलिटिगेशन से संबंधित मामले का निस्तारण स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता व सदस्य अशोक प्रसाद ने किया ।इस पीठ में 10 मामले का निस्तारण किया गया।व पीठ संख्या नव में एग्जेक्युटिव व रेवेन्यू कोर्ट से संबंधित मामले का निस्तारण एस डी एम राजेश कुमार शाह व अधिवक्ता उत्तम कुमार कर रहे थे। इस पीठ में एक भी मामले का निस्तारण नही हो सका।वहीं एक हेल्प डेस्क बनाया गया था जिसमें अधिवक्ता पुष्कर राज व पीएलभी मुनेश्वर राम लोगों को सहायता प्रदान कर रहे थे।

## डीएसओ ने एक साथ चार राशन डीलरों का लाइसेंस किया निलंबित

# नियमानुसार राशन वितरण करें डीलर, अन्यथा कार्रवाई के लिये रहें तैयार : डीएसओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले में सभी राशन कार्डधारियों को संपूर्ण राशि मिले, इसे लेकर उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं। इसी के तहत उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु को जिले में पीडीएस सिस्टम को दुरुस्त करने व अनियमितता बरतने वाले राशन डीलरों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया था जिसके पश्चात जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु सक्रिय है। अनियमितता बरतने वाले राशन डीलरों के विरुद्ध कार्रवाई तेज़, डीएसओ ने एक साथ चार राशन डीलरों का लाइसेंस किया निलंबित जिले में वैसे जन वितरण प्रणाली विक्रेता जो कम अनाज दे रहें हैं या अंगूठा लगवाकर राशन ही नहीं दे रहें हैं या तय मानक के विरुद्ध राशन नहीं दे रहें हैं उन सभी के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का जांच के पश्चात उन सभी पर कार्रवाई तेज कर दी गयी है। **नियमानुसार राशन वितरण करें डीलर, अन्यथा कार्रवाई के लिये रहें तैयार : डीएसओ :** एक साथ चार राशन डीलरों का लाइसेंस निलंबित किए जाने के संबंध में डीएसओ ने बताया कि नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के पूर्णाडीह के जन वितरण प्रणाली विक्रेता अनिल कुमार सिंह के विरुद्ध अगस्त व सितंबर माह का राशन वितरण नहीं किये जाने का शिकायत था.वहीं पांकी के नौडीहा-2 पंचायत के गायत्री आजीविका सखी मंडल के विक्रेता के विरुद्ध निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में खाद्यान्न वितरण करने व सोना-सोबरन-धोती-साड़ी योजना के तहत निर्धारित मूल्य से अधिक राशि की वसूली किये जाने का शिकायत था। इसी तरह तरहसी के उदयपुरा-1 अंतर्गत राशन डीलर जीवनंदन यादव के विरुद्ध सितंबर माह का राशन वितरण नहीं किए जाने के संबंध में शिकायत थी तो वहीं तरहसी प्रखंड के गुरहा के राशन डीलर के विरुद्ध भी विभिन्न प्रकार के शिकायत थे। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि ये सभी शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधि, कई कार्डधारी या अन्य माध्यमों से विभाग को किया गया था जिसके बाद सभी शिकायतों का स्थानीय प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी से जांच करवाया गया इसके पश्चात यह कार्रवाई की गई। उन्होंने भविष्य में जिले के सभी राशन डीलरों को नियमानुसार राशन वितरण करने की बात कही है अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की भी चेतावनी दी है।

# आकांक्षी ब्लॉक हरिहरगंज में पीएम मोदी के संकल्प सप्ताह का देखा लाइव प्रसारण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम से आकांक्षी ब्लॉक के लिए संकल्प सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान जहां प्रधानमंत्री के संवाद में आकांक्षी ब्लॉक के रूप मे चयनित हरिहरगंज प्रखंड के प्रखंड प्रमुख कमला देवी तथा बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने हिस्सा लिया। वहीं लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से इसका सीधा प्रसारण ब्लॉक सहित सभी पंचायत सचिवालयों में हुआ। प्रखंड सभागार में संकल्प सप्ताह के लाइव प्रसारण कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी कुमार अविनाश प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार प्रधान सहायक सरयू बैगा प्रखंड नाजिर ब्रजेश कुमार, अलीम अंसारी पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी बीईईओ रामनरेश राम सहित पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया जेएसएलपीएस, एसएचजी की बड़ी संख्या में महिलाऐं मौजूद थी । आकांक्षी ब्लॉक को लेकर प्रखंड क्षेत्र में 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह मनाया जाएगा । कार्यक्रम के पहले दिन 3 अक्टूबर को संपूर्ण स्वास्थ्य संकल्प के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला 4 अक्टूबर को सुपोषित परिवार को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण मेला 5 अक्टूबर को स्वच्छता एवं संकल्प के तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता शिविर 6 अक्टूबर को पंचायत हाँल में कृषि महोत्सव 7 अक्टूबर को शिक्षा एक संकल्प के लिए सभी प्राथमिक व मध्य विद्यालय में शिक्षा शिविर 8 अक्टूबर को सभी पंचायतों में समृद्धि दिवस तथा कार्यक्रम के अंतिम दिन 9 अक्टूबर को ब्लॉक में संकल्प शपथ समावेश समारोह का आयोजन होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गोलीबारी में एक की मौत

**रांची।** शुक्रवार की देर रात रांची में गोलीबारी की घटना घटी। जिसमें एक युवक की मौत हो गयी,वहीं दूसरे युवक का रिम्स में इलाजरत है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो मामले की जांच कर रहे हैं। घटना रांची के लापुंग थाना क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि देर रात अज्ञात अपराधियों के द्वारा दो युवकों को गोली मार दी गई। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी है। फायरिंग की वारदात हुलसु गांव में हुई है। बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने राजेश और संदीप नामक दोनों युवक को गोली मारी है। दोनों आपस में दोस्त थे। गोलीबारी की घटना में राजेश की मौके पर ही मौत हो गई जबकि संदीप बुरी तरह से जख्मी हो गया। इस घटना के बाद संदीप को ग्रामीणों की सहायता से आनन-फानन में अस्पताल लाया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद लापुंग पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई है। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी के भी गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के द्वारा अंजाम दिया गया है।वहीं पुलिस को घटना स्थल से करीब एक दर्जन खोखा मिला है।

### रांची में विल्सन रोग से पीड़ित नौ वर्षीय बच्चे की बचाई जान

**रांची** : राज अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ रविश रंजन (गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजिस्ट) एवं डॉ. अविनाश कुमार दुबे (किडनी रोग विशेषज्ञ) ने प्लाज्मा थेरेपी के जरिए एक नौ वर्षीय बच्चे की जान बचाई। बच्चा चतरा जिले का रहने वाला है और लम्बे समय से इस बीमारी से पीड़ित था। डॉ. रविश रंजन ने बताया कि विल्सन रोग एक वंशानुगत स्थिति है, जिसके कारण शरीर में अतिरिक्त तांबा जमा हो जाता है। इससे लीवर काम करना बंद कर देता है। तांबे के जमा होने से गुर्दे, मस्तिष्क और आंखों को नुकसान होता है।

रांची एसएसपी की पहल

# बदमाशों के साथ पुलिस ने खिचवाया तस्वीर

परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र

**रांची।** चोर,बदमाश,हत्यारा,ठग, दुष्कर्मी,नक्सली, माफिया,तस्कर न जाने ऐसे कितने अपराधों में संलिप्त रहने वाले आरोपियों को पुलिस पकड़ती है। गिरफ्तार करती है और जेल भेजती है। लेकिन जेल भेजने से पहले पुलिस पत्रकारों के समक्ष उन आरोपियों को पेश करती है। साथ में पुलिस पदाधिकारी जो होते हैं वह सामने बैठे हुए होते हैं और इन अफसरों के पीछे काला कपड़ा से मुंह छिपाए हुए सीना ताने गिरफ्तार आरोपी खड़े हुए होते हैं। ऐसी तस्वीरें आपने कई बार संवाददाता सम्मेलन के दौरान देखी होगी। लेकिन संभवतः अब ऐसी तस्वीरें खासकर रांची में देखने को नहीं मिलेगी। तब तक जब तक रांची के एसएसपी चंदन सिन्हा



रहेंगे तब तक। इसकी शुरुआत एसएसपी चंदन सिन्हा ने 14 सितंबर 2023 को कांके थाना अंतर्गत ब्लॉक चौक पर अवधेश यादव को गोली मारी गई थी,जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गए थे। इस आरोप में करीब 12 लोग पकड़े गए थे। जिसमें मुख्य आरोपी चितरंजन की पत्नी, बेटा हर्ष सहित जो इस घटना से जुड़े हुए थे उन सभी को पुलिस पकड़ कर लाई जरूरत थी , लेकिन कपड़े से चेहरा ढंक कर सबको अलग से तस्वीर खींच कर उसे कोर्ट में पेश कर दिया था। इसके बाद सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने 25 सितंबर को पांच करोड़ के ठगी को सुखदेवनगर पंडरा ओपी से फरार आरोपी को राजस्थान उदयपुर सबिना थाना से गिरफ्तार कर जेल भेजा था,29 सितंबर को डेली मार्केट थाना क्षेत्र से 35 लाख लूट मामले में छह आरोपी को गिरफ्तार किया, 30 सितंबर को पंडरा ओपी से छह आरोपियों को गोली मारकर घायल करने के आरोप में जेल भेजा गया। लेकिन इन सभी आरोपियों के साथ किसी बड़े पुलिस पदाधिकारियों ने साथ में तस्वीर नहीं खिंचवाकर एक नया संदेश देने का काम किया है। हालांकि कई बार तो बड़े अपराधों में संलिप्त गिरफ्तार आरोपियों के साथ फोटो खिंचवाने के लिए भी धक्का मुक्की के भी नौबत देखे गए हैं।

# खतियान आधारित स्थानीयता है झारखंड का सपना, इसे हासिल करके रहेंगे : आजसू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी महाधिवेशन के दूसरे दिन आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो कहा कि खतियान आधारित स्थानीयता नीति झारखंड के मूलवासियों एवं आदिवासियों का सिर्फ एक मांग पत्र नहीं है। यह हमारे पूर्वजों का सपना है। जिसके लिए झारखंड की धरती ने बहुत कुर्बानियां दी है। यह आज के पीढ़ी का एक दृढ़ संकल्प भी है। हम इसके लिए वैधानिक ढांचों के अंतर्गत तब तक ईमानदारी से लड़ते रहेंगे जब तक इसे हासिल नहीं कर लेते। इसके लिए राज्य के हर युवाओं को यदि सर पर कफन बांधकर भी निकालना पड़े तो हम सभी निकलेंगे। सुदेश महतो स्व0 विनोद बिहारी महतो एवं शहीद निर्मल महतो के बलिदान को व्यर्थ नहीं होने देगा। पूर्वजों ने इसके लिए अपनी जाने दी हैं और अब इसे हासिल करना हमारी जिद है। राज्य के दलित अल्पसंख्यक एवं पिछड़े तथा आदिवासी हमारा साथ दें, हम खतियान आधारित स्थानीयता नीति देंगे। मौजूदा सरकार राज के मूलवासी



विशेषकर दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों के साथ षडयंत्र कर रही है। उन्हें धोखा दे रही है। सदन में सरकार कहती है कि कानूनी रूप से खतियान आधारित स्थानीयता नीति संभव नहीं है, लेकिन सड़कों पर बड़े-बड़े पोस्टर चिपकती है कि हमने राज्य के मूलवासी-आदिवासी को 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति दे दिया है। यह संयंत्र नहीं है तो क्या है। सरकार अपने नियोजन नीति से 1932 खतियान आधारित स्थानीयता नीति से जोड़कर नियुक्ति हेतु विज्ञापन क्यों नहीं निकलती है। इस कानूनी उलझनों को सुलझाना उनकी जिम्मेदारी है जो सरकार में बैठे हैं। लेकिन यह सरकार वास्तव में दलितों पिछड़ों आदिवासियों एवं अल्पसंख्यकों के प्रति ईमानदार नहीं है। यह षड्यंत्रकारी सरकार है। आजसू पार्टी यह संकल्प लेती है कि हम इन वर्गों को इनका अधिकार, शहीदों के सपनों के अनुसार दिलाना सुनिश्चित करेंगे। हम कानूनी दांव पेच से निपटेंगे - बस आपका आशीर्वाद सहयोग और ऊर्जा की ताकत मुझे मिले। आप निराश मत हुए। अपने सपनों को जिंदा रखें। हम इसे साकार करेंगे। इसे सच कर दिखाएंगे।

## एमएल ने अपनी पहली वाणिज्यिक कोयला खदान उत्पादन समझौते पर हस्ताक्षर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने अपनी पहली वाणिज्यिक कोयला खदान, उत्तरी ढाडू (पूर्वी भाग) के लिए कोयला खदान विकास और उत्पादन समझौते (सीएमडीपीए) पर हस्ताक्षर किए, जिसे एनएमएल ने वाणिज्यिक कोयला नीलामी दौर की 7वीं किश्त में जीता था। यह समझौता, नामांकित प्राधिकारी, कोयला मंत्रालय (एमओसी) और सीईओ, एनएमएल के माध्यम से भारत सरकार के बीच हस्ताक्षर किया गया।

कोयला सचिव, भारत सरकार, अमृत लाल मीना ने 29 सितंबर 2023 को एमओसी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित एक समारोह में सीईओ, एनएमएल, अनिमेष जैन को हस्ताक्षरित समझौता सौंपा। इस अवसर पर, कोयला सचिव ने एनएमएल को लातेहार जिला,झारखण्ड राज्य स्थित ब्लॉक जीतने के लिए बधाई दी। सीईओ, एनएमएल ने एमओसी को धन्यवाद दिया और खदान के शीघ्र संचालन का आश्वासन दिया।

एक वाणिज्यिक कोयला खदान जीतकर एनएमएल ने 100 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता तक पहुंचने के अपने लक्ष्य की ओर एक कदम आगे बढ़ा है। एनएमएल एनटीपीसी लिमिटेड की 100त्न पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है ।

# कस्तूरबा विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर एक अक्टूबर को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की पहल पर एक अक्टूबर को नामकुम के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। तमिलनाडु से आए प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जी लोगनाथन एवं उनकी टीम, आईएमए रांची, रानी चिल्ड्रेन अस्पताल तथा जिला प्रशासन के सहयोग से यह शिविर लगाया जायेगा।

इस स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों के जरिये निःशुल्क जांच करने के साथ जरूरतमंदों को दवा भी उपलब्ध कराया जायेगा। शिविर में



डॉ. जी. लोगनाथन, गैस्ट्रो और लीवर, डॉ. प्रभात कुमार कुंती, सिविल सर्जन, डॉ नीला मैथ्यू, चिकित्सा अधिकारी के साथ डॉ. राजेश कुमार और टीम, बाल रोग, डॉ. अभिषेक रामाधन, कान, नाक, गला, डॉ. अर्चना और टीम ओबीजीवाईएन, डॉ अनंत सिन्हा और टीम, प्लास्टिक सर्जन, डॉ. कृष्णा किंकर दास, ईएनटी, डॉ. रवि रौशन, डेंटल, डॉ देबरोती चट्टोराज, डेंटल सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

## कोई भी बच्चा किसी भी श्रेष्ठ स्थान को प्राप्त कर सकता है : बिन्देश्वर उरांव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर सलगी में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा संकुल के कुल 10 विद्यालयों के 30 भैया-बहनों ने भाग लिया। प्रथम स्थान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी, द्वितीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर चैनपुर, तृतीय स्थान रामकली देवी सरस्वती शिशु मंदिर पावरगंज लोहरदगा एवं चतुर्थ स्थान सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी विद्यालय को प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा बिन्देश्वर उरांव ने बच्चों से कहा कि कोई भी बच्चा चाहे गरीब हो या अमीर किसी भी श्रेष्ठ स्थान को प्राप्त कर सकते हैं। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाय बेचकर भी प्रधानमंत्री के पद पर काबिज हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रान्त शिक्षा प्रमुख सुभाष चन्द्र दुबे ने सम्बोधित करते हुए विद्यालय की उपलब्धता को सबके सामने रखा। इस मौके पर सलगी पंचायत मुखिया सुमित्रा कुमारी, निरीक्षक दीनबंधु सिंह, जगमोहन बड़ाइक, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लाल उपेन्द्र नाथ साहदेव, सचिव कृष्णा प्रजापति, प्रबंधन समिति के संरक्षक, कोषाध्यक्ष, सदस्य, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहर साहू समेत 10 विद्यालयों के आचार्य-आचार्या एवं अभिभावक उपस्थित थे।

## विवेकानन्द विद्या मंदिर में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत कई कार्यक्रम हुए आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शनिवार को भी विवेकानन्द विद्या मंदिर ने आजादी का अमृत महोत्सव समापन के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाये गए मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत कई कार्यक्रम कराया। इन कार्यक्रमों में अभय कुमार मिश्रा, डॉ. किरण द्विवेदी ( ऑब्जर्वर), श्री एस.पी. सिंह (प्रभारी प्राचार्य), अमिताभ लाहा (प्रभारी प्राचार्य), एकता मिश्रा (हेड मिस्ट्रेस), शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ



उपस्थित थे।

इसके तहत विद्यालय में विशेष सभा का आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ विद्यालय के बच्चों ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ प्रभात फेरी निकाला। प्रभात फेरी में छात्र-छात्राओं ने प्रादेशिक संगीत पर नृत्य किया।

प्रांतीय वाद्य मांदर के थाप पर गीत गाए। वीर शहीदों के प्रति सम्मान एवं लोगों को उनके बारे में अवगत कराने हेतु विभिन्न शहीदों (विशेषकर झारखण्ड के) चित्रों एवं जोश भरने वाले नारों ने प्रभात फेरी को आकर्षक बनाया। प्रांतीय संस्कृति की झलक दिखाने वाली झांकी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। देशप्रेम के साथ पारम्परिक वेशभूषा, नृत्य-संगीत को दर्शाते हुए प्रभात फेरी विद्यालय के सदस्यों छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहर्ष पूर्ण किया। विद्यालय के गणमान्य सदस्यों ने इस कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## श्री महावीर मंडल श्री दुर्गापूजा महोत्सव को लेकर हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : श्री महावीर मंडल राँची के द्वारा श्री दुर्गापूजा मोहत्सव 2023 को सफल बनाने के लिए सभी छेत्र के दुर्गापूजा समितियों के पदाधिकारियों , युवा दस्ता, औद्योगिक दुर्गापूजा समिति, ग्रामीण दुर्गापूजा समिति एवं सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के साथ अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्यरूप से श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू ,युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ,सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के अकील उर रहमान , जिला दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, औद्योगिक दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह एवं चैती दुर्गापूजा समिति के गोपाल पारीक, महावीर मंडल राँची के ललित ओझा एवं सामाजिक कार्यकर्ता रमेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में आए सभी अतिथियों एवं पूजा समिति के पदाधिकारियों का भव्य स्वागत माला पहनाकर अंगवस्त्र देकर एवं चुनड़ी ओढाकर किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री महावीर मंडल राँची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित , संचालन कैलाश केसरी एवं धन्यवाद ज्ञापन लंकेश सिंह ने की। बैठक में आए सभी पूजा समितियों ने अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया दिनांक25/10/2023 को सभी पूजा समितियों के द्वारा सामूहिक विषर्जन किया जाएगा।बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रतिनिधि मंडल जिला प्रशासन से मिलकर समस्याओ से अवगत कराएगा । बैठक में पूजा समितियों ने बताया कि श्री दुर्गापूजा मोहत्सव के दौरान जिला प्रशासन द्वारा पेयजल , बिजली व्यवस्था , ट्रैफिक व्यवस्था , पूजा पंडाल एवं मंदिरो से जुड़े जजर मार्गो को दुरुस्त करने एवं चलंत शौचालय की व्यवस्था जैसी समस्याओं को सामने रखा जाएगा । बैठक में मासूम गद्दी , हेम सिंह , राजेन्द्र सिंह , नकुल तिर्की , राहुल सिन्हा चंकी , बिपिन सिंह ,संजय सहाय सुमित , शेखर प्रसाद , जय प्रकाश वर्मा , विश्वजीत घोष , बलराम प्रसाद , सुमित साहू , शत्रुघन कुमार , सोनू ओझा , मंटू दुबे , रवि कुमार महतो , सूर्य कुमार पासवान सहित दर्जनों दुर्गापूजा समिति के छेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को मोरहाबादी स्थित बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि निर्धारित समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है। इसी को लेकर उपायुक्त ने निरीक्षण किया।

### पूर्व मंत्री जनार्दन नाथ का शोक सभा डोरंडा शिशु सदन में आयोजित की गई

**रांची।** श्री डोरंडा महावीर मंडल केंद्रीय समिति के द्वारा पूर्व मंत्री जनार्दन नाथ का शोक सभा डोरंडा शिशु सदन में आयोजित की गई । सभी ने उनके किए गए कार्यो की प्रशंसा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई । श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में बजरंग प्रसाद गुप्ता, राकेश पाल , बीके विजय, चंदन गुप्ता ,अमित गुप्ता, अलख निरंजन लाल , अंकित सिंह, गजेंद्र राम , रमेश राम, उमेश बर्मन, प्रभाती लाल, विजय, अनिल गुप्ता ,राजा नाग, दीनानाथ नाग ,रामलाल, विजय सुनील, विजय मनोज , नायक विक्की, सोनी ,शुभम वर्मा , अनिल, विजय ,सोना।

# ईसीएल मुख्यालय में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय में शनिवार को इस माह सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। सितंबर में ईसीएल मुख्यालय से एक अधिकारी तथा तीन कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों में प्रबंधक (सचिवालय) सनत कुमार मंडल एवं कर्मचारियों में कार्यालय अधीक्षक देवनाथ मुखर्जी, लेखापाल सुभाशीष परमानिक तथा चालक आफताब अहमद ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कार्यकाल के अनुभव को साझा




किया। मुख्यालय की भांति ईसीएल के क्षेत्रों में भी सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किए गए। कार्यक्रम में ईसीएल के निदेशक (वित्त) मो. अंजार आलम, निदेशक (कार्मिक) आहूति स्वाई ने सेवानिवृत होने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान को सराहा तथा उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

# मनीष को गोली मार कर घायल करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सुखदेवनगर (पंडरा ओपी) मनीष कुमार एलएन मिश्रा कॉलोनी थाना पंडरा ओपी जिला राँची के रहने वाले लड़के को अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार कर जख्मी कर दिया गया था। प्रासंगिक कांड के उदभेदन एवं गिरफ्तारी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक,रॉची के द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर,रॉची एवं पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली रॉची के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। तथा कांड के अनुसंधान के कम घटनास्थल के पास दो गोली का खोखा बरामद किया गया है। साथ ही साथ घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरा के अवलोकन के आधार पर अभी तक कुल 06 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा



रहा है। सभी अपराधकर्मी द्वारा अपना-अपना अपराध स्वीकार किया गया है। उक्त घटना बिटु पाण्डेय उर्फ सुजित उपाध्याय के द्वारा अपना वर्चस्व तथा क्षेत्र में अपना दहशत फैलाने के लिए अंजाम दिया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम एवं पता:** आकाश कुमार सोनी उर्फ सोनु , कुमार अनुराग , मनीष कुमार झा, विपिन कुमार सिंह , वरुण देव पिता, आशिष आनन्द सभी पंडरा निवासी को गिरफ्तार किया गया है।

**बरामद समानों की विवरणी** : घटनास्थल से प्राप्त दो गोली का खोखा,घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी एवं मोटरसाईकिल,

**छापामारी दल में शामिल:** पंडरा ओपी प्रभारी शिव नरायण तिवारी, पुअनि रमेश कुमार झा, पंडरा ओपी, सअनि सुधीर कुमार, पंडरा ओपी, सअनि बलेन्दर, तकनिकी शाखा, आरक्षी-3550, प्रवीण तिवारी, तकनिकी शाखा, आरक्षी-1546, शैलेश कुमार,आरक्षी-587, कृपा शंकर तिवारी, आरक्षी-341, अकरम खाँ एवं सशस्त्र बल।

## कोयला खदान विकास और उत्पादन समझौते पर हस्ताक्षर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) ने अपनी पहली वाणिज्यिक कोयला खदान, उत्तरी ढाडू (पूर्वी भाग) के लिए कोयला खदान विकास और उत्पादन समझौते (सीएमडीपीए) पर हस्ताक्षर किए, जिसे एनएमएल ने वाणिज्यिक कोयला नीलामी दौर की 7वीं किश्त में जीता था। यह समझौता, नामांकित प्राधिकारी, कोयला मंत्रालय (एमओसी) और सीईओ, एनएमएल के माध्यम से भारत सरकार के बीच हस्ताक्षर किया गया। कोयला सचिव अमृत लाल मीना ने एमओसी कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित एक समारोह में सीईओ, एनएमएल अनिमेष जैन को हस्ताक्षरित समझौता सौंपा। कोयला सचिव ने एनएमएल को लातेहार जिला स्थित ब्लॉक जीतने के लिए बधाई दी। एनएमएल सीईओ ने एमओसी को धन्यवाद दिया और




खदान के शीघ्र संचालन का आश्वासन दिया। एक वाणिज्यिक कोयला खदान जीतकर एनएमएल ने 100 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता तक पहुंचने के अपने लक्ष्य की ओर एक कदम आगे बढ़ा है। एनएमएल एनटीपीसी लिमिटेड की 100 प्रतिशत पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है ।

# विश्व रेबिज दिवस पर शहर में निकाली गई जागरूकता रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** सिविल सर्जन डॉ0 नागेश्वर मांझी द्वारा राष्ट्रीय रेबिज नियंत्रण कार्यक्रम के बारे मे जानकारी देते हुए रेबिज वायरस के लक्षण एवं बचाव से संबंधित जानकारी दी। विश्व स्वास्थ्य की थीम ÷सब एक है, सभी के लिए एक स्वास्थ्य÷ को बढावा देने के लिए जागरूकता रेली का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों से अपील की गई कि जंगली जानवर व कुत्तों के काटने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श ले व निःशुल्क रेबिज का टीका अवश्य लगावें । इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रजनी निलम टोप्पो, डीपीएम कानन बाला तिर्की, डीपीसी उदयन शर्मा, डीडीएम0 आई0डी0एस0पी0 विश्वमोहन प्रसाद, अस्पताल प्रबंधक अंतरा झा एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग उपस्थित थे। दिनांक 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2023 तक स्वा0 चि0 शि0 एवं प0 क0 मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ÷आयुष्मान भव÷ सेवा पखवाड़ा÷ आयोजित किया जा रहा है जो अत्योदय की अवधारणा से प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का प्रयास है।

प्रखण्ड स्तर पर प्रत्येक ष्ठाष्ट में एक आयुष्मान मेला 30 सितंबर 2023 (शनिवार) को संबंधित जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के सहयोग से किया गया। आयुष्मान मेला में रक्त दान शिविर (ब्लड डोनेशन कैम्प ), स्वास्थ्य संस्थानों के स्वच्छता एवं गतिविधि भी चलाई जाएगी साथ ही पूर्व से निर्धारित हेल्थ कैम्प की गतिविधियों का भी समावेश रहा।

आयुष्मान सभा- दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को ग्रामीण क्षेत्र केस भी गाँवों में VHSND द्वारा तथा शहरीवार्ड में MAS द्वारा आयुष्मान सभा में स्वास्थ्य जागरुकता संबंधी चर्चा, आयुष्मान के लाभ, अस्पताल तथा लाभुकों की सूची प्रदर्शन विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की जानकारी एवं उत्तम प्रदर्शन कर्ता को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

## खिजरी विधायक ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखण्ड के विभिन्न योजनाओं की शिलान्यास खिजरी विधान सभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप के करकमलों द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम हुलहुण्डू में सरना स्थल की घेराबंदी, ग्राम कोचबोंग में विधायक निधि से पी.सी.सी. पथ का निर्माण, ग्राम खरसीदाग में विधायक निधि से सरना स्थल के पास वेपर ब्लाक बिछाने का कार्य एवं ग्राम खरसीदाग में जे एसएलपीएस मद से बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन का निर्माण होना है। खिजरी विधानसभा में विधायक राजेश कच्छप के आने के बाद लगातार विकास की गंगा बहाने लगी है। चाहे कल्याण विभाग से हो चाहे ग्रामीण विकास विभाग से हो चाहे स्वास्थ्य विभाग से हो, चाहे पथ निर्माण विभाग से हो सभी विभागों से जनता के हित में कल्याणकारी योजनाएं की कार्य हो रही है। खिजरी विधायक राजेश कच्छप जनता के हर सुख दुख पर खड़े रहते हैं।

## संत माईकल + 2 स्कूल मूरी में स्वच्छता ही सेवा का अभियान चलाया गया



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत माईकल +2 स्कूल मूरी में शनिवार को स्वच्छता ही सेवा का अभियान चलाया गया। इस अभियान में पूरे विद्यालय की अच्छी तरह से सफाई की गयी। इस अभियान में विद्यालय के बच्चें,शिक्षकगण एवं प्रधानाचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने भी बढ़ -चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय में छात्र - छात्राओं टोलियों में बंटकर स्वेच्छा से कक्षाओं व विद्यालय मैदान में सफाई अभियान चलाया। कक्षाओं की खिड़कियों व मैदान की घास व कूड़ा साफ किया। बच्चों ने पुस्तकालय, कम्प्यूटर, लैब, प्रयोगशाला की भी सफाई की। इस मौके पर गंदगी को कूड़ेदान में डालने की शपथ ली।

## चान्हो अंचल कार्यालय में आश्रितों के बीच चेक का किया गया वितरण



**चान्हो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो अंचल कार्यालय में शनिवार को प्राकृतिक आपदा से जान गंवाने वाले तीन लोगों को चार /चार लाख का कुल 12 लाख रुपए का चेक अंचलाधिकारी संजीव कुमार विधायक प्रतिनिधि ओ मुखिया के द्वरा वितरण क्या गया।इस दौरान मोहम्मद इस्तेयाक ने बताया वर्तमान में राज्य सरकार लोगों के दर्द को समझ रही है मांडर विधायक के व्यक्तिगत प्रयास से आपदा पीड़ितों को कम समय मे राहत राशि दिया जा रहा है चेक लेने के बाद संतोष उराँव सुनीता देवी गौतम महतो ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का आभार प्रकट क्या इस दौरान नेपाल उरांव जुमन खान मोजिब अंसारी राजेश आदि मौजुद थे

## ठाकुर गांव चापा टोला में पशु चिकित्सा शिविर लगाया गया

**ठाकुर गांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठाकुर गांव के चापा टोला में आज दिनांक 30.09.2023 को कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड , झारखंड द्वारा भारत 75 भारत का अमृत महोत्सव के अंतर्गत कृभको द्वारा अंगीकृत ग्राम पंचायत गुरगाई के ग्राम मूड़लाटोली , जिला- रांची में पशु चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कृभको के सदस्य समिति डण्डिया गौलेची टोली फल सब्जी उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड के अध्यक्ष श्री कर्मा साहू जी , भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा0 बुधदेव नाग , श्री रंजन प्रसाद श्रीवास्तव ( प्रभैधिक सहायक) , केंद्र प्रभारी श्री सहरूदीन अंसारी एवम राकेश कुमार ,क्षेत्रिये प्रतिनिधी थे। क्षेत्रिये प्रतिनिधि द्वारा मुख्य अतिथि एवम किसान भाईयो का स्वागत किया गया इसके उपरांत भ्रमणशील पदाधिकारी द्वारा जानवर का देखभाल एवम अभी के समय में चल रहे बीमारी से बचने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में गाय , भैंस एवम बकरी से संबंधी बीमारी का दवाई निन्शुल्क वितरण किया गया। अंत में क्षेत्रिय प्रतिनिधि द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

## भाजपा की असली ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं : जैलेन्द्र कुमार

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बूथ सत्यापन अभियान के तहत शनिवार को भारतीय जनता पार्टी पतराहातू मंडल के बूथ अध्यक्षों की बैठक पतराहातू बाजार टांड़ में मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति की अध्यक्षता में की गई।बैठक में विशेष रूप से शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों ने भाग लिया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा रांची ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पतराहातू मंडल प्रवासी प्रभारी जैलेन्द्र कुमार शामिल हुए।बैठक का उद्देश्य बूथ अध्यक्षों एवं बूथ कमेटी का सत्यापन कार्य करना था।बैठक को संबोधित करते हुए जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि भाजपा संगठन की शक्ति के आधार पर चुनाव लड़ती है भाजपा की ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं।उनके प्रयास से ही लोकहित के कार्यों का प्रचार प्रसार होता है।यह अभियान काफी महत्वपूर्ण है।पूरे मंडल में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत किया जाएगा। 2024 में पुनः केंद्र और राज्य भाजपा की सरकार बनाना है।

## डीएवी बचरा में चलाया गया सफाई अभियान




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्वच्छता ही सेवा है के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के तहत स्कूल के शिक्षक और बच्चों ने स्कूल के आस पास के क्षेत्र में झाडू लगाकर सफाई अभियान चलाया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य राजीव रंजन झा ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा 15 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक देश भर में स्वच्छता ही सेवा है अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत सीसीएल के द्वारा पिपरवार एरिया में भी इस अभियान के तहत कई कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वही डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में स्वच्छता ही सेवा है अभियान के तहत कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है,जिसमें बच्चे और शिक्षक भी शामिल हो रहे हैं।

## स्वच्छता ही सेवा है पर दिलाई गई शपथ




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार महाविद्यालय कारो के प्रांगण में स्वच्छता ही सेवा विषय पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षको ने स्वच्छता विषय पर शपथ लेते हुए महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने तथा प्रतिदिन साफ सफाई पर ध्यान देने, और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ लिया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव बंसत नारायण महतो ने सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षको को स्वच्छता पर शपथ दिलाई।इस संबंध में उन्होंने कहा कि भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन में सभी को सहयोग करने की जरूरत है।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में हुई बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक में विद्यालय प्रबंध समिति,शिक्षक और अभिभावक शामिल हुए।बैठक में विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास,बौद्धिक विकास,हस्त लिखित क्षमता एवं सर्वांगीण विकास सहित पठन-पाठन से संबंधित बातों पर चर्चा की गई।बैठक के दौरान स्कूल में व्याप्त समस्या पर चर्चा की गई।इस दौरान अभिभावकों ने भी कई बातों को रखा,जबकि शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की।

## सेवानिवृत कामगारो को दी गई विदाई



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय ने किया।समारोह में पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना से सेवानिवृत हुए कुल सात कामगारों को भावभीनी विदाई दी गई।सेवानिवृत होने वाले कामगारो मे अब्दुल अंसारी,जगन्नाथ मिस्त्री, राजकुमार चौधरी,बिफा उरांव,सलीमुद्दीन अंसारी, धनेश्वर गोप,मेते राम का नाम शामिल है।

## दुर्गा पूजा समिति का हुआ गठन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के राय दुर्गा मंडप में ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक कि अध्यक्षता विष्णु साहू और संचालन राम अवतार गुप्ता ने किया।इस बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राय में दुर्गा पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक में पूजा को सफल बनाने के लिए दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष राजू गुप्ता,शंकर सिंह,सचिव रवि कुमार सोनी, उप सचिव अनिल साव,रवि कुमार महतो,कोषाध्यक्ष रवि गुप्ता,उप कोषाध्यक्ष रौशन कुमार गुप्ता,मुख्य संरक्षक विष्णु साहू,जगदीश सोनी, नागेश्वर महतो,रामअवतार गुप्ता,कृष्णदेव सिंह,अर्जुन केशरी,एतवारा महतो, आदित्य नायक,सुनील साहू, कार्यालय प्रभारी सुनील साहू,रामअवतार गुप्ता,पुजा प्रभारी अजय केशरी,लालेश्वर महतो लवली,सचिन सोनी, विजय प्रजापति,पंडाल प्रभारी आदित्य नायक,रंजीत केशरी,पारस चौहान,राजेश सोनी,राजेश केशरी,प्रदीप उराव,अनिल सिंह,राजेन्द्र सोनी,आशीष केशरी,मीडिया प्रभारी बॉबी सोनी,राजू गुप्ता को बनाया गया है।मौके पर केदार चौरसिया,धर्मेंद्र सोनी, नंदलाल महतो,छोटेलाल महतो,राजीव साहनी,शशि सिंह,विकास चौहान सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## मच्छरों का बढ़ा प्रकोप, करकट्टा-विश्रामपुर के लोग परेशान

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरसाती घांस और झाड़ियां से पटा खलारी के करकट्टा-विश्रामपुर में इनदिनों मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है. शाम होते ही मच्छरों का आतंक फैल जा रहा है.इस कारण बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है. इसके अलावा इस इलाको में जगह जगह फैली गंदगी, जल जमाव और बजबजाती खुली नालियां भी मच्छरों के पनपने की मुख्य कारण है. ऐसे में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से लोग मच्छर जनित रोगों की आशंका से चिंतीत हैं. खासकर डेंगू को लेकर लोग ज्यादा चिंतित हैं. हालांकि एनके एरिया के सेंट्रल रीजनल हॉस्पिटल डकरा के जांच रिपोर्ट अनुसार इस तरह के रोगी नहीं मिले हैं परंतु मलेरिया, वायरल की समस्याओं से पीड़ित रोगी मिले हैं. बाबजूद मच्छरों से निजात दिलाने के लिए जवाबदेह लोग चुप्पी साध्य बैठे हैं. क्षेत्र में फॉगिंग मशीन से मच्छर के प्रकोप से लोगों को निजात दिलाने की आज तक प्रयास नही किया गया और नाहीं मच्छर जनित रोगों की रोकथाम को लेकर आवश्यक कदम उठाए गए. जिसका परिणाम हुआ कि अगले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष मच्छरों की दर में काफी बढ़ोतरी देखा जा रहा है. जिसके कारण लोगों को नहीं दिन में चैन है और नहीं रात में है. इसका प्रकोप इतना बढ़ गया है कि किसी एक स्थान पर लोगों को बैठना मुश्किल हो जाता है. घर हो या बाहर हर जगह मच्छरों का आतंक बढ़ गया है.

## सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी अजय सिंह व राजेन्द्र भुइयां को दी गई विदाई

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुरनाडीह परियोजना एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत हुए दो कामगारों को विदाई दी गयी. परियोजना के बड़ा बाबू अजय सिंह व राजेन्द्र भुइयां को विदाई दी गई. इस मौके पर परियोजना के अधिकारी एवं सभी कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त कर्मियों को बुके व शाल देकर सम्मानित किया.साथ ही उन्हें उपहार भी दी गयी.मौके पर सभी कर्मचारियों ने अजय सिंह व राजेन्द्र भुइयां के साथ-साथ बिताए पल को साझा किया. सेवानिवृत्त सिंह व भुइयां ने भी अपने अनुभव को बताया.कार्मिक अधिकारी दीपक गिरी ने अजय सिंह व राजेन्द्र भुइयां को बेहतर कामगार बताते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की.इस मौके पर मनोज कुमार चौधरी, अभिमन्यु कुमार, अरुण कुमार, अनिल कुमार, नागेश्वर साव, धनेश्वर गंझू, राजेश्वर गंझू, राजेंद्र भुइयां, अनूप रजक, किरण देवी, हीरामणि उरांव, प्रीति कुमारी, लालमणि कुमारी, पुष्पा देवी आदि उपस्थित थे.

## करमा मिलन समारोह सह नृत्य प्रतिस्पर्धा कार्यक्रम सम्पन्न



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को मांडर स्थित संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज परिसर मांडर में धुम-धाम से करमा मिलन समारोह सह करमा थीम पर नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । कॉलेज के छात्र- छात्राओं द्वारा करमा थीम पर कई मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुरुवात कटचाचो पहान सोमे खलखो का विधिवत हाँथ धो कर और सम्मान स्वरूप सॉल ओढ़ा कर किया गया। कार्यक्रम में बेहतर नृत्य प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थाना आर्ट्स बारहवीं सेक्सन ए द्वितीय स्थान आर्ट्स बारहवीं सेक्सन बी और तृतीय पुरस्कार आर्ट्स गायरहवीं को जूरी कमिटी द्वारा चयन किया गया।विजेताओं को पुरस्कार हॉउस सुपीरियर सिस्टर सरोज और शिक्षक प्रतिनिधि अनिल खलखो के द्वारा दिया गया।मौके पर प्राचार्य सिस्टर निर्मल ज्योति कच्छप ने कहा कि आदिवासी समुदाय प्रकृति के संरक्षक होते हैं करमा पूजा इसका एक प्रमाण हैं इसके अतिरिक्त करमा पूजा भाई बहन के प्रेम को प्रदर्शित करता हैं।

## पिता के पारंपरिक सांस्कृतिक, बौद्धिक, रंगमंच, साहित्यिक रूप से समाज की परिकल्पना को साकार करना ही हमारा अंतिम लक्ष्य है : गुंजल इकिर मुंडा



**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ की धरती के पुत्र पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा की 12 वीं पुण्यतिथि स्व. डाक्टर रामदयाल मुंडा के पैतृक गांव दिउड़ी समाधी स्थल में मनाया गया। स्व. रामदयाल मुंडा के पुण्यतिथि के अवसर पर पांच परगना आदिवासी समाज के सदस्यों सहित कई अन्य समाज के लोगों पांच परगना आर्टिस्ट एसोसिएशन ने भाग लिया। तथा स्व. मुंडा के समाधी स्थल पर अगरबत्ती जलाकर तथा पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस दौरान सामुहिक रुप से दो मिनट का मौन भी रखा गया। साथ ही सामुहिक रुप से संकल्प लिया गया कि हमें उनके द्वारा बताए गए मार्गो पर चलकर शिक्षित और संगठित रहते हुए अपने संस्कृति और परंपरा को बचाएं रखना है। पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा के सुपुत्र गुंजल इकिर मुंडा ने ने अपने पिता को याद करते हुए कहा कि पिता के पारंपरिक,सांस्कृतिक, बौद्धिक,रंगमंच, साहित्यिक रुप से समाज को गढ़ने की परिकल्पना को साकार करना ही मेरा अंतिम लक्ष्य और जीवन का प्रमुख उद्देश्य है।इस मौके पर यदुगोपाल मुंडा, ललिन मुंडा,सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, पूर्णचंद्र मुण्डा, शिशुपाल पातर मुण्डा, लक्ष्मण मुंडा,हरि सिंह मुंडा, कृष्ण मुंडा,उदरकांत मुंडा,अमिता मुंडा, दमयंती मुंडा, आर्टिस्ट एसोसियन के सत्या नारायण मुंडा,आकाश मुंडा, रामा मुंडा, सत्या मुंडा, महावीर मुंडा,सोमा मुंडा, संजय मुंडा, दिवाकर स्वांसी, विकास प्रमाणिक, रतन मछुआ, स्माल सिंह, रंजित पुर्ती सहित सैकड़ों महिला पुरूष शामिल हुए।

## अध्यक्ष के पद से कैसर खान को हटाए जाने पर मुरहू में कांग्रेसियों ने किया विरोध

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष के पद से कैसर खान को हटाए जाने का मामला धीरे-धीरे जोर पकड़ते जा रहा है इसी के संदर्भ में मुरहु प्रखंड में कांग्रेसियों की एक बैठक संपन्न हुई जिसमे सभी कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे सभी ने एक स्वर में कहा की एक साजिश के तहत कैसर खान को अध्यक्ष पद से हटाया गया है जब तक उसी पद पर कैसर खान को नहीं बैठाया जाता है तब तक इसका पुर जोर विरोध पूरे खूंटी लोकसभा में होता रहेगा अगर जरुरत पड़ी तो सभी मुस्लिम कांग्रेसी कार्यकर्ता एकजुट होकर सामूहिक रुप से इस्तीफा देने के लिए तैयार है और इसका परिणाम आने वाला 2024 की लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा सभी ने कहा कि कांग्रेस में इस तरह से मुसलमानों का अवहेलना होते रहा तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व,राँची**

अति अल्पकालिन निविदा सूचना –14/2023–24

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,रॉची पूर्व रॉची ।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 6.10.2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 7.10.2023 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय 7.10.2023 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Day by Day operation, Maintenance and Smooth water supply in Government Residential Building of Doranda for the year 2023-24 Six months) Phase-II | 18.22625 | 36500.00 | 5000.00 | Six months |
| 2. | Day by Day Maintenance of Plumbing fixtures, Cleaning of toilet and bathroom, MLA flats Guest House and Jharkhand Vidhan Sabha Pool quarters and Operation of Pump at Project Building, Engineering building & MLA Residence for the year 2023-24 Six months) Phase-II | 24.98135 | 50000.00 | 5000.00 | Six months |
| 3. | Day by Day Operation Pump and Maintenance of Plumbing fixtures CP Fittings at Jharkhand High Court Campus for the year 2023-24 Six months) Phase-II | 23.10632 | 46300.00 | 5000.00 | Six months |

आवश्यक शर्तो के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची

PR 308103 Drinking Water and Sanitation(23-24).D



**जिला नीलाम पत्र शाखा, चतरा**
**आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला नीलाम पत्र शाखा, चतरा द्वारा निम्नलिखित बकायेदारों को नोटिस दिये जाने के बावजूद निर्धारित तिथि को न ही अपना पक्ष रखा गया और न ही बकाया राशि जमा किया गया। आदेश दिया जाता है कि वे अपने बकाया की सन्निहित राशि 30 दिनों के अंदर जमा करना सुनिश्चित करे, अन्यथा उनके विरूद्ध राशि वसूली की ''धारा 38'' के तहत् नियमानुसार वारंट निर्गत किया जायेगा। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी बकायेदारों की होगी। इस हेतु बकायेदारों का नाम एवं सन्निहित बकाया राशि निम्नाकित हैं।

| क्र0 सं0 | नाम/पता | बैंक/कार्यालय | वाद संख्या | राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **रजनीकांत कुमार सिंह,** पिता–सतेन्द्र नाथ सिंह झीकरीया, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 92/17–18 | 11,53,588 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 2 | **सुरेश सिंह,** पिता– चन्द्र पासवान डुमरीकला,हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 370/17–18 | 10,00,180 | नोटिस (अनुपस्थित) |
| 3 | **श्री निवास,** जयशंकर स्टोन क्रेसर झरझरी,घंघरी हंटरगंज, चतरा। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 180/17–18 | 28,55,912 | नोटिस (अनुपस्थित) |
| 4 | **सरयु कुमार भोक्ता,** पिता–प्रभु सिंह भोक्ता, कासडावर, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 125/17–18 | 7,38,309 | नोटिस (अनुपस्थित) |
| 5 | **सियाराम सिंह,** पिता– अर्जुन सिंह, बहेरा, हंटरगंज,चतरा। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 115/17–18 | 5,83,965 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 6 | **अनिल कुमार सिंह** पिता–बृजनन्दन सिंह गोखना, हंटरगंज,चतरा | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 114/17–18 | 33,98,061 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 7 | **संतोष कुमार सिंह** पिता– राजमोहन सिंह डुमरिया, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 135/17–18 | 6,39,813 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 8 | **राम रंजन व श्याम सुंदर वर्मा, श्री राम ट्रैक्टर,** पिता– वृदा सिंह एवं बिन्देश्वरी सिंह, वेहरा, हंटरगंज, चतरा। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 124/17–18 | 7,19,127 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 9 | **शैलेश कुमार,** पिता– सचिदानन्द सिंह डाटम, हंटरगंज | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 129/17–18 | 7,08,038 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 10 | **राजीव रौशन सिन्हा,** पिता–बलराम सिन्हा, सोहद, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 109/18–19 | 8,21,878 | नोटिस लेने से इनकार किया। |
| 11 | **चन्दन कुमार सिंह,** पिता–रामनरेश सिंह, बहेरा, हंटरगंज, चतरा। | बैंक ऑफ इंडिया,हंटरगंज | 137/17–18 | 13,23,587 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 12 | **श्री निवास,** जयशंकर कंस्ट्रकशन हंटरगंज, चतरा। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 320/17–18 | 30,86,335 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 13 | **अरविंद कुमार** सिंह,पिता–चितेश्वर सिंह,सोहाद,हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 333/17–18 | 8,31,786 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 14 | **उदय कुमार सिंह,** पिता– बृजनन्दन सिंह,गोखना, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, गोसाईडिह | 75/17–18 | 9,40,020 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 15 | **उदय कुमार सिंह,** पिता– बृजनन्दन सिंह,गोखना, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, गोसाईडिह | 228/18–19 | 9,55,205 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 16 | **अभय कुमार सिंह,** पिता–रामविजय सिंह, नागर, हंटरगंज | बैंक ऑफ इंडिया, गोसाईडिह | 376/17–18 | 9,58,736 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 17 | **मो0 अयाज,** नूर नगर, बंगाल टेन्ट, चतरा। | एस0बी0आई, बाजार शाखा, चतरा। | 1911/21–22 | 8,27,935 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 18 | **मो0 दानिश अनवर,** पिता– अनवर, नूर नगर, चतरा। | एस0बी0आई, बाजार शाखा, चतरा। | 1912/21–22 | 4,05,444 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 19 | **अमित कुमार,** पिता– अवधेश सिंह, अवल महल्ला चतरा। | एस0बी0आई, बाजार शाखा, चतरा। | 1907/21–22 | 2,91,843 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 20 | **नरेश कुमार केशरी,** पिता– शंकर प्रसाद केशरी, गुदरी बाजार चतरा। | एस0बी0आई, बाजार शाखा, चतरा। | 1913/21–22 | 1,95,527 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 21 | **मो0 मासूम,** पिता– अब्दुल समद, लाईन महल्ला, चतरा। | एस0बी0आई, बाजार शाखा, चतरा। | 1910/21–22 | 4,37,303 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 22 | **प्रेमनाथ दांगी,** पिता– बधु महतो, गिद्धौर, चतरा। | झारखंड ग्रामीण बैंक, गिद्धौर। | 07/17–18 | 9,81,913 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 23 | **मो0 वजीर,** पिता– मो0 अजर, लाइन महल्ला, चतरा। | कैनरा बैंक, चतरा। | 2002/23–24 | 12,66,778 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 24 | **श्रीमति रेणू देवी(अध्यक्ष)**पति–शैलेश कुमार सिंह, पता–जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **प्रियंका सिंह(सचिव)** पति–संदीप कुमार सिंह पता–जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **शोभा सिंह(कोषाध्यक्ष)** पति–विनोद सिंह, पता–पुरैनिया तालाब। **शिवम कुमार सिंह(नोडल पदाधिकारी)**पिता– श्री कौशल सिंह, पता–घुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा। | अखण्ड ज्योति सरस्वती स्वंय सहायता समूह।वाद सं0–1931/21-22 | 33,60,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 25 | **श्रीमति रेणू देवी(अध्यक्ष)** पति–शैलेश कुमार सिंह, पता– जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **प्रियंका सिंह(सचिव)** पति–संदीप कुमार सिंह पता–जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **शोभा सिंह(कोषाध्यक्ष)** पति–विनोद सिंह, पता–पुरैनिया तालाब। **शिवम कुमार सिंह(नोडल पदाधिकारी)** पिता– श्री कौशल सिंह, पता– घुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा। | अखंड ज्योति सरस्वती स्वंय सहायता समूह। वाद सं0–1937/21–22 | 18,48,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 26 | **श्रीमति रेणू देवी(अध्यक्ष)**पति–शैलेश कुमार सिंह, पता–जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **प्रियंका सिंह(सचिव)** पति–संदीप कुमार सिंह पता–जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **शोभा सिंह(कोषाध्यक्ष)** पति–विनोद सिंह, पता–पुरैनिया तालाब। **शिवम कुमार सिंह(नोडल पदाधिकारी)**पिता– श्री कौशल सिंह, पता–घुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | अखंड ज्योति सरस्वती स्वंय सहायता समूह।वाद सं0–1943/21–22 | 41,40,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 27 | **श्रीमति रेणू देवी(अध्यक्ष)** पति–शैलेश कुमार सिंह, पता– जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **प्रियंका सिंह(सचिव)** पति–संदीप कुमार सिंह पता–जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **शोभा सिंह(कोषाध्यक्ष)** पति–विनोद सिंह, पता–पुरैनिया तालाब। **शिवम कुमार सिंह(नोडल पदाधिकारी)** पिता– श्री कौशल सिंह, पता– घुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा। | अखंड ज्योति सरस्वती स्वंय सहायता समूह। वाद सं0–1972/21–22 | 26,52,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 28 | **उषा कुमारी (अध्यक्ष)**पति–शंकर साव **माधुरी कुमारी(सचिव)** पति–रंजीत कुमार **सुमन देवी(कोषाध्यक्ष)** पति–श्रीकांत कुमार **शिवम कुमार सिंह(नोडल पदाधिकारी)**पिता– श्री कौशल सिंह, पता– घुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा। | अखण्ड ज्योति निक्की स्वंय सहायता समूह।वाद सं0–1948/21–22 | 24,36,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 29 | **सुचिता देवी (अध्यक्ष)** पति–महेन्द कुमार **बसंती देवी (सचिव)** पति–श्री संतन भारती। **बबीता देवी, (कोषाध्यक्ष)** पति–राजेश महतो। **शिवम कुमार सिंह (नोडल पदाधिकारी)** पिता– श्री कौशल सिंह, पता– घुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा। | अखंड ज्योति सरस्वती स्वंय सहायता समूह। वाद सं0–1950/21–22 | 24,84,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |

PR 308055 District(23-24)D

उपायुक्त, चतरा।

## आईएसएल सीजन 2023-24 के लिए जेएफसी ने टाटा ग्लूको प्लस को बनाया पार्टनर

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर फुटबॉल क्लब (जेएफसी) बहुप्रतीक्षित इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीजन 2023-24 के लिए आधिकारिक एनर्जाइजिंग पार्टनर के रूप में टाटा ग्लूको प्लस के साथ अपने पार्टनरशिप की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं. यह रणनीतिक साझेदारी उपभोक्ता अनुभवों को बढ़ाने और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है. जमशेदपुर एफसी के लिए यह सहयोग टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के विश्वसनीय उत्पादों के प्रसिद्ध पोर्टफोलियो का लाभ उठाते हुए पूरे सीजन में फैंस और खिलाड़ियों को शीर्ष स्तर की ताजगी प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करता है. जमशेदपुर एफसी के सीईओ मुकुल चौधरी ने कहा, हम इस साझेदारी को बनाने और अपने फैंस को सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने से बहुत खुश हैं. यह यादगार सहयोग हमारे खिलाड़ियों और दोनों के लिए ऊर्जा और ताजगी के एक नए युग का प्रतिनिधित्व करता है. नॉरिशको बेवरेजेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, विक्रम ग्रोवर ने सहयोग के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हम जमशेदपुर एफसी के साथ साझेदारी करके और ऊर्जावान उत्कृष्टता की इस यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हैं.



## सोमाडीह स्कूल के छात्रों के प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित होने पर मुखिया ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम प्रखंड की पहाड़पुर पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सोमाडीह के एक छात्र गणेश सिंह नवोदय में एवं तीन छात्रों मथुर सिंह, उर्मिला सिंह एवं हरेन सिंह का एकलव्य विद्यालय में चयनित होने पर शनिवार को पहाड़पुर पंचायत के मुखिया अजब सिंह ने शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित। प्राथमिक विद्यालय सोमाडीह में कार्यरत प्रधानाध्यापक मंगल सिंह, सहायक शिक्षक देवेन सिंह एवं पारा शिक्षक अजित कुमार सिंह को सम्मानित करते हुए मुखिया अजब सिंह ने कहा कि मेरा भी छात्र जीवन इसी विद्यालय से प्रारंभ हुआ है। उन्होंने बताया कि सुदूरवर्ती इस विद्यालय के छात्रों नवोदय एवं एकलव्य जैसे प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण होकर पंचायत के नाम रौशन किया है। इस दौरान मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, ग्राम प्रधान अधर सिंह,अनुप सिंह, अमित महतो आदि लोग मौजूद थे।

## लोक अदालत में किया गया 15 मामलों का निष्पादन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा, रांची के निर्देशानुसार शनिवार को व्यवहार न्यायालय सरायकेला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सरायकेला द्वारा सितम्बर 2023 के लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में कुल 15 वादों का निष्पादन किया गया, जो बिजली एवं उत्पाद विभाग आदि से संबंधित मामले थे। साथ ही 104700 रुपए की प्राप्ति हुई।

## ओवर स्पीडींग व रॉंग साइड ड्राइविंग के विरुद्ध अपर उपायुक्त व जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया विशेष जांच अभियान

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण, सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा ओवर स्पीडिंग एवं रॉंग साइड ड्राइविंग के विरुद्ध अपर उपायुक्त सुबोध कुमार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी शंकर आचार्य शामद द्वारा गम्हरिया थाना क्षेत्र में विशेष जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के अनुपालन हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही बड़े वाहनों को ओवर स्पीडिंग एवं रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर नियम संगत कार्यवाही कर सुरक्षित ड्राइविंग करने, अवैध पार्किंग ना करने हेतू प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जेआरडीसीएल के पदाधिकारी, स्थानीय थाना प्रभारी तथा सड़क सुरक्षा टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे।



## पंचगछिया से मौदा तक बने सड़क की उच्च स्तरीय जांच की मांग, प्रेमेंद्र ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खरसावां के पंचगछिया से मौदा तक बने सड़क की सौंदर्यीकरण कार्य में अनियमिता लापरवाही व गुणवत्ताहीन को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा ने सड़क की उच्च स्तरीय जांच की मांग के लिए ग्रामीण विकास कार्य मंत्री आलमगीर आलम को ज्ञापन सौंपा है। पत्र में लिखा है कि खरसावां के बडामशाल रुरुंगलोहर हिंदुसाई मौदा असनतलिया बुडीतोपा गोपीडीह होते हुए जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग से जोड़ती है। खरसावां के मौदा से पंचगछिया तक सड़क का सौंदर्यीकरण का कार्य अभी बीते कुछ समय उपरांत ही समाप्त किया गया है। परंतु अभी तीन ही महीने बीते है उक्त सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। इस बाबत शिकायत सरायकेला प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को सूचित किया था। जिसपर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई।



## आधुनिक पावर ने राष्ट्रीय स्वच्छता पखवाड़ा के तहत चलाया सफाई अभियान

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला के पदमपुर स्थित बिजली बनाने वाली कंपनी आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड (एपीएनआरएल) ने केंद्र सरकार की मुहीम राष्ट्रीय स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से इस अभियान मे हिस्सा लेकर पदमपुर में सफाई की। इस अवसर पर कंपनी के लायज़निंग प्रमुख राजेश कुमार सिंह ने कहा कि सफाई को केवल एक दिन का अभियान ना मानकर इसे रोजाना की दिनचर्या में शामिल कर ही सफाई अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

# कोच्चि में जमशेदपुर एफसी का सामना केरला ब्लास्टर्स एफसी से आज

## ऋत्विक व अन्य खिलाड़ी फिट : स्कॉट कूपर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार, 1 अक्टूबर को कोच्चि में जमशेदपुर एफसी का सामना केरला ब्लास्टर्स एफसी से होगा. इसको लेकर आज जेएफसी के हेड कोच स्कॉट कूपर ने कहा कि सीजन शुरू होने से पहले ही जमशेदपुर एफसी की टीम में चोट की वजह से कुछ चिंताए देखी गई, पेटार स्लिस्कोविक लंबे समय के लिए बाहर हो गए और ऋत्विक दास को ईस्ट बंगाल के खिलाफ मैच से बाहर बैठना पड़ा. केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ ऋत्विक के लिए भी यही स्थिति थी, लेकिन स्कॉट कूपर ने कुछ सकारात्मक खबर दी है. उन्होंने कहा, हमारे पास उसके बारे में कुछ अच्छी खबर है, इसलिए वह जल्द ही वापस आएगा. इस खेल में नहीं, लेकिन वह वापसी करेगा। टीम के बाकी सदस्य केरला ब्लास्टर्स का सामना करने के लिए कोच्चि की यात्रा के लिए पूरी तरह से उपलब्ध थे. कोई अन्य चोट की चिंता नहीं है. बाकी सभी लोग फिट होंगे और हम तैयार हैं और हम मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं.

## इंटर स्कूल क्विज में डीबीएमएस विजेता व लोयोला बना उपविजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट द्वारा गोलमुरी क्लब में इंटर स्कूल क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लोयोला, डीबीएमएस, गुलमोहर और सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट के बच्चों ने भाग लिया। अध्यक्ष प्रेमा गोगना के कुशल मार्गदर्शन में क्विज़ का संचालन आरटीएन मनीष जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में रोटरी क्लब के गणमान्य डॉ. भरत, प्रतिम बनर्जी, अंजनी निधि, प्रमोद दुबे और संगीता झा आदि उपस्थित थे। डीबीएमएस के ऋषित और मृदुल अग्रवाल की टीम विजेता और लोयोला के ईशान वत्स और आर्यन मिश्रा की टीम उपविजेता बनी। विजेता और उपविजेता टीम को ट्राफियां और पदक देकर सम्मानित किया गया। ट्राफियां और पदक गोगना परिवार के अर्जुन, जिया और रयान द्वारा प्रायोजित था। इसे सफल बनाने में ऋषि पांडे, आरटीएन तामली, सुषमा और निकिता जैन आदि का भरपूर सहयोग रहा।

## कांग्रेस का भारत जोड़ो संवाद कार्यक्रम माईकल जॉन ऑडिटोरियम में आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष रईस रिजवी छब्बन ने प्रेस वार्ता कर बताया किया कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आगामी 1 अक्टूबर 2023 को सुबह 11.00 बजे माईकल जॉन ऑडिटोरियम, जमशेदपुर में भारत जोड़ो संवाद का आयोजन किया गया है। झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मंजूर अंसारी, झारखण्ड प्रदेश प्रभारी भारत यात्री उमेर खान,



सीएलपी लीडर सह मंत्री आलमगीर आलम, स्वस्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कांग्रेस पार्टी की सांसद गीता कोड़ा, पूर्व सीएम मधु कोड़ा, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति माथारू, अल्पसंख्यक आयोग के मेम्बर डॉक्टर तौसीफ, पूर्वी सिंहभूम प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, कार्यकरी नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, जिला उपाध्यक्ष बब्लू झा, हाजी फ़िरोज़ खान, आईडीएम, झारखंड प्रदेश प्रभारी और सभी शाखा के अध्यक्ष और पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। प्रेस वार्ता में रईस रिजवी छब्बन, धर्मेंद्र सोनकर, हाजी फ़िरोज़ खान, बब्लू झा, तस्लीमा मलिक, रियाजुद्दीन खान, सरवर आलम, तौहीद आलम ने संबोधन किया।

## यूपी संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारी हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गोलमुरी में जिला कांग्रेस कमेटी पूर्वी सिंहभूम के जिला महासचिव उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश संघ में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला के कांग्रेसी महेंद्र मिश्रा, संचालन वरुण प्रभात, और धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस नेता हरेंद्र मिश्रा द्वारा किया गया। कांग्रेसी नेता रियाजुद्दीन खान ने स्वागत भाषण दिया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी पूर्वी सिंहभूम के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में उदय कुमार सिंह ने कहा कि यूपी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अखिलेश कुमार दुबे और



उनकी टीम बधाई के पात्र हैं। उन्हें पूरी उम्मीद है कि सभी लोग मिलकर यूपी संघ के कार्यकाल को बेहतर बनाएंगे।

**इन्हें सम्मानित किया गया:** उत्तर प्रदेश संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अखिलेश कुमार दुबे, उपाध्यक्ष रवि कुमार दुबे, ओमकार नाथ सिंह, सहायक सचिव ललन प्रसाद राय, कोषाध्यक्ष गिरीश कुमार तिवारी, कार्यकारिणी सदस्यों में विनोद कुमार सिंह, तरुण कांत सिंह, उमाशंकर शर्मा आदि शामिल हैं। इसके साथ ही संघ के वरिष्ठ सदस्यों में जे बी सिंह, सी एस ओझा, उमराव सिंह भूपेंद्र सिंह, दयाशंकर पांडेय सहित अन्य समाजसेवी शामिल हैं।

## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरलडीह :** शनिवार को कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय नीमडीह में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला की ओर से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राधिकार के पीएलवी शुभंकर महतो ने छात्राओं को बाल विवाह कानून की जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह बच्चें के मानवाधिकारों का उल्लंघन है। यह बच्चे के स्वास्थ्य ओर कल्याण पर बेहद हानिकारक प्रभाव डालता है । इसके अतिरक्त पीएलवी ने कहा कि बाल विवाह कठोर कारावास के साथ दंण्डनीय अपराध है जो 2 वर्ष तक का हो सकता है या 1 लाख रुपये तक जुर्माना या दोनों हो सकता है। इस अवसर पर पुनम महतो, रिया रानी गोराय, नमिता माहिली, सिल्पा महतो, आदि थे।

## अदालत ने अपहरण मामले में 11 दोषियों को 7-7 साल की सुनाई सजा व लगाया जुर्माना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** कोर्ट में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत में शनिवार को धारा-364/34 भादवि के तहत 11 अपहरण करने वाले दोषियों को सात-सात साल की कठोर कारावास तथा पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। यह मामला सोनुवा थाना कांड संख्या 32/2013 18 नवंबर 2013 का है। इसमें चम्बरी सुरीन, पवन कुमार जामुदा, रामराय सुरीन, जय सिंह पुरती, सुरेन्द्र तियू, बागुन तियू, बागुन हेम्ब्रम, बागुन सुरीन, विश्वनाथ सुरीन, मानीलाल सुरीन एवं अमर नाथ हेम्ब्रम शामिल हैं। सभी दोषी सोनुवा थाना क्षेत्र के बोयकेड़ा गांव के निवासी हैं। इनके विरूद्ध मनोज तियू ने सोनुवा थाना में अपहरण करने का 19 सितंबर 2013 को मामला दर्ज कराया था। बताया गया कि मनोज तियू, महाबीर हेम्ब्रम और कैरा कोड़ा द्वारा सरकारी पैसा का गबन एवं गांव का हक मारने को लेकर बोयकेड़ा पंचयात भवन में ग्रामीण मुंडा चम्बरू सुरीन की अध्यक्षता में एक बैठक बुलायी गई थी। उसमें मनोज तियू, महाबीर हेम्ब्रम और कैरा कोड़ा भी शामिल हुए। अभियुक्तों द्वारा बैठक में ही इन तीनों को बंधक बनाकर मारपीट कर जंगल में फेंक दिया। रात्रि में होश आने पर महाबीर हेम्ब्रम और कैरा कोड़ा अपने-अपने घर आ गये, लेकिन मनोज तियू का कोई अता-पता नहीं चला था। इस संबंध में थाना में मामला दर्ज कराया गया था। अनुसंधान के क्रम में चाईबासा पुलिस द्वारा काण्ड का उद्भेदन करते हुए सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। सभी साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से संग्रह करते हुए न्यायालय में पेश किया गया उसके बाद अदालत में धारा 364 / 34 भदावी के तहत अपहरण करने वाले 11 दोषियों को 7/7 साल की सजा एवं 5/5हज़ार का जुर्माना की सजा सुनाई।

### ऑल इंडिया देवेंद्र मांझी मेमोरियल क्रिकेट प्रीमियर लीग अंडर 16 बॉयज टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट

## डीएमएसएफ सीकेपी व जोहर क्रिकेट क्लब रांची ने जीते अपने मैच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर भारत भवन के मिनी फुटबॉल स्टेडियम में ऑल इंडिया देवेंद्र मांझी मेमोरियल क्रिकेट प्रीमियर लीग अंडर 16 बॉयज टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज़ हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि नज़्म अंसारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई ने शिरकत की। अतिथियों ने मैच प्रारंभ होने से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों से 12 टीमों ने भाग लिया है। आज की शुरुआती मैच डीएमएसएफ सी के पी वर्सिज जमशेदपुर टाइगर के बीच खेला गया। जिसमें डीएमएसएफ सीकेपी की टीम ने 7




विकेट से जीत हासिल की, जिसमें मैन ऑफ द मैच मोहित कुमार को दी गई। वहीं दूसरी पाली में कबलू टोन दिल्ली वर्सेस जोहर क्रिकेट क्लब रांची के बीच खेली गई जिसमें जोहर क्रिकेट क्लब रांची ने दो विकेट से जीत हासिल की, जिसका मैन ऑफ द मैच आदित्य कुमार को दिया गया। मौके पर देवेंद्र मांझी स्पॉट फाउंडेशन के सचिव इकबाल खान, मोहम्मद जलाल ,साजिद अनवर, आबिद हुसैन, एमडी अशरफ, शाहनवाज अंसारी, मोहम्मद जावेद, फनटा, मोहम्मद मुमताज अंसारी, चुन्नू रहमान व काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

## यूसील के निवर्तमान महाप्रबंधक एसके शर्मा ने राकेश कुमार को सौंपा प्रभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** यूसील के निवर्तमान महाप्रबंधक एस के शर्मा (कार्मिक) की जिम्मेदारी आज से संभालेंगे राकेश कुमार। श्री शर्मा आज शनिवार को सेवानिवृत्त होने के बाद कम्पनी के उप महाप्रबंधक (कार्मिक) को कार्यालय में प्रभार सौप दिया। इधर नई जिम्मेदारी मिलने के बाद यूनियन नेताओं समेत आम से खास लोग उन्हें बधाई दे रहें है। इस बाबत यूरेनियम कामगार यूनियन के पूर्व महामंत्री राजा राम सिंह ,रमेश माझी, सुरजीत सिंह, आनंद महतो ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर स्वागत किया है तथा आशा वक्त की है यूनियन के बीच मधुर संबंध कायम रहेगा। जिसके बदौलत कम्पनी यूरेनियम उत्पादन व उत्पादकता के क्षेत्र पहले से ज्यादा आगे बढ़ेगा।



### यूसील में ग्रेजुएट ट्रेनिंग इंजीनियर से लेकर महाप्रबंधक तक सफर

बताते चले कि, यूसील के महाप्रबंधक राकेश कुमार की प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल तिलैया से हुई। 1998 में आईएसएम धनबाद से माइनिंग इंजीनियर में बीटेक की डिग्री लेने के बाद 1998 जुलाई में ग्रेजुएट ट्रेनिंग इंजीनियर के तौर पर यूसील की जादूगोड़ा माइंस में योगदान किया। 13 साल जादूगोड़ा माइंस में सेफ्टी ऑफिसर व उत्पादन मैनेजर व रेस्क्यू जिम्मेदारी निभाई। कंपनी कर्मियों के बीच जाकर उनकी पीड़ा को समझने व उसका यथा संभव समाधान की कला सबके बीच उन्हे लोकप्रिय बना दिया। इसके बाद उनका तबादल तुरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट में खान प्रबंधक के तौर योगदान दिया। इस बीच में एक्सएलआरआई जमशेदपुर से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बिजनेस मैनेजमेंट एमबीएकी डिग्री 2018 में की व फिर 2020 में केंद्रीय कार्मिक विभाग में उप महाप्रबंधक ( कार्मिक) में योगदान दिया। उसके बाद आज महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला।

## हल्दीपोखर में सेवादल कांग्रेस का संगठनात्मक सशक्तिकरण बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला कांग्रेस सेवादल महिला विंग पूर्वी सिंहभूम के मुख्य संगठक रीता शर्मा के आह्वान पर पोटका प्रखण्ड के हल्दीपोखर में सेवादल कांग्रेस का एक संगठनात्मक सशक्तिकरण बैठक का आयोजन शबाना परवीन के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष सफी अहमद खान एवं विशिष्ट अतिथि रीता शर्मा मुख्य संगठक सेवादल महिला विंग तथा आमंत्रित अतिथि सुरज मुण्डा उपाध्यक्ष मनरेगा विभाग शामिल हुए। सफी अहमद खान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिले के सभी 18 प्रखण्ड



कांग्रेस सेवादल का गठन नये सिरे से किया जाएगा। आज पोटका प्रखण्ड सेवादल कांग्रेस कमिटी के तहत महिला विंग में शबाना परवीन, सायरा खातुन, नुरी सुल्ताना, जामिया खातुन,आदि ने सदस्यता ग्रहण किया।

## सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति ने एसडीओ को सौंपा 20 सूत्री मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आगामी दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की दुर्गा पूजा कमेटियों की समस्याओं को लेकर पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां के नेतृत्व में धालभूम एसडीओ पीयूष सिन्हा से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें 20 सूत्री मांग पत्र सौंप कर पूजा के दौरान श्रद्धालुओं और



पूजा कमेटियों को होनेवाली समस्याओं के समाधान का आग्रह किया। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष दुलाल भुइयां ने एसडीओ को आश्वस्त करते हुए कहा कि पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति का एकमात्र उद्देश्य शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की दुर्गा पूजा कमेटियों की समस्याओं को जिला प्रशासन के पास रखकर उनके माकूल समाधान का प्रयास करना है, ताकि दुर्गोत्सव बिना किसी विवाद के हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जा सके। इसके लिए उन्होंने जादूगोड़ा और घाटशिला के विसर्जन घाटों की ओर ध्यान आकृष्ट करवाया। एसडीओ ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को सुनने के सुझाये गए बिंदुओं को विचारणीय बताते हुए उस दिशा में कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, वरीय उपाध्यक्ष शम्भू चौधरी, आशीष गुप्ता, निमाई मंडल, महासचिव ललन सिंह यादव, संयुक्त सचिव एस के शर्मा, कार्यालय सचिव कमल राम यादव, प्रेस प्रवक्ता गौतम ओझा, सहायक सचिव अनूप मिश्रा, सलाहकार त्रिभुवन यादव, उपाध्यक्ष मंजू साह, सचिव झरना पाल, बिरेन्द्र सिंह, बलदेव सिंह नेहरा, चेतन मुखी चौसा सहित अन्य उपस्थित थे।

## संपादकीय

# भारत की चैंपियन बेटियां

**सिफ्ट** कौर सामरा 50 मीटर राइफल की निशानेबाजी की नई एशियाई चैम्पियन बनी हैं, लेकिन वह विश्व चैम्पियन भी हैं, क्योंकि उन्होंने एक साथ विश्व रिकॉर्ड और एशियन रिकॉर्ड स्थापित कर स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने 469.6 अंक हासिल कर विश्व कीर्तिमान रचा है। 1986 में सोमा दत्ता ने इसी 3 पोजिशन में, सियोल एशियन खेलों में, रजत पदक जीता था, लिहाजा ऐसी कामयाबी वाली, सभी वर्गों में, वह भारत की प्रथम निशानेबाज हैं। सिफ्ट ने टीम स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया है। हांगझोउ एशियन खेलों का चौथा दिन, भारत के लिहाज से, बेहद खुशगवार रहा। पदकों की खूब बौछार हुई। सिफ्ट के अलावा ईशा सिंह, मनु भाकर, रिद्म सांगवान की तिकड़ी ने भी 25 मीटर पिस्टल की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। आशी सिंह, माणिनी सरीखी पदकवीर बेटियों का नाम भी विजेताओं की श्रेणी में रखा जाएगा। भारत की इन सामान्य-सी बेटियों ने आसमान छूकर 'मां भारती' को सम्मानित किया है और खुद को 'असाधारण' साबित किया है। एशियन खेल या राष्ट्रमंडल खेलों के मुकाबले हों अथवा विश्व चैंपियनशिप, ओलंपिक के मैदान हों, खेलों में प्रतिद्वंद्विता गला-काट होती है। एक-एक अंक के लिए जद्दोजहद की जाती है। भारत की बेटी सिफ्ट ने, 7.3 अंकों के फासले से, चीनी खिलाड़ी को मात देकर विश्व कीर्तिमान अपने नाम किया है। ब्रिटेन के नाम पुराने कीर्तिमान को पोंछ दिया है। यकीनन यह गगनचुंबी सफलता और उपलब्धि है। गौरतलब तो यह है कि फरीदकोट (पंजाब) के एक किसान घर और चावल का कारोबार करने वाले परिवार की बेटी सिफ्ट की प्राथमिकता निशानेबाजी नहीं थी। वह एमबीबीएस की छात्रा है। जाहिर है कि 'डॉक्टर साहिबा' बनने की राह पर हैं, लिहाजा सिफ्ट खुद को 'आकस्मिक निशानेबाज' मानती हैं। मेडिकल से मेडल तक की यात्रा 22 वर्षीय बेटी के लिए बड़ी असमंजस भरी रही होगी, लेकिन सिफ्ट ने माता-पिता की सलाह पर 'निशानेबाज' बनना तय किया। आज वह जिस मुकाम पर हैं, खुद इतिहास लिख रही हैं। 25 मीटर पिस्टल की रजत पदक विजेता ईशा सिंह को हरेक गोली की आवाज 'संगीत का सुर' लगती है। मनु भाकर एक विख्यात नाम है, लेकिन वह टोक्यो ओलंपिक समेत कुछ प्रतियोगिताओं में असफल रही थीं, लेकिन इस बार गले में 'पीला तमगा' पहन कर, ऊपर उठते 'तिरंगे' को देखते हुए, राष्ट्रगान सुनकर प्रसन्न होंगी। दरअसल खेल की दुनिया में ऐसी बेटियों का भी सार्वजनिक उल्लेख निरंतर किया जाना चाहिए, उन्हें सुर्खियों में छापा जाना चाहिए, वे हाशिए का चेहरा नहीं हैं, क्योंकि एक खिलाड़ी के तौर पर वे भी 'चैम्पियन' बनती हैं। आज मणिपुर के हालात पूरे देश के सामने हैं। रोशिबिना के मानस और मन में भी हिंसा और अशांति की अनगिनत छवियां अंकित रही होंगी, लेकिन वह वुशु खेल के फाइनल तक पहुंची। आप जब यह आलेख पढ़ रहे होंगे, तो एक और बेटी भारत के लिए कमोबेश रजत पदक जीत चुकी होगी! 2010 में संध्यारानी देवी की ऐसी सफलता के बाद रोशिबिना दूसरी महिला भारतीय खिलाड़ी हैं। विश्व चैम्पियन मुक्केबाज निकहत ज़रीन भी अपने भार-वर्ग में ताकतवर मुक्के बरसाती हुई क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। वह भी पदक की एक पुख्ता उम्मीद हैं। लड़कियों की हॉकी ने जिस तरह का खेल दिखाया है और सिंगापुर की टीम को 13-0 से कुचल दिया है, वे भी पदक की सशक्त उम्मीद हैं। सिफ्ट का निशानेबाजी के प्रति समर्पण देखा जा सकता है कि उन्होंने निशानेबाजी को पूरा वक्त देने के लिए 'डॉक्टरी' की पढ़ाई छोड़ दी है। अब वह 'बेचलर ऑफ फीजिकल एजुकेशन एंड स्पोट्र्स' की पढ़ाई गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर से कर रही हैं। यह फैसला उनका और माता-पिता का साझा फैसला है। बाद में सिफ्ट आईएएस बनना चाहती हैं, लेकिन फिलहाल वह निशानेबाजी को समर्पित हैं और कुछ विश्वस्तरीय जीत हासिल करना चाहती हैं। बहरहाल भारत में प्रतिभाओं का भंडार है, लेकिन सरकार सभी की पर्याप्त मदद करे और उन्हें पदक के मंच तक पहुंचाने में भूमिका अदा करे। शाबाश बेटियो! जिंदाबाद! भारत को अपना खेल ढांचा सुदृढ़ करने की जरूरत है। विकसित देशों की तुलना में भारत में खिलाडियों को बेहतर सुविधाएं नहीं मिल पाती हैं। प्रायः प्रशिक्षण में कमी के चलते भारतीय खिलाड़ी विश्व स्तर पर कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण पिछड़ जाते हैं। अगर भारतीय खिलाडियों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं मिल जाएं तो वे कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं और भारत का खेल प्रदर्शन भी सुधर जाएगा। वर्तमान केंद्र सरकार को इस मसले की ओर ध्यान देने की जरूरत है।

1986 में सोमा दत्ता ने इसी 3 पोजिशन में, सियोल एशियन खेलों में, रजत पदक जीता था, लिहाजा ऐसी कामयाबी वाली, सभी वर्गों में, वह भारत की प्रथम निशानेबाज हैं। सिफ्ट ने टीम स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया है। हांगझोउ एशियन खेलों का चौथा दिन, भारत के लिहाज से, बेहद खुशगवार रहा। पदकों की खूब बौछार हुई। सिफ्ट के अलावा ईशा सिंह, मनु भाकर, रिद्म सांगवान की तिकड़ी ने भी 25 मीटर पिस्टल की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। आशी सिंह, माणिनी सरीखी पदकवीर बेटियों का नाम भी विजेताओं की श्रेणी में रखा जाएगा। भारत की इन सामान्य-सी बेटियों ने आसमान छूकर 'मां भारती' को सम्मानित किया है और खुद को 'असाधारण' साबित किया है। एशियन खेल या राष्ट्रमंडल खेलों के मुकाबले हों अथवा विश्व चैंपियनशिप, ओलंपिक के मैदान हों, खेलों में प्रतिद्वंद्विता गला-काट होती है। एक-एक अंक के लिए जद्दोजहद की जाती है। भारत की बेटी सिफ्ट ने, 7.3 अंकों के फासले से, चीनी खिलाड़ी को मात देकर विश्व कीर्तिमान अपने नाम किया है। ब्रिटेन के नाम पुराने कीर्तिमान को पोंछ दिया है। यकीनन यह गगनचुंबी सफलता और उपलब्धि है। गौरतलब तो यह है कि फरीदकोट (पंजाब) के एक किसान घर और चावल का कारोबार करने वाले परिवार की बेटी सिफ्ट की प्राथमिकता निशानेबाजी नहीं थी।

## कुछ अलग

# दोहरा रवैया ठीक नहीं

**आतंकवादी** हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में जिस तरह से कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने बगैर किसी ठोस सबूत के भारत पर आरोप लगा दिया और उसके बाद अमेरिका ने जांच में सहयोग का राग अलाप कर भारत को परोक्ष नसीहत देने की कोशिश की, वह अंतरराष्ट्रीय हलकों में किसी से छुपा नहीं है। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से मंगलवार को दिए अपने भाषण में बड़ी बारीकी से उन सभी सवालों को संबोधित किया, जो इस सिलसिले में उठ रहे थे। उन्होंने मंच की सीमाओं का खयाल रखते हुए न केवल भारत का पक्ष स्पष्ट किया बल्कि अन्य देशों को भी उनकी सीमाओं का अहसास कराया। विदेश मंत्री ने साफ कहा कि अब वह दौर नहीं रहा जब कुछ देश मिलकर दुनिया का अजेंडा सेट करें। जयशंकर ने भले ही कनाडा या किसी अन्य देश का नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी बातों से साफ था कि वह किस ओर इशारा कर रहे हैं। फिर भी अगर किसी के मन में कोई संदेह रह गया हो तो न्यूयॉर्क में काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में हुई चर्चा के दौरान वह भी साफ हो गया। वहां उन्होंने साफ-साफ कहा कि कनाडा अगर कोई ठोस और सटीक सबूत देता है, तो भारत निश्चित रूप से उस पर विचार करेगा, लेकिन वहां पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से आतंकवादी और अलगाववादी गतिविधियां बढ़ी हैं, संगठित अपराध बढ़ा है, उससे जुड़ी भारत की चिंताओं का क्या? वहां भारतीय राजनयिकों को धमकियां दी जाती हैं, भारतीय कॉन्स्युलेट पर हमला होता है और उनके लिए जिम्मेदार तत्वों के बारे में पूरी सूचना मुहैया कराए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, उलटे उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हवाला दिया जाता है। ऐसी स्थिति कैसे मंजूर की जा सकती है? रही बात अमेरिका की तो हाल के वर्षों में उसके साथ भारत के द्विपक्षीय रिश्तों में जो करीबी आई है और जिस तरह से दोनों देशों में सामरिक भागीदारी बढ़ी है, उसका ध्यान रखना दोनों पक्षों के लिए जरूरी है। संभवतः इसी वजह से विदेश मंत्री जयशंकर इस पर अभी सार्वजनिक रूप से कुछ नहीं कह रहे। लेकिन जहां तक अकाउंटेबिलिटी पर जोर देने की बात है तो यह नियम सबके लिए होना चाहिए। और भारत के बारे में तो अभी सिर्फ आरोप है, वह भी ऐसा जिसका कोई ठोस आधार भी सामने नहीं आया है, जिस देश की सरकार ने आरोप लगाया है, वहां जांच तक पूरी नहीं हुई है, पर जिन देशों पर अन्य राष्ट्रों की संप्रभुता और सीमाओं का उल्लंघन करते हुए कार्रवाई करने के मामले ज्यादा ठोस रूप में सामने आ चुके हैं उन पर चुप्पी क्यों? क्या यह अजीब नहीं है कि जिम्मेदारी तय करने का यह जोश सिर्फ भारत के मामले में दिखाया जा रहा है? जयशंकर ने सही कहा कि आतंकवाद से जुड़े ऐसे मामलों पर आज भी कई देश दोहरा रवैया अपना रहे हैं, जो उचित नहीं।

## खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति ही उच्च खेल परिणामों के लिए की गई होती है

# प्रशिक्षक को सही प्रबंधन दो

भूपिंदर सिंह

विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। हमारे यहां खेल प्रशिक्षण के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पाया है, जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतनी समय अवधि खेल प्रशिक्षण को देकर ही खिलाड़ी अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाता है। हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का कोई भी प्रावधान अभी तक नहीं बन पाया है।

**आज** का अभिभावक खेलों में भी अपने बच्चों का कैरियर देख रहा है, क्योंकि खेल आज अपने आप में एक प्रोफैशन है। मानव द्वारा विज्ञान में बहुत प्रगति कर प्रौद्योगिकी व चिकित्सा के क्षेत्र में नए-नए सफल शोध कर जीवनशैली को काफी आसान व सुविधाजनक बना लिया है, मगर शिक्षण व प्रशिक्षण में शिक्षक व प्रशिक्षक की भूमिका का महत्व आज भी वही है जैसा हजारों साल पहले था। महाभारत में कृष्ण सारथी नहीं होते तो क्या अर्जुन भीष्म, कर्ण व अन्य अजेय महारथियों को हरा पाते। विश्व स्तर पर किसी खेल विशेष में सर्वश्रेष्ठ सिद्ध करने के लिए क्षमतावान प्रशिक्षक का होना बेहद जरूरी होता है। हमारे यहां खेल प्रशिक्षण के लिए वह वातावरण ही नहीं बन पाया है, जिसमें प्रशिक्षक खिलाड़ी से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट परिणाम दिला सके। खेल प्रशिक्षण दस साल से भी अधिक समय तक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इतनी समय अवधि खेल प्रशिक्षण को देकर ही खिलाड़ी अपने प्रदेश व देश को गौरव दिला पाता है। हिमाचल प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम का कोई भी प्रावधान अभी तक नहीं बन पाया है।



हिमाचल प्रदेश राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के प्रशिक्षकों को कभी विभिन्न विभागों की भर्तियों में ड्यूटी तो कभी मेलों व उत्सवों में हाजिरी भरनी पड़ती है। खेल प्रशिक्षक की नियुक्ति ही उच्च खेल परिणामों के लिए की गई होती है, मगर यहां पर प्रशिक्षकों को केवल मल्टीपर्पज कर्मचारी बना दिया गया है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर प्रशिक्षकों का कार्य उच्च खेल प्रशिक्षण से हट कर अपनी फिटनेस तथा सेना में भर्ती कराने तक सीमित हो गया है। हिमाचल प्रदेश के मेलों व उत्सवों में किसी और खेल का प्रशिक्षक किसी और ही खेल की प्ले फील्ड में नजर आता है। इसी तरह पुलिस आदि विभागों की भर्तियों में एथलेटिक्स प्रशिक्षकों की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां तो हर खेल के प्रशिक्षक को भेज दिया जाता है। नियमानुसार इन भर्तियों के लिए एथलेटिक्स प्रशिक्षक ही सक्षम है, क्योंकि इस टैस्ट में केवल एथलेटिक स्पर्धाओं को ही रखा गया है। ऐसे में एथलेटिक्स प्रशिक्षक की ड्यूटी तो समझ आती है, मगर वहां अन्य खेलों, जैसे कुश्ती, मुक्केबाजी, हैंडबाल व वॉलीबाल आदि के प्रशिक्षक का क्या औचित्य है, इस बात का उत्तर किसी के भी पास नहीं है। विभिन्न सरकारों ने खेल ढांचे में काफी तरक्की भी की है, मगर क्षमतावान प्रशिक्षकों की नियुक्ति के बारे में हिमाचल में अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया है। स्तरीय प्रशिक्षकों के बिना उत्कृष्ट प्रदर्शन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जो प्रशिक्षक खेल प्रशिक्षण से दूर रह कर मौज-मस्ती कर रहा है, वह तो खुश रहता होगा, मगर जो सच ही में प्रशिक्षण करवा रहा होगा, वह जब कई दिनों तक खेल मैदान से दूर रहेगा तो फिर कौन अभिभावक अपने बच्चे को बिना प्रशिक्षक के मैदान में भेजेगा। हद तो तब हो जाती है जब राज्य में चल रहे खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी भर्तियों में लगा दी जाती है और खेल छात्रावास में रह रहे खिलाडियों को भी खेल प्रशिक्षण से दूर कर दिया जाता रहा है।


क्या प्रतिभा खोज से चयनित इन अति प्रतिभाशाली खिलाडियों को प्रशिक्षक से कुछ समय के लिए ही सही, इस तरह प्रशिक्षण कार्यक्रम से दूर करना कहां तक उचित है? खेल छात्रावासों में नियुक्त प्रशिक्षकों की ड्यूटी खेल प्रशिक्षण के सिवा और कहीं भी नहीं होनी चाहिए। आजकल हर शिक्षित मां-बाप के दो और कई जगह तो एक ही बच्चा है, ऐसे में वह उसे उस क्षेत्र में उच्चतम शिखर तक ले जाना चाहता है जिसमें बच्चे की रुचि व उस क्षेत्र के लिए पर्याप्त प्रतिभा भी हो। आज का अभिभावक अपने बच्चों के कैरियर की खातिर ही सरकार की मुफ्त शिक्षा सुविधाओं को छोडक़र निजी क्षेत्र की महंगी, मगर अधिक गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहा है। आज लाखों प्रतिभाशाली विद्यार्थी निजी कोचिंग संस्थानों में डाक्टर व इंजीनियर बनने इसलिए जमा दो की परीक्षा से कई वर्ष पहले पहुंच रहे हैं। इसी तरह अब खेल क्षेत्र में भी हो रहा है। अभिभावक अपने बच्चों के लिए खेलों में भी कैरियर तलाश रहा है और इस सबके लिए अच्छी खेल सुविधाओं के साथ-साथ उच्च स्तरीय प्रशिक्षक भी लगातार कई वर्षों तक उसके बच्चों को मिलना चाहिए ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता बनने का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर सकें। इसलिए देश में निजी खेल अकादमियों का चलन भी बढ़ रहा है। गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी के विश्व स्तर के परिणाम सबके सामने हैं।

यह सब लगातार अच्छे प्रशिक्षण कार्यक्रम का ही नतीजा है। इस समय विभिन्न खेलों के लिए देश में निजी स्तर पर कई आकादमियां शुरू हो चुकी हैं। इन खेल अकादमियों को अधिकतर पूर्व ओलंपियन चला रहे हैं और यहां से अच्छे खेल परिणाम भी मिल रहे हैं। इन अकादमियों में जो विशेष है, वह यह है कि यहां उच्च क्षमता वाला प्रशिक्षक लगातार उपलब्ध है। हिमाचल प्रदेश के पास आज विभिन्न खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड तैयार हैं, वहां पर या तो प्रशिक्षक हैं ही नहीं और जहां हैं भी, वे या तो प्रशिक्षण से बेरुख हैं या उनमें अच्छे स्तर के खेल परिणाम दिलाने की क्षमता ही नहीं है। क्या हिमाचल सरकार पंजाब, गुजरात आदि राज्यों की तरह उत्कृष्ट खेल परिणाम दिलाने वाले बढिया प्रशिक्षकों को यहां लगातार कई वर्षों के लिए अनुबंधित कर प्रदेश के खिलाडियों को राज्य में ही प्रशिक्षण सुविधा दिला कर खेल प्रतिभा का पलायन रोक नहीं सकती है? इससे प्रदेश में खेल वातावरण बनेगा तो हर खेल प्रशिक्षक प्रेरित होकर चाहेगा कि उसके शिष्य भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इस सबके लिए खेल विभाग व जहां प्रशिक्षक प्रशिक्षण करवा रहा है, वहां उसे सही प्रबंधन देकर प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोडऩा होगा। तभी पहाड़ की संतानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के सही मौके मिलेंगे।

# पाकिस्तान से बातचीत का सवाल

श्रीनगर की जामिया मस्जिद के मीरवाइज सैयद उमर फारूक ने आग्रह किया है कि कश्मीर के मसले पर पाकिस्तान से बातचीत कर लेनी चाहिए। वे काफी लम्बे अरसे बाद 22 सितम्बर 2023 को मस्जिद में आए थे। वे इस मस्जिद से अपने भक्तों को प्राय: सम्बोधित करते रहते हैं और उन्हें दिशा निर्देश भी देते रहते हैं। मीर का अर्थ मुख्य होता है जिसे अंग्रेजी में चीफ भी कह सकते हैं। वाइज का अर्थ प्रचारक है। लेकिन यहां प्रचारक का अर्थ इस्लाम का प्रचारक है। मीरवाइज यानी इस्लाम का मुख्य प्रचारक। मीरवाइज मस्जिद में मुसलमान बच्चों को मजहब की शिक्षा भी देते हैं। लेकिन पिछले आठ नौ दशकों में उन्होंने कश्मीर की राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभानी शुरू कर दी है। 1931 में मुस्लिम कान्फ्रेंस की स्थापना में भी एक हाथ था। श्रीनगर में दो मीरवाइज हैं। एक तो जामिया मस्जिद के मीरवाइज हैं और दूसरे खानगाहे मौला के मीरवाइज हैं।

**शेख** मोहम्मद अब्दुल्ला को 1964 में जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर पाकिस्तान से गोलमेज कान्फ्रेंस करने के लिए पाकिस्तान भेजा था। इसकी चर्चा यथास्थान की जाएगी। अब श्रीनगर की जामिया मस्जिद के मीरवाइज सैयद उमर फारूक ने आग्रह किया है कि कश्मीर के मसले पर पाकिस्तान से बातचीत कर लेनी चाहिए। वे काफी लम्बे अरसे बाद 22 सितम्बर 2023 को मस्जिद में आए थे। वे इस मस्जिद से अपने भक्तों को प्रायः सम्बोधित करते रहते हैं और उन्हें दिशा निर्देश भी देते रहते हैं। मीर का अर्थ मुख्य होता है जिसे अंग्रेजी में चीफ भी कह सकते हैं। वाइज का अर्थ प्रचारक है। लेकिन यहां प्रचारक का अर्थ इस्लाम का प्रचारक है। मीरवाइज यानी इस्लाम का मुख्य प्रचारक। मीरवाइज मस्जिद में मुसलमान बच्चों को मजहब की शिक्षा भी देते हैं। लेकिन पिछले आठ नौ दशकों में उन्होंने कश्मीर की राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभानी शुरू कर दी है। 1931 में मुस्लिम कान्फ्रेंस की स्थापना में भी एक मीरवाइज का ही हाथ था। श्रीनगर में दो मीरवाइज हैं। एक तो जामिया मस्जिद के मीरवाइज हैं और दूसरे खानगाहे मौला के मीरवाइज हैं। उन्हें मीरवाइज हमदानी भी कहा जाता है। लेकिन इन दोनों मीरवाइजों के पूर्वज सैयद अली हमदानी हैं। हमदानी ईरान में तैमूरलंग के सताए हुए थे। उसी के डर से वे भागकर कश्मीर आ गए थे। लेकिन अब सैयद अली हमदानी की संतानें दो भागों में बंट चुकी हैं। एक जामिया मस्जिद में मीरवाइज है और दूसरा खानगाहे मौला में मीरवाइज है। इतना लम्बा कालखंड गुजर जाने के कारण, अब ये परस्पर विरोधी ही नहीं हैं, बल्कि कई बार इनके भक्त आपस में मारपीट भी करते हैं। ये दोनों मीरवाइज मुसलमानों की अशरफ/एटीएम श्रेणी से आते हैं। मुसलमानों की अशरफ या एटीएम श्रेणी में अरब, तुर्क व मुगल मंगोल मूल के मुसलमान आते हैं। कश्मीर विश्वविद्यालय में समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष रहे स्व. बशीर अहमद डाबला इन्हें मुस्लिम्ज ऑफ फारेन ओरिजन कहते हैं। कश्मीर में मुसलमानों का दूसरा बहुत बड़ा समूह डीएम या देसी मुसलमानों का है। ये स्थानीय लोग हैं जो पिछले छह सौ सालों में किन्हीं भी कारणों से अपनी विरासत छोड़ कर इस्लाम पंथ में चले गए थे। पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने यह बात कही भी थी। आजाद देसी मुसलमानों की जमात से ताल्लुक रखते हैं। अशरफ मुसलमान देसी मुसलमानों को अलजाफ/पसमांदा, अरजाल न जाने क्या क्या कहते हैं। कश्मीर घाटी में मीरवाइजों को एटीएम/अशरफ मूल के मुसलमानों का नेता भी माना जाता है। एटीएम और डीएम में प्रायः झगड़ा भी होता रहता है। कई बार तो झगड़ा जरूरत से ज्यादा भी बढ़ जाता है। कई दशक पहले झगड़ा उतना बढ़ गया था कि कश्मीर के देसी मुसलमानों ने स्वयं को शेर और मीरवाइज के अशरफ मुसलमानों को बकरा कहना शुरू कर दिया था। परोक्ष रूप से शेर-बकरा का यह झगड़ा किसी न किसी रूप में आज तक चला हुआ है। 1947 में जामिया मस्जिद के मीरवाइज मोहम्मद यूसुफ शाह भाग कर पाकिस्तान चले गए थे। पाकिस्तान सरकार ने उन्हें तथाकथित आजाद कश्मीर का राज्यपाल भी बनाए रखा। उस वक्त कश्मीर के देसी मुसलमानों ने आवाज भी उठाई थी कि अब मीरवाइज का पद किसी देसी मुसलमान को मिलना चाहिए। लेकिन यह पद आज तक परम्परागत ही चला आ रहा है। वर्तमान मीरवाइज सैयद उमर फारूक के पिता को आतंकवादियों ने गोली से उड़ा दिया था। वे वैसे तो आतंकवादियों की बोली ही बोलते थे, लेकिन बीच में उन्होंने पाकिस्तान द्वारा निर्धारित रास्ते से एक दो कदम अलग से चलने की कोशिश की थी, जिसका खमियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। उमर फारूक लम्बे अन्तराल के बाद 22 सितम्बर 2023 को जामा मस्जिद में अपने श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे थे। रिकार्ड के लिए वे अभी भी तथाकथित हुर्रियत कान्फ्रेंस के अध्यक्ष हैं। वहां उन्होंने कश्मीर की आजकल की राजनीति को लेकर भी सुझाव दिए। उनका मानना था कि कश्मीरी हिन्दू वापस कश्मीर में आ सकें, इसके लिए माहौल बनाना चाहिए। उनका कहना था कि कश्मीर को लेकर पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। ऐसा सुझाव पिछले दिनों फारूक अब्दुल्ला और उनके सुपुत्र उमर अब्दुल्ला भी दे चुके हैं। यहां तक कि पीडीपी की अध्यक्षा सैयदा महबूबा मुफ्ती भी यही बात कह चुकी हैं। इन लोगों का यह सुझाव सचमुच काम का है और ये लोग इसमें महत्वपूर्ण भूमिका भी निभा सकते हैं। जम्मू कश्मीर व लद्दाख का बहुत बड़ा हिस्सा पाकिस्तान ने बलपूर्वक अपने कब्जे में रखा हुआ है। उसको लेकर पाकिस्तान से तीन लड़ाइयां भी हो चुकी हैं। लेकिन उसके बावजूद जम्मू कश्मीर व लद्दाख का वह हिस्सा मुक्त नहीं करवाया जा सका। सभी मानते हैं कि लड़ाई की बजाय शान्ति से मसलों का हल होना चाहिए। यदि पाकिस्तान बलपूर्वक कब्जाए गए हिस्से शान्तिपूर्ण तरीके से छोड़ दे तो मसले का इससे बेहतर क्या हल हो सकता है? लड़ाई के मैदान में जाने की बजाय मेज पर बैठ कर पाकिस्तान से इस विषय पर बातचीत कर लेनी चाहिए कि वह प्रदेश के कब्जाए गए हिस्से पर कब्जा कब छोड़ेगा। लेकिन पाकिस्तान से बातचीत करने से पहले वार्ताकारों को स्वयं कम से कम दो तथ्य स्पष्ट होने चाहिए। पहला तो यह कि पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्से पर 1947 से कब्जा किया हुआ है। दूसरा यह कि पाकिस्तान से बातचीत करते समय एजेंडा क्या होना चाहिए। जहां तक पहले तथ्य का सवाल है, तो मीरवाइज, सैयदा महबूबा मुफ्ती, फारूक अब्दुल्ला व उमर अब्दुल्ला इतना तो जानते ही होंगे कि पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर और लद्दाख के कुछ हिस्सों पर कब्जा किया हुआ है। मीरवाइज के पितामह पाकिस्तान में जाकर तथाकथित आजाद कश्मीर के सदर हो गए थे। अब्दुल्ला और मुफ्ती प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। प्रदेश के मानचित्र से ही पता चल गया होगा कि पाकिस्तान ने कितना हिस्सा हड़पा हुआ है।



## दृष्टिकोण

# मेहमान आ रहे हैं!

**मैंने** अपने एक मित्र को फोन किया-'क्यों भाई क्या कर रहे हो?' मित्र ने बहुत अनमने मन से उत्तर दिया-'अरे यार, रेलवे स्टेशन जा रहा हूं, मेहमान आ रहे हैं।' मैंने हंसकर कहा-'क्यों मजाक कर रहे हैं, यह नई सदी में मेहमानों का क्या लफड़ा है? अब कौन मेहमान बनना पसंद करता है और मेजबान भी नहीं रहे।' मित्र ने जवाब दिया-'मजाक नहीं कर रहा, आज वाकई मेहमान आ रहे हैं और वह भी तीन दिनों के लिए।' मैंने उससे पूछा-'अब क्या करोगे तुम?' मित्र एक पल चुप्पी साध गए और फिर बोले-'अब जो भी होगा, हो जाएगा। मेहमान भी बहुत नजदीक के हैं। टाला भी नहीं जा सकता।' 'लेकिन यार, यह तीन दिनों का टाइम कैसे निकाल लाए। अब तो मेहमान एक टाइम का होता है। यह तीन दिन तक उनकी सेवा में लगे रहना तो बड़ा मुश्किल है। यह तो बताओ उनकी संख्या कितनी है।' मैंने पूछा तो वे बोले-'पूरे परिवार सहित चारों सदस्य आ रहे हैं।' मैंने कहा-'ठंड का वक्त है। रजाइयां तो है न घर में स्पेयर?' मित्र बोले-'नहीं हैं यार, लेकिन टैंट हाऊस से ले आया हूं।' 'और राशन-पानी?' मैंने पूछा। वे बोले-'वह तो चिंता की बात नहीं है। सैलरी परसों ही मिली है। पत्नी ने नाश्ते, लंच और डिनर का तीनों दिन का मैनू बना लिया है।' मैंने कहा-'भैया ध्यान रखना, अपने शहर में पर्यटन स्थल कई हैं। कहीं वे अपना प्रोग्राम न बदल दें। मेरा मतलब ठहरने की अवधि पांच दिनों में न बदल जाए।' मित्र ने बताया-'नहीं-नहीं, वह मैं दो दिनों में ही सलटा दूंगा ताकि तीसरे दिन तो वे खिसक ही लें। अच्छा, मैं बाद में बात करूंगा। गाड़ी का टाइम हो गया है, अभी थ्री व्हीलर लेकर निकलता हूं।' मैंने कहा-'आमीन, भगवान तुम्हारा हौसला बनाए रखे।' यह कहकर फोन काट दिया। फोन तो काट दिया, लेकिन मैं डर गया। मैंने पत्नी से कहा-'जल्दी एक कप चाय बनाओ। थोड़ा मन डिप्रेस सा हो गया है।' पलक झपकते पत्नी चाय बनाकर ले आई। मैंने कहा-'बैठो, सुनो वर्मा जी के मेहमान आ रहे हैं।' मेरी बात पर वह हंसी और बोली-'आने दो न। उनके तो आने भी चाहिए, बड़े इतराते फिरते हैं। अब पता चलेगा कि तीन दिन तक कैसे पराये आदमी को भुगतना पड़ता है। लेकिन आप डिप्रेस क्यों हो रहे हैं। यह तो खुशी की बात है कि मेहमान वर्मा जी के आ रहे हैं। हमारे तो आने से रहे।' मैंने कहा-'वह तुम्हारे भाई-भाभी तो कह रहे थे अगले मंथ बैंगलौर से आने की।' पत्नी के चेहरे की रंगत एक पल को बदली और वह बोली-'आरे वह तो घर के आदमी हैं। आ जाएं तो क्या फर्क पड़ता है और फिर वे अगले मंथ आएंगे। छोड़ो व्यर्थ की चिंता। चाय ठंडी हो रही है।' 'चाय क्या, मैं तो अभी से ठंडा हो रहा हूं। वर्मा जी ने बिस्तर टैंट हाऊस से मंगवाए हैं, अपने कैसे क्या रहेगा, क्योंकि सर्दी तो अगले मंथ में भी रहेगी और उन्हें सुलाना कहां है? मेरा मतलब अपने पास किराये के कुल दो कमरे हैं।

## देश दुनीया से

# कार्यवाहक सरकार से निपटता पाकिस्तान, सांविधानिक भूमिका भूली हुकूमत और हुकमरान

**कनेक्टिविटी** ने पाकिस्तान में, खासकर मुल्क के उन हिस्सों में बड़ी भूमिका निभाई है, जो कमोबेश कटे हुए थे। सात दशकों बाद अब कई इलाकों को धीरे-धीरे खोजा जा रहा है। सिंधु घाटी सभ्यता के इतिहास और विरासत पर हाल ही में एक रिपोर्ट आई है, जिसमें हड़प्पा के सींगों से लेकर शिव के रथ तक अमर उजाला के पाठकों के लिए दिलचस्प जानकारियां हैं। ये जानकारियां मोहनजो दारो और हड़प्पा में खोजी गई पुरानी मुहरों से संबंधित हैं। इनमें से कई मुहरों पर बैल को दर्शाया गया है। बैल एक ऐसा पशु है, जो इन प्राचीन मुहरों पर दिखने वाले कई अन्य पशुओं की तुलना में कई मुहरों पर पाया जाता है। इन प्राचीन घटनाओं को दर्ज करने वाले इतिहासकारों का कहना है कि एक मिथक के अनुसार, जब शिव त्रिपुरासुर से युद्ध करने वाले थे, तो जिस रथ पर वह सवार थे वह धंस गया, और न तो शिव और न ही ब्रह्मा उसे वापस खींच सके। देवताओं की निराशा को देखकर भगवान विष्णु एक बैल में बदल गए। उस बैल ने शिव और ब्रह्मा को ले जा रहे रथ को अपनी सींगों से उठा लिया और एक शक्तिशाली गर्जना की। लेखक अरशद अवान का कहना है कि सिंधु घाटी सभ्यता की खोज के समय से मोहनजो दारो की तथाकथित आदिम शिव मुहर, जिसे पशुपति मुहर भी कहा जाता है, व्यापक बहस का विषय रही है। इन ऐतिहासिक विषयों से अलग, राजधानी इस्लामाबाद में मुल्क एक कार्यवाहक सरकार से निपटने की कोशिश कर रहा है, जो संविधान के अनुसार, तब गठित की जाती है, जब एक निर्वाचित सरकार का कार्यकाल खत्म हो जाता है और नए चुनाव का आह्वान किया जाता है। बांग्लादेश को छोड़कर मुझे नहीं लगता कि दक्षिण एशिया में कोई ऐसा देश है, जिसके संविधान में इस तरह की विवादास्पद जरूरत का प्रावधान हो। हालांकि कार्यवाहक सरकार की एकमात्र भूमिका स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित कराना है, लेकिन यहां की मौजूदा कार्यवाहक सरकार अपने सांविधानिक अधिकार से परे जाकर नीतिगत घोषणाएं कर रही है। इन दिनों मुल्क में मीडिया अपेक्षाकृत स्वतंत्र है, हालांकि सुरक्षा प्रतिष्ठान पर टिप्पणी करने के मामले में स्व-प्रतिबंध जारी है। सोशल मीडिया ही वह जगह है, जहां सुरक्षा प्रतिष्ठान पर टिप्पणी की जाती है या उसका विश्लेषण किया जाता है, लेकिन अब उस पर भी निगरानी रखी जा रही है और हर दिन सरकार ट्विटर (अब एक्स) से उस व्यक्ति की शिकायत करती है, जिसने मुल्क के कानून का उल्लंघन किया है। मेरे साथ ऐसा कई बार हुआ है, जब ट्विटर ने मुझे ई-मेल से सरकार की शिकायत के बारे में बताया है। आखिरी शिकायत एक ट्वीट से संबंधित थी, जिसमें वजीरिस्तान के उन बच्चों की तस्वीर थी, जो सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ लगाई गई बारूदी सुरंग में घायल होकर अपंग हो गए थे। वहां इस बात का कोई संकेत नहीं है कि अब वह इलाका अपेक्षाकृत शांत है और आतंकवादी वहां से चले गए हैं। यदि लाल झंडा या कुछ अन्य संकेतक लगा दिए जाएं, तो हर कोई बारूदी सुरंग वाले क्षेत्र से दूर रहेगा। मुझे याद है कि जब सोवियत संघ ने अफगानिस्तान छोड़ा था, जिस पर उन्होंने वर्षों तक कब्जा जमाए रखा था, तो जाने से पहले उन्होंने संयुक्त राष्ट्र को उन इलाकों का नक्शा दिया था, जहां उन्होंने बारूदी सुरंग लगाई थी, ताकि कोई नागरिक हताहत न हो। स्वतंत्र मीडिया कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकड़ की सरकार के बारे में खुले तौर पर आलोचनात्मक रहा है, जो इस तथ्य से कतराते नहीं हैं कि उन्हें और उनके मंत्रिमंडल को सुरक्षा प्रतिष्ठान द्वारा नामित किया गया है। एक ही दिन में कई इंटरव्यू देने के साथ-साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले कक्कड़ के अलावा कोई दूसरा प्रधानमंत्री मीडिया के लिए उपलब्ध नहीं रहा है।

सिंधु घाटी सभ्यता के इतिहास और विरासत पर हाल ही में एक रिपोर्ट आई है, जिसमें हड़प्पा के सींगों से लेकर शिव के रथ तक अमर उजाला के पाठकों के लिए दिलचस्प जानकारियां हैं। ये जानकारियां मोहनजो दारो और हड़प्पा में खोजी गई पुरानी मुहरों से संबंधित हैं। इनमें से कई मुहरों पर बैल को दर्शाया गया है। बैल एक ऐसा पशु है, जो इन प्राचीन मुहरों पर दिखने वाले कई अन्य पशुओं की तुलना में कई मुहरों पर पाया जाता है। इन प्राचीन घटनाओं को दर्ज करने वाले इतिहासकारों का कहना है कि एक मिथक के अनुसार, जब शिव त्रिपुरासुर से युद्ध करने वाले थे, तो जिस रथ पर वह सवार थे वह धंस गया, और न तो शिव और न ही ब्रह्मा उसे वापस खींच सके। देवताओं की निराशा को देखकर भगवान विष्णु एक बैल में बदल गए। उस बैल ने शिव और ब्रह्मा को ले जा रहे रथ को अपनी सींगों से उठा लिया और एक शक्तिशाली गर्जना की।

संक्षिप्त खबरें

## स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन 32 वृद्ध लोगों का किया गया जांच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जहां 32 वृद्ध लोगों का जांच किया गया। जांच में हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर का निशुल्क जांच किया गया। एवं निशुल्क दवाई दी गई। जांच कर रहे डॉ. अनुप्रिया फार्मसिट अनिल कुमार एएनएम विमला कुमारी जिएनएम रिंकू कुमारी सहिया साथी सुचिता देवी एवं प्रखंड के दर्जनों सईया उपस्थित थी।

# सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : सत्यानन्द भोगता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** सूबे के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री श्री सत्यानन्द भोगता शनिवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत चतरा कॉलेज चतरा स्तिथ भवन में आयोजित कौशल भारत खुशहाल भारत सपोर्ट इंडिया डेवलपमेंट स्कूटी/बाइक वितरण समारोह का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया। मंत्री ने लाभुकों के बीच स्कूटी, मोटर साईकिल का वितरण किया। इसके उपरांत मंत्री ने सभी को बधाई व शुभकामनाएं दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महागठबंधन की यह सरकार गरीबों,मजदूरो सामाजिक स्तर पर पिछड़ों की सरकार है। हेमंत सरकार सरकारी योजनाओं को लाभ से लाभान्वित कराना हम सबका दायित्व है उन्हें दायित्वों को निर्वहन करने के लिए पूरे राज्य में इस तरह के कार्यक्रम किए जा रहे हैं ।ताकि जनता लाभान्वित हो सके। सरकार का मंसूबाह है कि हर एक ऐसे व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया जाए जिसके वो असल हकदार हैं। हमारी सरकार हरेक क्षेत्र में और समाज हित में बेहतर कार्य कर रही है। युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार उपलब्ध करा रही है। इस उदघाटन समारोह में राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव 20 सूत्री उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, मंत्री प्रतिनिधि, अजय राम, बीस सूत्री सदस्य अतीक मंसूरी, राजद प्रदेश सचिव चंद्रिका यादव के अतिरिक्त सैंकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# चोरी के सामग्री के साथ चार गिरफ्तार, जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** शहर में लगातार चोरी की घटना चोरों द्वारा अंजाम दिया जा रहा था सदर थाना पुलिस ने चोरी के स्टेपलाआईजर व बैटरी समेत चार चोर को गिरफ्तार कर पुलिस ने सफलता अर्जित की है।इस बाबत एसडीपीओ अविनाश कुमार ने मीडिया को जानकारी साझा करते हुए बताया की अंजलि कुमार पांडे व वहाजुल हक के द्वारा सदर थाना में दो अलग-अलग जगहों पर चोरी की घटना को लेकर आवेदन दिया गया था। आवेदन के आधार पर इसके विरुद्ध सदर थाना में कांड संख्या 315/23 धारा 379 व कांड संख्या 316/23 धारा 414 दर्ज कर पुलिस अनुसंधान जारी कर चोरों के सुराग लगाने के लिए तत्पर थी। इसी क्रम में एसपी राकेश रंजन के सख्त आदेश पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया उक्त टीम द्वारा रोहित कुमार,मोहम्मद आरिफ एवं सरदार व रितिक राणा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। अभियुक्तों के निशानदेही पर चोरी गई बैटरी व स्टेपलाआईजर बरामद भी कर लिया गया है। छापेमारी दल में सदर थाना प्रभारी शिव प्रकाश कुमार एसआई मनोज पाल, श्रीराम कुमार पंडि, एएसआई गौकरण कुमार एवं सदर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर जिले में संचालित दाल भात केंद्रों में टेबल कुर्सी समेत किया गया उत्तम व्यवस्था



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित दाल भात केंद्रों में गरीब व असहाय लोगों के लिए उपायुक्त अबु इमरान के पहल से टेबल कुर्सी की व्यवस्था की गई है। जिससे जो लोग दाल भात केंद्र में भोजन करने आए उन्हें ठंडा गर्मी बरसात समेत अन्य ऋतु में जमीन पर बैठकर भोजन करना ना पड़े। उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया कि दाल भात केंद्र में साफ सफाई व खाद्य पदार्थ एवं भोजन योग्य सामग्री के गुणवत्ता का हमेशा ध्यान रखेंगे और समय समय पर जिले में संचालित सभी केंद्रों का औचक निरीक्षण भी करेंगे। अगर निरीक्षण के क्रम में संचालक द्वारा गुणवत्ता में कमी की जाती है या साफ सफाई में कमी देखी जाती है तो अविलंब उसके ऊपर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

## स्वयंसेवी संस्था लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा किशोरियों को स्वास्थ जांच किया गया



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के स्थानीय स्वयंसेवी संस्था लोक प्रेरणा केंद्र के द्वारा संस्था के प्रखंड कार्यालय में किशोरियों को संपूर्ण स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन टेस्ट, बीपी टेस्ट, हाइट एंड वेट का चेक किया गया। कैंप में स्थानीय जांच घर अपोलो पैथोलॉजी सिमरिया द्वारा सैंपल टेस्ट लिया गया, तथा रिपोर्ट दिया गया। शिविर में डॉक्टर अंकिता खंडेलवाल द्वारा स्वास्थ्य जांच किया गया वहीं सहयोग एएनएम मारथा ने की। शिविर में कुल 95 किशोरियों का जांच किया गया तथा निःशुल्क दवाइयां दी गई ।स्वास्थ जांच शिविर में संस्था के सचिव मौसमी बाखला एवं अध्यक्ष अधीन महतो द्वारा मार्ग निर्देशन किया गया। शिविर संचालन में प्रतिमा, रानी, सरोज, सुचिता, रूपा, प्रगति, भूमिका, आरती, अनीता मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

# सीआरपीएफ ने सिकीदाग के कई गांवों में मेरी माटी मेरा देश के तहत निकाली अमृत कलश यात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुन्दा :** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शनिवार को अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सीआरपीएफ के कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर सहायक कमांडेंट चौधरी कलीम उल्ला के नेतृत्व में देश के वीर वीरांगनाओं, वीर शहीदों के सम्मान में सिकीदाग पंचायत के मदारपुर, पिंजनी, खपिया, मदारपुर, मेघरनिया, लुकुईया, बुटकुईया आदि गांवों में बड़े, बुजुर्ग, बच्चे व महिलाओं बड़ी संख्या में एकत्रित होकर मेरी माटी मेरा देश के तहत रैली निकाली गई। अमृत कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें मुख्य रूप से सिकीदाग मुखिया अनिता देवी, समाजसेवी अखिलेश प्रसाद यादव उपस्थित रहें। वही उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भौरुडीह के बच्चों व शिक्षको ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के सपनो को साकार करने को लेकर शपथ लिया। वही भक्ति गानों व भारत माता की जय व वन्दे मातरम के नारों के जयकार से सम्पूर्ण सिकीदाग गूंज उठा। शहीदों के सम्मान में बड़े, बच्चे, बुजुर्ग व महिलाओं ने सभी बढ़ चढ़कर भाग लिया और अमृत वाटिका के लिए मिट्टी एकत्रित किया।बतादें की शहीद वीरांगनाओं के सम्मान में नई दिल्ली में राष्ट्रीय वार मेमोरियल के पास एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। जिसे लेकर देश भर से मिट्टी एकत्रित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सीआरपीएफ के एसआई रविन्द्र यादव, सुरेंद्र पासवान, शिवनन्द यादव, विनोद कुमार, आरके पांडेय, दिनेश शर्मा, सुमित रंजन आलोक, विष्णु प्रसाद एवं सीआरपीएफ ई 190 बटालियन के समस्त जवान मौजूद रहे।

# गांधी इंटर महाविद्यालय लातेहार में सेवार्थ विद्यार्थी द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित गांधी इंटर महाविद्यालय लातेहार में शनिवार को सेवार्थ विद्यार्थी द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। आयोजन में प्राचार्य सह जिला प्रमुख दशरथ साहू ने रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला।और कहा कि रक्त दान महा दान रक्त दान करने से शरीर के स्वास्थ के मानसिक बिकास होता है। इसलिए हम सभी लोगों को रक्त दान करना चाहिए ताकि किसी की जिंदगी बचाई जा सके ।आगे उन्होंने लातेहार के सभी जिले वासियों को रक्त दान करने को कहा। कार्य शिविर को सफल बनाने के लिए संजय कुमार सिन्हा, पूनम कुमारी, चोनाटी बड़ा, अमित कुमार, Lt बिनय कुमार सिंह, lt शोएब अख्तर, डाटा एंट्री ऑपरेटर जुनैद अली, वाहन चालक सुरेंद्र बड़ाइक, का अहम योगदान दिया, शिविर में फूल कुमारी, विकेश उरांव, अरविंद उरांव, सुमीता कुमारी, नीतिश कुमार, साक्षी टोपनो, निरंजन उरांव, लक्ष्मी कुमारी, ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवार्थ विद्यार्थी के प्रांत सह प्रमुख कुमार नवनीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## प्रोजेक्ट वीरगाथा के अंतर्गत कस्तूरबा विद्यालय में करवाया गया कार्यक्रम बच्चीयों ने लिया भाग




**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शनिवार को प्रोजेक्ट वीरगाथा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वार्डन बिंदु पोद्दार की निगरानी में किया गया। कार्यक्रम को बेहतरीन तरीके से सफल शारीरिक शिक्षिका मंजू कुमारी ने किया। इस कार्यक्रम में अनेकों प्रकार की कलाकारी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के तहत कविता निबंध लेखन, स्लोगन, चित्रकला, वीर शहीदों की समृद्धि में गेटअप एवं विद्यालय के बच्चीयां द्वारा प्रभात फेरी के साथ झांकी भी प्रस्तुत किया गया ।मौके पर अकाउंटेड अमरजीत कुमार सिन्हा शिक्षक विनय कुमार दांगी टिंकू कुमार राहुल कुमार शिक्षिका किरण कुमारी अनुपम्मा कुमारी व अन्य शिक्षक शिक्षका एवं बच्चियां उपस्थित थी।

# उत्कृष्ट छात्राओं को मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** राज्य के लोकप्रिय मंत्री सत्यानन्द भोगता शनिवार को चतरा नगरपरिषद कार्यालय के सभागार में स्वच्छता ही सेवा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान मंत्री भोगता ने नगरपरिषद में कार्य कर रहे सभी सफाई कर्मियों और स्वच्छता पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर पुरस्कृत किया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, जिला मंत्री प्रतिनिधि चंद्रिका यादव, नगरपरिषद कार्यपालक पदाधिकारी बिनीता कुमारी, जिला बीस सूत्री सदस्य अतीक मंसूरी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मन्दूर साहू समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# स्वदेशी स्वावलंबी उद्यमिता सप्ताह कार्यक्रम संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार स्टेशन स्थित विधालय के तत्वावधान में शनिवार को वंदना सभा में मां सरस्वती, भारत माता एवं ओम के चित्र के समक्ष विद्यालय के सचिव विवेक कुमार गुप्ता एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। विद्यालय सचिव एवं प्रधानाचार्य के द्वारा कार्यक्रम करने का उद्देश्य भैया बहनों एवं विद्यालय परिवार को विस्तार से बताया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि हम सब अपने देश की बनी हुई वस्तुओं का उपयोग करें एवं स्वावलंबी बने। अपने आप को इतना क्षमता हासिल कर ले कि किसी बेरोजगार को हम नौकरी दें। वहीं विधालय सचिव ने कहा कि हम अपने देश में उद्यम कर रोजगार का सृजन करें एवं रोजगार प्राप्त करें। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य दीदी जी एवं भैया बहनों की भूमिका सराहनीय रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

# पोषण माह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत भवन के तत्वावधान में नावागढ़ पंचायत मुखिया प्रवेश उरांव के उपस्थिति में पोषण माह कार्यक्रम संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के उपरांत में गर्भवती महिलाओं को पोषण सामग्रियां देकर गोदभराई, तथा दुधमुंहे बच्चों को कटोरी गीलाश देकर मुंहजुठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर पंचायत के सभी सेविका बहनों ने मिलकर एक शानदार रंगोली और प्रदर्शनी के माध्यम से पोषण माह की आवश्यकता का प्रदर्शन किया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी शपथ लेने के बाद कार्यक्रम संपन्न की गई। इस अवसर पर जयश्री, शान्ती देवी, कालीमुनी देवी, सरिता देवी, घाघरी, मीरा गुप्ता, खुशबून खातून, रेखा देवी, लक्ष्मी देवी, पूर्णिमा देवी, एलएस सुपरवाइजर, मुखिया प्रवेश उराँव समेत ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहे।

## बूथ सत्यापन को लेकर हुई बैठक



**हेरहंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी हेरहंज मंडल कार्यालय में बूथ सत्यापन को लेकर एक आवश्यक बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने की। बैठक में बूथ कमिटी का सत्यापन हुआ। साथ ही 3 अक्टूबर को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगमन बालूमाथ में हो रहा है। इस पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में जिला से आये प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने सभी बूथ कमिटी का सत्यापन किया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन दिया। मौके पर जिला मंत्री संतोष यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, मंडल महामंत्री कन्हाई साहू, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन, जिला कार्यसमिति सदस्य जसमतिया कुंवर, महिला मोर्चा अध्यक्ष चिंतामणि देवी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश ठाकुर, देवनांदन प्रसाद, सभी बूथ के अध्यक्ष, सचिव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बन रहे पानी टंकी को माओवादियों ने रोका जाते जाते भाकपा नाम का पर्चा छोड़ा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत गांगपुर गांव में बन रहे पानी टंकी के कार्यरत कर्मियों के पास भाकपा मवादियों ने बीते शुक्रवार की रात हथियारबन्द नक्सलियो ने पहुंचा। और टंकी में काम करने वाले कर्मियो को काम बंद रखने को कहा। नक्सलियों ने ठीकेदार तथा मुंशी के बारे में कर्मियो से पूछ ताछ किया। इस घटना की जानकारी पाकर शनिवार की सुबह घटना स्थल पर थाना के थाना प्रभारी गुलाम सरवर गांगपुर पहुंचे । एवं कर्मियो से घटना के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने निर्भीक होकर कार्य करने की बात कर्मियों कहा।घटना के संबंध में बताया जाता है।कि गांगपुर के मांड़र पास पानी टंकी का काम किया जा रहा है। जिसमें उतरप्रदेश के कुछ कर्मी यही रहकर कार्य कर रहे हैं। शुक्रवार की रात लगभग 9:30 बजे खाना पीना खा कर सोने जा रहे थे।कि लगभग 15-20 की संख्या में हथियार से लैस लोग वहां पहुंच गए। और ठीकेदार तथा मुंशी के बारे में पूछ ताछ करने लगे काम बंद करने को कहा। हाथ से कर्मियो को मार पीट भी किया। ओर मोबाइल भी ले लिए। जाते समय भाकपा माओवादी के नाम से पर्चा छोड़ गए। पर्चा में ठीकेदारों को मनमानी बन्द करने की बात कही। घटना के बाद मजदूर यहां से चले गए हैं।

## फरेंदा निवासी हजारीबाग में सर्प दंश से मृत्यु

**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेराल पंचायत के फरेंदा ग्राम निवासी दशरथ लोहार पिता फोदा लोहार हजारीबाग में ही रह मजदूरी कर रहे थे। बीते शुक्रवार रात सर्प दंश से मृत्यु हो गई ग्रामीणों ने बताया कि रात में खाना खाकर बिस्तर लगा फर्स पर सो रहा था। रात 12 बजे अंधेरे में सांप डस लिया। कोई किसी को सर्प प्रजाति चिन्हित नहीं पाया आनन -फानन में किसी तरह उसे हॉस्पिटल लाया गया तब तक बहुत लेट हो गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जब इसकी सूचना परिजनों को मिली तो चीखने चिलाने लगे। परिजनों ने शनिवार को मृत शरीर को लाकर गांव में ही मिट्टी दे दिए हैं।

## जन वितरण प्रणाली की दुकान में राशन नहीं देने का मामला

# ग्रामीणों ने जिला समाहरणालय के समक्ष काटा बवाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** गरीबों का राशन देने के मामले में सरकार भले ही प्रतिबद्ध हो लेकिन धरातल पर कुछ और ही दिखाई पड़ता है। कुछ ऐसा ही मामला है हंटरगंज प्रखंड के कोबना पंचायत के कोनी गांव का। दरअसल इस गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि शांति महिला समूह के डीलर रेखा देवी के द्वारा अगस्त और जुलाई महीने का राशन नहीं दिया गया है और इतना ही नहीं प्रति कार्ड महज एक किलो अनाज देने की बात कहीं जा रही है।ग्रामीणों का जत्था आज जिला मुख्यालय पहुंचा और समाहरणालय गेट पर जिला आपूर्ति विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना है कि डीलर रेखा देवी के द्वारा चावल ,गेहूं, केरोसिन तेल और चीनी इत्यादि का वितरण नहीं किया जा रहा है और ग्रामीणों को यह धमकाया भी जा रहा है कि जिसके पास शिकायत करना हो कर दीजिए लेकिन अनाज प्रति कार्ड महज एक किलो ही मिलेगा। इसके विरोध में ग्रामीणों का जुलूस का जत्था आज आवेदन लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल थे। हालांकि कई घंटे इंतजार के बाद भी इन ग्रामीणों का उपायुक्त से मुलाकात नहीं हो पाया। इससे नाराज ग्रामीणों ने जिला समाहरणाय के गेट पर आपूर्ति विभाग के विरोध में जमकर बवाल काटा। ग्रामीण विनोद कुमार भुइंया ने बताया कि डीलर रेखा देवी के मनमाने के कारण पूरे गांव के लोग त्रस्त हैं। गरीबों का अनाज पर डाका डाला जा रहा है और बेखौफ होकर डीलर रेखा देवी कहती भी है कि जिसके पास शिकायत करना हो कर दीजिए लेकिन अनाज प्रति कार्ड एक किलो ही मिलेगा। इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।महिला सरिता देवी ने बताया कि जुलाई और अगस्त महीने का तो अनाज ही नहीं दिया गया है। इतना ही नहीं ग्रामीणों के शिकायत पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं किया गया। इससे परेशान होकर ग्रामीणों का जत्था आज समाहरणालय गेट पर पहुंचा और डीसी से अपनी शिकायत दर्ज करने की कोशिश की लेकिन डीसी से उनकी मुलाकात नहीं हो पाया। अब सवाल उठता है कि गरीबों के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा अनाज मुहैया कराया जा रहा है। अनाज पर आखिरकार डाका कौन डाल रहा है।

## संकल्प यात्रा को लेकर बालू व झाबर पंचायत में बैठक



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी संकल्प यात्रा एवं शौर्य दिवस को लेकर बालूमाथ भाजपा मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बालु पंचायत एवं झाबर पंचायत में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया।ज्ञात हो कि आगामी 3 अक्तूबर को बालूमाथ के जोगियाडिह मैदान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी का संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाना है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जनता को शामिल होने का निमंत्रण देने की बात कही। मौके पर रंजीत गुप्ता, सूरज साह, अखिलेश गंझू, अरविंद साव, विजय ठाकुर, स्वदेश प्रजापति, नागेंद्र, लाल देव गंझू, रघुनंदन सोनी, गजेंद्र, हिनाशु, देवकी नंदन तिवारी, जग्बादन तिवारी, कुलेश्वर प्रजापति, लक्ष्मण यादव, मकसूदन साहू, सुबोध सिंह, बैजनाथ यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## वज्रपात से महिला घायल, बाल बाल बचे बाकी लोग, घर में लगी आग

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर पंचायत के सरनाटोली में घर पर बैठी महिला फुलमती देवी पति रुपेश महली वज्रपात से घायल होकर घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने प्राथमिक उपचार के रूप में गोबर का लेप लगाकर बेहतर इलाज के लिए महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां डॉक्टर अमित खलखो द्वारा इलाज किया गया। ब्रजपात का झटका घर में खेल रही छः वर्षीय नंदनी कुमारी को भी लगी। जो खतरे से बाहर है। ब्रजपात से घायल होने की सूचना मिलने पर हिन्दू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल एवं भाजपा नेता जमुना प्रसाद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे एवं घायल महिला से मुलाकात कर स्वास्थ्य के संबंध मे जानकारी ली।

## संक्षिप्त खबरें

### बिपिन कुमार को रामेश्वर उरांव ने किया सम्मानित

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के सांढ़ गांव निवासी युवा शिक्षाविद व पॉलिटिकल साइंस स्कैनर पुस्तक के लेखक बिपिन कुमार को राज्य के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ.रामेश्वर उरांव ने शिक्षा के क्षेत्र में विगत वर्षों से उत्कृष्ट कार्य एवं लेखनी के लिए मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान बिपिन को प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पसावा) द्वारा हज़ारीबाग के टाउन हॉल में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान प्रदान किया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि युवा लेखक बिपिन को सम्मानित करने से हमारे एसोसिएशन की शोभा बढ़ी है। यह सम्मान बिपिन को कम उम्र में शिक्षक बन कर ग्रामीण विद्यार्थियों को शिक्षा व मार्गदर्शित करने हेतु दिया गया।बिपिन 24 वर्ष के उम्र मई 2021 में पॉलिटिकल साइंस स्कैनर नामक पांच पुस्तकों की रचना कर राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोर चुके हैं।

### गुलमोहर पब्लिक स्कूल को मिला सम्मान

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुलमोहर पब्लिक स्कूल विगत कई वर्षों से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के साथ सामाजिक कार्य में भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहा है। जिसे लेकर शनिवार को नगर भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने गुलमोहर पब्लिक स्कूल की प्राचार्य विद्या बख्शी सहित विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया।जिसका स्वागत नगर भवन में उपस्थित तमाम लोगों ने तालियो की गड़गड़ाहट के साथ किया। कार्यक्रम के दौरान विद्या बक्शी ने मंत्री रामेश्वर उरांव को विद्यालय के सेवा कार्यों से उन्हें रूबरू करवाया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विज्ञान वार्ता का आयोजन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में. विज्ञान वार्ता का आयोजन हुआ द्यकार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विशालनाथ पांडे ,कृषि विज्ञान केंद्र ,गोरिया करमा एवं आर के सिंह ,हेड ,कृषि विज्ञान केंद्र, हजारीबाग ने पूरे झारखंड प्रांत से आए हुए सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों के बाल वैज्ञानिकों का विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में मार्गदर्शन कियाद्य मौके पर विशालनाथ पांडे ने कहा- आप सभी अपने अंदर वैज्ञानिक सोच को विकसित करेंद्य विज्ञान के नए-नए आयाम का प्रतिदिन अध्ययन करें एवं खोज करने की प्रवृत्ति अपने अंदर विकसित करें द्यउन्होंने विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में बच्चों को अभी से अनुसंधान करने के लिए प्रेरित किया द्य आप सभी विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिदिन कुछ नया खोज करते रहेंद्य आप द्यइस प्रवृत्ति पर निरंतर आगे बढ़ते रहे द्यउन्होंने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी ।

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय को किया गया सम्मानित

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीते मई 2023 में प्रसिद्ध अंग्रेजी मैग्जीन द विक ने झारखंड के निजी विश्वविद्यालयों की सूची में आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग को टॉप पर स्थान दिया है। इसी क्रम में बीजेक बिजनेस सॉल्यूशंस की ओर से द क्लब मुंबई में आयोजित नेशनल बिजनेस एक्सिलेंस अवार्ड के दौरान आईसेक्ट विश्वविद्यालय को बेस्ट एजुकेशन सर्विसेज प्रोवाइडर अवार्ड से विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक व कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने खुशी जाहिर की और कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर अपने सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ता रहेगा। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनिष गोविंद ने कहा कि अवार्ड पाना वाकई सुखद है। उन्होंने कहा कि ये अवार्ड हमें अपने जिम्मेदारियों को मजबूती से विद्यार्थी हित आगे बढ़ाने का एहसास भी कराती है।

### दो अक्टूबर की तिरंगा यात्रा स्थगित

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला तैलिक समाज के महासचिव ओरिया निवासी नारायण साव की पत्नी धनेश्वरी देवी का निधन बीते 29 सितंबर शुक्रवार को हृदयाघात से हो गई। इस दुख की बेला में जिला तैलिक समाज द्वारा शनिवार को सिटी लाइफ जवाहर कॉम्प्लेक्स में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मंच संचालन महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रेणुका कुमारी ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दो अक्टूबर को पंच मंदिर से गांधी स्मारक तक के तिरंगा यात्रा को स्थगित किया गया है। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि जिनलोगो को व्यतिगत गांधी स्मारक में माल्यार्पण करना है वे दो अक्टूबर को 11 बजे गांधी स्मारक पहुंचकर माल्यार्पण कर सकते है।

### भाजपा जिला सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन

**हज़ारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पैराइज रिसोर्ट में शंखनाद अभियान के तहत भाजपा की जिला स्तरीय सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा, हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने की। इसमें भाजपा, झारखण्ड सोशल मीडिया संयोजक राहुल अवस्थी प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का संचालन आईटी सेल जिला प्रभारी मनीष पांडे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सोशल मीडिया प्रभारी शिवू महतो ने दिया। इस अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा और भाजपा, हज़ारीबाग का व्हाट्सप्प चैनल लांच किया गया। जनता से सीधा संवाद करने, जुड़ने और उन तक विकास कार्यों को पहुंचाने का यह अब एक और सीधा माध्यम बन गया है। लोग अपने मोबाइल से क्यूआर कोड स्कैन कर सीधा इन चैनलों से जुड़ सकते हैं।जयंत सिन्हा शंखनाद अभियान के तहत पूर्व में रांची व रामगढ़ में आयोजित की गयीं बैठकों में शामिल हुए थे। वे सदैव सोशल मीडिया को बढ़ावा देते रहते हैं।

### भाजपाइयों ने नए सीओ का किया स्वागत

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को भाजपाइयों ने बरही के नए सीओ रामनारायण खलखो का स्वागत बुके देकर किया। वहीं कहा की बरहीवासियो को आपसे बहुत उम्मीद है, की आपके नेतृत्व में अंचल कार्यालय के सभी कर्मी सही से कार्य करेंगे। स्वागत करने वालों में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा वरिष्ठ नेता शैलेन्द्र सिन्हा, एससी मोर्चा मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, भाजपा किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दिनेश साहू, उप मुखिया बरही पूर्वी मनोज उपाध्याय, दिलीप यादव, सचिन यादव, वीरेंद्र चंद्रवंशी आदि शामिल है।

### जलसा कार्यक्रम में शामिल हुए समाजसेवी

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड क्षेत्र के कोनहारा खुर्द में आयोजित जलसा कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी सह बरकट्ठा जिप सदस्य प्रतिनिधि सी के पाण्डेय,बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी, झुरझुरी मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार,आफताब आलम एवं अन्य ने फीता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। समाजसेवी सी.के पाण्डेय ने कार्यक्रम के माध्यम से कहा कि समाज से बुराई हटाने एवं देश की तरक्की के लिए हमें सौहार्द,प्रेम और त्याग के साथ रह के कार्य करना होगा।

### रूपेश पांडे की प्रतिमा जल्द होंगी स्थापित

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को नईटांड़ के ग्रामीणों ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर के नेतृत्व में बरही सीओ रामनारायण खालको को आवेदन दिया। आवेदन के माध्यम से बताया कि सदर विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा स्व. रूपेश पांडे की प्रतिमा दे दी गई है। उसके स्थापित के लिए स्थल की अनुमति की जरूरत है, वहीं उन्होंने बताया कि स्वर्गीय रूपेश पांडे की हत्या पिछले 6 फरवरी 2022 को दुलमाहा में सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक समूह के द्वारा कर दिया गया था, उसके बाद उसके निर्मम हत्या के विरोध में पूरे इलाके में जनता आंदोलन हो गई। जिसका आवाज विधानसभा, लोकसभा और राज्यसभा तक उठाई गई। यहां की जनता, स्थानीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि के समक्ष स्व. रूपेश पांडे की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए सार्वजनिक स्थल नईटांड मोड पर निर्णय लिया गया था।

### सहायक अभियंता से मिले जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के चतरो के ग्रामवासियों को बिजली से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं मुखिया विजय कुमार यादव के नेतृत्व में सहायक अभियंता बिजली विभाग चौपारण बरही से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया। बताया कि बरियट्ठा से चतरो शमशान घाट तक 11000 बिजली का तार जर्जर स्थिति में है एवं पांच बिजली का पोल टूट भी गया है जिससे चतरो में सही रूप से बिजली संचालित नहीं हो पा रही है। इस संबंध में जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं मुखिया विजय कुमार यादव ने सहायक अभियंता को अपने स्तर से जांच पड़ताल कर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की बात कही।

## ओबीसी मोर्चा का सम्मेलन, हक और हिस्सेदारी की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शनिवार को राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा द्वारा ओबीसी के हक और अधिकार के लिए हिस्सेदारी सम्मेलन का आयोजन वृंदावन होटल पैलेस सिंदूर हजारीबाग में हुआ । इस सम्मेलन के माध्यम से सरकार से मांग की गई की देश में जातीय जनगणना और ओबीसी को 52त्न के हिस्सेदारी दी जाए। इसके अलावे महिला आरक्षण बिल में लोकसभा, विधानसभा में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित करने, मंडल कमीशन की सभी अनुसंशाओ को लागू करने ,ओबीसी आरक्षण में असवैधानिक क्रिमिलेयर के प्रावधानों को खत्म करने की मांग सरकार से की गई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार, प्रदेश सचिव सुरेश ठाकुर,अजय कुमार,महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका कुमारी,राम जी यादव अध्यक्ष वाईबीएन यूनिवर्सिटी रांची और मुख्य वक्ता डॉ. ललन गुप्ता संयोजक सामाजिक न्याय मंच मुजफ्फरपुर बिहार थें।सम्मेलन में जिले के तमाम ओबीसी समुदाय के लोग शामिल हुए। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जितेश्वर प्रसाद मेहता ने दी।

## उपमुखिया संघ की बैठक में हुआ संगठन विस्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर प्रखंड स्थित रोला पंचायत सचिवालय में सदर प्रखंड के सभी उप मुखिया संघ की बैठक हुई ,जिसमें सुधा कुमारी उप मुखिया बैहरी पंचायत को सर्वसम्मति से सदर प्रखंड उप मुखिया संघ का संरक्षक बनाया गया, वहीं मेरु पंचायत के उप मुखिया मनोज कुमार को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बबीता कुमारी नगवा पंचायत उप मुखिया, सचिव बलराम कुमार हरहद पंचायत उप मुखिया, उपसचिव देवानंद कुमार करवेकला उप मुखिया,कोषाध्यक्ष अमनारी पंचायत उप मुखिया को बनाया गया, उपकोषाध्यक्ष प्रेम कुमारी भेलवारा पंचायत उप मुखिया एवं मीडिया प्रभारी प्रेम कुमार बड़ासी पंचायत उप मुखिया को बनाया गया है। चुनाव में सदर प्रखंड के अनेकों उप मुखिया समेत झारखंड प्रदेश समता दल सैनिक के अध्यक्ष राजूराम उपस्थित हुए ।

## पतरातू प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में किया गया वृक्षारोपण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पतरातू प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में शनिवार को प्रमुख प्रतिनिधि सह समाजसेवी सीताराम मुंडा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मनीष कुमार एवं कार्यक्रम पदाधिकारी रंजीत सिंह के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हम सभी को यह छोटा सा प्रयास करना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पांच पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

## युवा साथी झारखंड ने चयकला के साहिल को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** युवा साथी झारखंड ने शुक्रवार को चौपारण प्रखंड के चयकला निवासी मोहम्मद इमदाद उल्लाह उर्फ साहिल की हौसला अफजाई करते हुए सम्मानित किया। जिन्होंने बीते दिनों नदी में कूदकर ओबरा गांव की तीन बच्चियों को बराकर नदी में डूबने से बचाने का साहसपूर्ण कार्य किया था।

युवा साथी झारखंड के अध्यक्ष विकास सिंह अपने हाथों से इस साहसपूर्ण कृत्य के लिए 13 वर्षीय साहिल पुत्र मोहम्मद वाज उद्दीन नामक किशोर युवक को टी- शर्ट, मोमेंटो, अंगवस्त्र एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।विकास सिंह ने कहा कि साहिल ने जो साहस दिखा कर तीन बच्चियों की जिंदगी बचाई है वो भी बिना अपने जान की परवाह किए बगैर वो वाकई सराहनीय हैं।संजय मेहता ने बताया कि युवा साथी झारखंड ने उन्हें सम्मानित कर एक अच्छा काम किया हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि साहिल को 08 अक्टूबर को भी चौपारण के प्रखंड मैदान परिसर में सम्मानित किया जाएगा।साहिल ने बताया कि 26 सितंबर को मैं बराकर नदी मछली पकड़ने गया था। छह बच्चियां वहां नहा रही थी। इस दौरान सभी बच्ची डूबने लगी तो मैं उसे बचाने के लिये गहरे पानी में कूद पड़ा और तीन बच्चियों को सुरक्षित बचा लिया और तीन बच्ची गहरे पानी में चली गई ।

## सेवानिवृत्त शिक्षक को छात्रों समेत ग्रामीणों ने दी भावपूर्ण विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय रमुआ के प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार को सेवानिवृत होने पर शनिवार को विद्यालय परिवार के द्वारा समारोह आयोजित कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सेवानिवृत शिक्षक प्रमोद कुमार को बूके देकर तथा माला पहनाकर एवं शॉल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक प्रमोद कुमार तथा संचालन बीआरपी जालेश्वर प्रसाद ने किया। मौके पर उपस्थित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा की सेवा करने वाले कभी सेवानिवृत नहीं होते। मनुष्य को हमेशा जन सेवा में लगे रहकर कर्मशील रहना चाहिए।

## भाजपा पतरातू मंडल की बैठक हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** भाजपा पतरातू मंडल का बैठक कटिया पंचमंदिर पंचायत भवन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता पतरातू मंडल के अध्यक्ष राजाराम प्रजापति संचालन मंडल के महामंत्री पंकज कुमार सिंह के द्वारा कियाबीगया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा भाजपा द्वारा चलाया जा रहा बुथ सशक्तिकरण अभियान के निमित्त मंडल टु शक्ति केंद्र टू बूथ मेपिंग,मंडल पदाधिकारी के साथ बैठक और शक्ति केंद्र के संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष के साथ बैठक आला अधिकारियों के द्वारा लिया गया।

इस बैठक में मुख्य रूप से सभी बुथ अध्यक्षो व शक्ति केंद्र के संयोजकों के नाम मोबाइल नंबर जन्मतिथि का सत्यापन किया गया और कहा गया कि मेरा बुथ सबसे मजबूत बनाने हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है और आगमी चुनाव 2024 में भाजपा झारखंड राज्य एवं देश में बुथ जीतो चुनाव जीतो को सच कर दिखाएगा और राज्य और केंद्र में भाजपा की सरकार बनाएगी ।

## जामा मस्जिद घाटो के मामले को लेकर इंदिरा में आयोजित बैठक में जमा हुए 84 कमिटि के अंजुमन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** चुरचू प्रखंड अंतर्गत इंदिरा पंचायत में अल - जमीअतुल हाफिजिया परिसर में जामा मस्जिद घाटो की जो मस्जिद कंपनी प्रबंधन के द्वारा स्थानांतरित की जा रही है इसको लेकर एक समीक्षात्मक बैठक इंद्रा मदरसा के समीप आयोजित की गई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर शरीक हुए। 84 गांव की मरकजी कमेटी के अध्यक्ष डॉ सिराज अहमद ने बताया कि जामा मस्जिद घाटो को वेस्ट बोकारो घाटो कंपनी प्रबंधन के द्वारा स्थानांतरित करने का निर्णय लिया जा चुका है और कंपनी प्रबंधन द्वारा इसी मस्जिद को किसी अन्य जगह जो स्थानीय गांव और गांव के लोगों की सहमति के द्वारा निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि घाटों की जिस मस्जिद को स्थानांतरित किया जा रहा है उसमें एक मस्जिद मदरसा और मुसाफिरखाना जिसमें लगभग 40 कमरे बने हुए हैं को स्थानांतरित किया जाएगा इसी सिलसिले में इस अहम बैठक का आयोजन किया गया उन्होंने बताया कि घाटों कंपनी के आसपास के लगभग 84 गांव के अध्यक्ष सचिव और ग्रामीणों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है कि स्थानांतरित किए जाने वाली मस्जिद का नवनिर्माण इंदिरा पंचायत में कराया जाएगा जहां पर लगभग चार एकड़ की जमीन मौजूद भी है। जिसमें सभी की सहमति है मस्जिद निर्माण को लेकर इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित शहजादा अनवर ने कहा कि घाटों प्रबंधन को लोगों की भावनाओं को समझना होगा कहा कि यह एक अच्छी पहल कंपनी प्रबंधन के द्वारा है कि जब भी किसी चीज को हटाया जाता है तो उसके स्थान पर नई जगह उसका निर्माण कराया जाता है इसी के तहत जब 84 गांव के लोग यह निर्णय ले चुके हैं कि इस मस्जिद का निर्माण इंदिरा पंचायत में कराया जाए तो इसे कंपनी प्रबंधन को समझना होगा। यह लोगों के भावनाओं के साथ जुड़ी भी है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी लड़ाई संघर्षों से ही जीती जा सकती है। इस मामले को लेकर उन्होंने एसडीएम, उपायुक्त और घाटो प्रबंधन के साथ वार्ता करने की बात कही। उन्होंने इसको लेकर कहा कि जरूरत पड़ी तो इसे मंत्रालय और अल्पसंख्यक आयोग में भी इस बात को रखने का काम करेंगे क्योंकि यह लोगों के धार्मिक आस्था से जुड़ी हुई है। कंपनी प्रबंधन को जन भावनाओं का सम्मान देना होगा उन्होंने कंपनी प्रबंधन के द्वारा जनभावना के खिलाफ जाने पर वृहत पैमाने पर लोकतांत्रिक तरीके से जन आंदोलन करने की बात कही।

## ईद मिलाद उन नबी के मौके पर जलसे का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड के ग्राम बादम मस्जिद चौक में ईद मिलाद उन नबी के मौके पर जलसे का आयोजन किया गया। जलसे में बादम जामा मस्जिद के इमाम हाफिज रहमत उल्लाह ग्यावी, मुफ्ती अफजल हुसैन, मौलाना जहूर आलम कादरी, हाफिज मुनीर हुसैन ने जलसे को संबोधित किया। इस दौरान पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डाला गया। मुफ्ती अफजल हुसैन ने अपने संबोधन में कहा के पवित्र कुरान में ये लिखा है की पैगंबर मोहम्मद साहब सिर्फ मुसलमानो के लिए नही बल्कि पूरी इंसानियत के लिए रहमत हैं। कार्यक्रम के आखिर में मुल्क के तरक्की और शांति के दुआ की गई।

मौके पर मुख्य रूप से वली उल्लाह, जाहिद अकरम, मेहरूल हसन, हाजी अब्दुल मोतल्लीब, शारीक अशरफ, मोअज्जिन रियाज अहमद सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## शिलाडीह व बंडासिगां गांव के मुख्यमार्ग बरसात में तालाब में हुए तब्दील



**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत शिलाडीह के मुख्य मार्ग जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के चलते बरसात के कारण सडक़ पर घुटनों भर पानी जमा होने के चलते तालाब में तब्दील हो गया है.जिसके चलते सडक में ग्रामीणों को आवागमन करनें में घोर परेशानियों का सामना करना पड रहा है.बीच सडक पर पानी जमा होने के चलते जानवरों एवं बुजुर्ग व्यक्तियों के साथ-साथ स्कूली बच्चों व महिलाओं को आने-जाने में घोर परेशानियों कि सामना करना पड रहा है।आज स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधि सी.के पाण्डेय ने उक्त गड्ढेनुमा सडक़ का निरीक्षण कर कहा कि ग्रामीणों की असुविधाओं को देखते हुए.जल्द से जल्द सडक़ का निर्माण कार्य करवाने कि मांग उपायुक्त हजारीबाग से किया.मौके पर स्थानीय पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरि,सुरेश कुमार पाण्डेय,संतोष पाण्डेय, रिंकू माली आदि लोग शामिल थें।

## आयुष विभाग द्वारा प्रखण्ड स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन



**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी अंतगर्त राजकीय कन्या+2 उच्च विधालय में आयुष मंत्रालय विभाग हजारीबाग के द्वारा स्कूली बच्चों के बीच एक-एक टी शर्ट व टोपी कुल 250 टी शर्ट एवं 250 टॉपी व 250 मोमेंटो का वितरण बच्चों के बीच किया गया.कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,राजकीय कन्या+2उच्च विधालय के प्रधानाचार्य छत्रु प्रसाद एवं डा0गजाला प्रवीण ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया.कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा बच्चों को नित्य दिन योग करनें से शाररिक लाभ के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया.एवं बच्चों को विधालय प्रांगण में भुजंगासन,भद्रासन,सूर्य नमस्कार,अष्टांग नमस्कार,प्रार्थना मुद्रा आदि योग क्रियाओं कि प्रतियोगिता बच्चों के बीच किया गया.जिसमें कार्यक्रम में मुख्य रूप से

### बरही प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति की बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

## कूप निर्माण कार्य में लाभुकों से कमीशन मांगने की मिल रही है शिकायत : उप प्रमुख



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड मुख्यालय सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की मासिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा ने किया। बैठक में बिजली विभाग, फॉरेस्ट विभाग, पेयजल विभाग के कोई भी पदाधिकारी नहीं उपस्थित हुए उसपर नाराजगी जताते हुवे कहा की उपस्थित नहीं होने का कारण बताव नोटिस जारी किया जाए। वहीं आगामी मासिक बैठक में बरही थाना प्रभारी को बुलाने की बात कहीं गई। जिसके बाद प्रखंड के विभागवार पदाधिकरियों ने योजनाओ की विस्तृत जानकारी दिया। मनरेगा के बीपीओ ने बताया कि बिरसा सिंचाई योजना के तहत लक्षित 390 कूप निर्माण में मात्र 15 कूप का कार्य प्रगति पर है। वहीं खेल मैदान का 46 लक्षित है, जिसमें मात्र 04 का ही कार्य प्रगति पर है।

जिस पर उप प्रमुख ने मनरेगा बीपीओ के जवाब में फटकार लगाते हुए कहा कि कूप निर्माण कार्य में लाभुकों से कमीशन की मांग की शिकायत मिल रही है, जिसके कारण कूप निर्माण कार्य में प्रगति नहीं दिख रहा है। वहीं सावित्रीबाई फुले का योजना का लक्ष्य 29667 में 840 जिला से स्वीकृत हुआ है। कन्यादान का लक्ष्य 39 में 30 जिला से स्वीकृत है। वही मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 15 पंचायतो में ग्राम सभा हो चुकी है और शेष 5 पंचायतो में ग्राम सभा करने की बात कही गई। जेएसएलपीएस में कुल 1428 सखी मंडल संचालित है। जिसका वित्तीय सहायता लक्ष्य 400 है, जिसमे 358 कंप्लीट कर लिया गया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## डीएवी मॉडल स्कूल में तीसरी 'पैरेंट टीचर मीटिंग' संपन्न



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में सत्र 2023-24 की तीसरी पैरेंट टीचर मीटिंग संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं से बातचीत करने पर पता चला कि यह पीटीएम विद्यालय और अभिभावक दोनों के लिए बड़ा ही लाभदायक रहा। जहाँ एक ओर अभिभावकों को अपने बच्चों के क्रमिक विकास के बारे में पता चला है, तो वहीं दूसरी ओर शिक्षकों को भी बच्चों के स्वभाव, कमियों और पढ़ाई के संबंध में उनके रुझान का भी पता चला। इस दौरान अभिभावको को अर्धवार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका भी दिखाई गई। विद्यालय में हो रहे बदलाव से अभिभावक काफी उत्साहित हैं तथा उन्होंने प्राचार्या को धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने अभिभावको को आश्वासन देते हुए कहा कि इस विद्यालय के प्रत्येक बच्चे का भविष्य उज्ज्वल है तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध है। हर एक बच्चा एक-एक रत्न है। उनके कमियों को दूर करना हमारा धर्म एवं कर्तव्य है, जिसके बेहतर भविष्य के लिए हम सदैव प्रयास रत रहगें।

## कोयला लदा ट्रक ने पेड़ में मारी टक्कर, बाल बाल बचा ड्राइवर व खलासी

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत बेंगाबाद-चतरो मुख्य पथ पर शनिवार सुबह लगभग 6 बजे एक कोयला लदा दस चक्का ट्रक सड़क के किनारे पलट गया। वही घटना में ट्रक चालक और खलासी बाल बाल बच गया। वहीं ट्रक को सड़क किनारे स्थित एक पेड़ ने अपना टेक दे दिया। अन्यथा एक बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। जिस विशाल पेड़ ने ट्रक को अपना टेक दिया उस पेड़ के ठीक पीछे एक घर अवस्थित है जिसमे परिवार के सभी लोग रहते है। जिनमे छोटे छोटे बच्चे भी रहते है। यदि ट्रक को पेड़ ने नही रोका होता तो ट्रक उस घर के लोगों को नुकसान पहुंचा सकता था। और एक बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं घटना की मिलते ही बेंगाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक के कागजातों की जांच पड़ताल कर ट्रक के चालक और खलासी को अपने साथ थाने ले गयी है। वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई करने में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह बेंगाबाद चतरो मुख्य पथ पर ब्लॉक कार्यालय के समीप कोयला लोड एक दस चक्का ट्रक संख्या ब्क्र27 त्न 2707 बेंगाबाद के रास्ते चतरो होते हुए बिहार जा रहा था। इसी दौरान चतरो से बेंगाबाद की ओर यात्रियों से भरी एक बस आ रही थी। उक्त बस को साइड देने के चक्कर मे यह हादसा घटित हुआ।

## गिरिडीह में भाजपा का जन संकल्प यात्रा आज

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भाजपा संकल्प यात्रा के तहत गिरिडीह ज़िले में आज दो विधानसभा में कार्यक्रम आयोजित है। गिरिडीह विधानसभा के अजीडीह फुटबाल मैदान व गांडेय विधानसभा के गांधी मैदान गांडेय में आयोजित है । जिसमे में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी कार्यक्रम को सम्बोधित करेगें । वही जनसभा संकल्प यात्रा की तैयारी पूरी हो चुकी है। वही भाजपा से सभी नेता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। वही दोनो कार्यक्रम स्थल पर विशाल पंडाल बनाया गया है। ज़िले से भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे।

## नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को श्रेय क्लब के सहयोगी सदस्य अवनीश कुमार सिन्हा एवं रजनीश कुमार सिन्हा के पिता स्व भूपेंद्र कुमार सिन्हा की 27वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वही रक्त केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉश शोहल अख्तर, श्रेय क्लब के सचिव रमेश यादव एवं शिवेंद्र कुमार सिन्हा, अमित सिन्हा तथा पुरुषोत्तम अम्बस्टा की उपस्थिति में अवनीश कुमार सिन्हा ने थैलेसीमिया ग्रसित बच्चे के लिए स्वैच्छिक रक्तदान किया।

## बाइक सवार युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में लापरवाही की इंतहा और पुलिस का कोताही भरा रवैया सामने आया है। बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जीटी रोड किसान चौक पर तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक शख्स जख्मी हो गये। इस बीच वो बचाओ-बचाओ चिल्लाते रहे पर किसी ने उनकी नहीं सुनी। इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना एंबुलेंस के आननफानन में एक ऑटो से जख्मी शख्स को अस्पताल भेज दिया। आखिरकार अस्पताल पहुंचते-पहुंचते व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। इस हादसे में मारे गये शख्स की पहचान सरायढेला थाना क्षेत्र के कोलाकुसमा निवासी रविंद्र कुमार (42 वर्ष) के रूप में हुई। रविंद्र कुमार मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के रूप में काम करता था।

**पड़ोसी ने दी जानकारी :-** रवींद्र कुमार के पड़ोसी के अनुसार फोन पर पुलिस के द्वारा इस हादसे की जानकारी दी गई। पड़ोसियों ने बताया कि रविंद्र कुमार मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के रूप में काम करता था। शनिवार की सुबह वह बाइक लेकर निकला था। धनबाद में भवानी मेडिकल से होते हुए वह बरवाअड्डा की ओर जा रहा था। इसी बीच किसान चौक के नजदीक जीटी रोड पर एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। फिर पुलिस द्वारा आननफानन में जख्मी रविंद्र को एसएनएमएमसीएच लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**ऑटो में अस्पताल भेजने की वजह से गयी रविंद्र की जान :-** पड़ोसियों का ये भी कहना है कि हादसे के बाद रविंद्र कुमार को ऑटो में पीछे की सीट पर सुलाकर अस्पताल भेजा गया। जिसके बाद ऑटो ड्राइवर ने पड़ोसियों को बताया कि रविंद्र सड़क पर बचाओ-बचाओ चिल्ला रहा था लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी और पुलिस द्वारा भी एंबुलेस का इंतजार नहीं किया गया। पड़ोसी का कहना है कि अगर ऑटो के बजाय उसे एंबुलेंस में मेडिकल सपोर्ट के जरिए अस्पताल पहुंचाया जाता तो शायद उनकी जान बच सकती थी लेकिन पुलिस वालों ने ऑटो में पीछे डाल कर रविंद्र को अस्पताल भिजवा दिया। जिसके वजह से रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

बता दें कि मृतक रविंद्र का भाई उत्पाद विभाग में हजारीबाग में पोस्टेड है। उसकी पत्नी मायके गई हुई थीं जिसकी सूचना उन्हें दे दी गई है। रविंद्र कुमार का शव एसएनएमएमसीएच की मोर्चरी में रखा हुआ है। जहां पुलिस मृतक के परिजनों के पहुंचने का इंतजार कर रही है।

## वीर शहीदों के बलिदान से देश को मिली है आजादी



**सरिया(गिरिडीह)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलब्ध में आज शनिचर पूर्वाहन को ग्राम पंचायत सचिवालय भवन सभागार चिरुवा में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा की गई जिसकी अध्यक्षता ग्राम पंचायत चिरुवा की मुखिया तरन्नुम खातून के द्वारा की गई ग्राम सभा में सर्व सम्मति से ग्राम पंचायत सचिवालय भवन परिषद में वृक्षारोपण कार्य की प्राथमिकता के आधार पर अनुमोदन किया गया तत्पश्चात ग्राम पंचायत मुखिया के नेतृत्व में कलश यात्रा वार्ड नंबर 1 प्रारंभ कर पुणे वापस ग्राम पंचायत सचिवालय भवन लौटी इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व मुखिया रफीक अंसारी पंचायत समिति सदस्य 26 लाल मोहम्मद पंचायत समिति सदस्य गौतम गोविंद महतो वार्ड संख्या 4 से चमेली देवी अनीता देवी दीपा कुमारी खैरुन्निसा आयशा खातून राजेश पासवान दौलत यादव अहमद अंसारी उप मुखिया जिया उल हक संगीता सिंह आरती कुमारी सुलेमान अंसारी अब्दुल सलाम अब्दुल कुदुस अब्दुल जब्बार अब्दुल गफ्फार शबनम बानो चिड़ा साव,प्रयाग, किसान मित्र कलामुद्दीन अंसारी बैंक मित्र दुलारचंद महतो समेत और लोक उपस्थित थे।

## गिरिडीह जन वितरण विक्रेताओं के साथ विधायक ने किया बैठक



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को गिरिडीह नया परिषदन भवन में सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी और जिले के चुनिंदा जन वितरण विक्रेताओ के बिच बैठक किया गया। जिसमे विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने गंभीरता से सबो के बातो को सुना और समझा। साथ ही विधायक ने प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश देते हुवे कहां की तीन दिनों के अंदर डीलरो से वार्तालाप कर, समन्वय बनाकर कर जो भी समस्या है । उसे जिला आपूर्ति पदाधिकारी/ जिला आपूर्ति प्रबंधक को प्रेसित कर समस्या का निराकरण करे।साथ ही उन्होंने कहा की ग्रामीणो के बिच किसी तरह का असंतोष का भाव उत्पन्न ना हो।

## शहीद भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आजादी के संघर्ष में शहीद भगत सिंह को सता लोलुपों ने हासिये पर रख कमतर आँका है, यह दुर्भाग्य है। यह कहना है सामाजिक साहित्यिक जागरुकता मंच के संस्थापक संजय सिंह चंदन का। धनबाद शहर के वास्तु विहार कॉलोनी में मौका था प्रबुद्ध साहित्यकारों की काव्य गोष्ठी शहीदे आजम भगत सिंह की। वरिष्ठ साहित्यकारा रत्ना वर्मा राज के अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक साहित्यिक जागरुकता मंच के संस्थापक संजय सिंह चंदन बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे।



इस अवसर पर अपनी विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बलिदानी भगत सिंह के देश प्रेम, उच्च स्तरीय लेखन, काव्य, साहित्य, सर्वस्व समर्पण के चिंतन हमे आज भी क्रांति के शंख नाद की प्रेरणा देते हैं। भगत सिंह जैसे देश भक्त का बलिदान प्रेरणा आजादी के आंदोलन में कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके चिंतन को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धा सुमन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रत्ना वर्मा राज ने की। कार्यक्रम में डॉ. नीरा प्रसाद, पत्रकार उमेश तिवारी, उषा वर्मा, सुलेखा सिंह, नवीन कुमार झा, मीतू अग्रवाल, रोमी पाठक, अर्पिता वर्मा, खुशबु कुमारी आदि ने काव्य प्रस्तुति किया।

## असहाय जन सेवा फाउंडेशन के भोजन वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को असहाय जन सेवा फाउंडेशन ने एसएनएमएमसीएच परिसर में भोजन वितरण कर अपने मानव सेवा अभियान का शुरूआत किया। इस मौके पर युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक दिलीप सिंह उपस्थित होकर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किए। दिलीप सिंह ने कहा मानव सेवा से जुड़े सभी संगठनो का युवा संघर्ष मोर्चा हार्दिक अभिनंदन, स्वागत एवं समर्थन करता है तथा हर पल गरीबों और असहाय लोगों को भोजन, इलाज, रक्तदान, गरीब कन्याओं के विवाह में बढ़ चढ़कर अपना योगदान देता रहा है और देता रहेगा।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ब्रजराजनगर स्टेशन पर ट्रेन का परिचालन रद्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ब्रजराजनगर रेलवे स्टेशन पर वाई-लेग के कमीशनिंग हेतु एनआई कार्य किया जाना है । इसके मद्देनजर पूर्व मध्य रेल को पहुंचने/खुलने वाली 01 जोड़ी ट्रेन का परिचालन निम्नानुसार रद्द किया गया है -

**रद्द ट्रेनें -** 1.गाड़ी सं. 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस - बिलासपुर से 06 अक्टूबर, 2023 को रद्द ।

2.गाड़ी सं. 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस - पटना से 08 अक्टूबर, 2023 को रद्द ।

## आगामी लोकसभा चुनाव पर लोकसभा के संयोजक व प्रभारी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय रांची में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में सभी लोकसभा के संयोजक और प्रभारी की बैठक हुई जिसमें मुख्य रूप से झारखंड कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे उपस्थित रहे। बैठक में कांग्रेस प्रभारी में सभी संयोजक और प्रभारी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द अपने क्षेत्र में जाकर आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी सदस्यों की बैठक बुलाए और जिला में बैठक करने के बाद सभी विधानसभा वार जितने भी कांग्रेस के साथी हैं सभी के साथ बैठ कर संगठन सशक्तिकरण को मजबूत करने के साथ-साथ लोकसभा के चुनाव पर फोकस करना है। उन्होंने कहा की झारखंड में भी इंडिया के बैनर तले चुनाव लड़ी जाएगी लेकिन कांग्रेस का संगठन हर लोकसभा में मजबूत रहना चाहिए ताकि हम अपने सहयोगी पार्टियों को भी मजबूती के साथ उनका सहयोग कर सके। उन्होंने कहा की इंडिया गठबंधन को हर हाल में लोकसभा के सभी सीटों पर विजई होना है। बैठक में मुख्य रूप से आलमगीर आलम, सुबोध कांत सहाय, प्रदीप यादव, ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, अजय दुबे, सुल्तान अहमद, सुखदेव भगत, कृष्णा नन्द झा, काली चरण मुंडा, अनादि ब्रह्म वगैरह सभि संयोजक और प्रभारी उपस्थित रहे।

## ऋषिकेश महतो की 24वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो की गरिमामयी उपस्थिति में स्वर्गीय ऋषिकेश महतो मेमोरियल पब्लिक स्कूल बांस कपूरिया के सौजन्य से बड़े ही उत्साह पूर्ण माहौल में स्वर्गीय ऋषिकेश महतो जी के 24 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। बताया जाता है कि स्वर्गीय ऋषिकेश महतो एक टिस्को कर्मी के साथ-साथ एक समाजसेवी भी थे। वह सिजुआ समेतआसपास क्षेत्रों में काफी लोकप्रिय थे। इस पुण्यतिथि के शुभ पावन बेला में मुख्य रूप से शकरू महतो, संजय राय, पुनर्वसु दास, बाबुनाथ महतो, झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता बसंत महतो, नारायण महतो, शंकर चौहान, परवेज इकबाल, उत्तम महतो, कार्तिक, आनंद महतो, दिनेश, राजकुमार महतो, अमित, सुमित, राजेश महतो, रूपेश, निर्मल, पिंटा खां, मोहम्मद शोएब, पूनम कुमारी समेत समाज के कई लब्ध प्रतिष्ठित नागरिक मौके पर विद्यमान थे ।

## लगातार हुई बारिश से महेशमुंडा रेलवे ओवर अंडरपास में भरा पानी, लोगों को हो रही परेशानी



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में शनिवार सुबह से लगातार हुई बारिश से गिरिडीह जामताड़ा रोड में स्थित महेशमुंडा रेलवे अंडर पास में पानी जमा हो गया द्यवही काफी देर तक दो पहिया चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा । तो कई चालकों ने अपना रास्ता बदल लिया । बताते चलें कि बारिश के मौसम में अक्सर यहां पानी का जमाव हो जाता है । इसकी निकासी की परस्पर व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण ,लोगों को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है । इस अण्डरपास ओवरब्रिज समस्या का कोई प्रतिनिधि व प्रशासन पहल नही कर रही है।

## मेरी माटी मेरा देश के तहत मिट्टी संग्रह कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** प्रखंड के बदवारा पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांव मे पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रघुनन्दन कुशवाहा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्रामीण घरों मे मिट्टी संग्रह किया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह का उद्देश्य है कि शाहिद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करना। सेना के बलिदान को देश कभी भूल नहीं सकता है खाश करके इनके शहादत को ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के दिलों में अमर रहना । यह कार्यक्रम बीते 21 सेप्टेम्बर से चल रहा है और इसे 30 सेप्टेम्बर तक चलाया जायेगा। पंचायत के एकलौता उच्च विधयालय कोल्हारिया के परिसर को मुखिया जी ने सौन्दर्यीकरण करने हेतु अमृत वाटिका लगाने का प्रस्ताव लेकर आज मुखिया अनीता कुमारी के कर कमलों द्वारा कलश में मिट्टी लिया गया। देश के शहीद जवानों के सम्मान में शिलापट बनाई जाएगी जिस निमित प्रखंड कार्यालय में कलश जमा की गयी ।

## राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के चार जूडो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्कूल खेल के लिए चयनित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल के तत्वावधान मे रांची के खेल गांव स्थित गणपत राय इंडोर स्टेडियम मे आयोजित राज्य स्तरीय एसजीएफआई जूडो ट्रायल मे राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर के चार जूडोकओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य की ओर से राष्ट्रीय स्कूल खेलों मे भाग लेने की पात्रता लगभग हासिल कर ली है। चयनित खिलाड़ी 21 दिनों के शिविर मे भाग लेकर अपना दमखम दिखायेंगे। चयनित खिलाड़ियों में विकास कुमार, मोहन कुमार पांडेय, यश राज और सम्भवी कुमारी हैं। टीम के कोच पप्पू कुमार व टीम मैनेजर अर्चना सिंह हैं।

विधालय के जूडो खिलाड़ीयों के शानदार प्रदर्शन पर प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उमा मिश्रा, प्रभारी कमल नयन, पार्थ सारथी सरकार, प्रतिमा चौबे आदि ने अपनी शुभकामनाए दी हैं।

## दुर्गा पूजा मेला को लेकर समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत क्षेत्र के चर्चित दुर्गा पूजा मेला खुरचुट्टा के मंदिर समिति की और से आगामी दुर्गा पूजा के विधि व्यवस्था को लेकर बैठक की गई। बता दे की अंग्रेजों के जमाने से बेंगाबाद के हरिला एवं चितमाडीह पंचायत के सीमावर्ती क्षेत्र में दुर्गा मंदिर खुरचुटा में पूजा मनाया जा रहा है यहाँ नवमी से लेकर तीन दिन तक भव्य मेला लगता है। और इस मेला प्रतिवर्ष यहाँ लाखो श्रद्धालु माँ दुर्गा के दर्शन करने आते है। इस मेला का एक और खाश बात है की यहाँ आपको भाई चारा का एक मिशाल देखने को मिलेगा। इस मेला में अधिकतर दुकान मुश्लिम भाइयो का होता है और खरीददार हिन्दू होते है। इस मेले का आयोजन हिन्दू मुश्लिम दोनों समुदाय के लोग मिलकर करते है। नवरात्रि शुरुवात होते ही यहाँ दुकाने लग जाती है जो की दसमी के दो दिन बात तक रहती है। इस मेला में दूर दूर से काफी संख्या में श्रद्धालु आते है। बैठक में मुख्य रूप से हरिला एवं चितमाडीह पंचायत के मुखिया सुधीर राजवार / देबु यादव पूजा समिति के अध्यक्ष धीरन सिंह सचिव महेंद्र साह कोषाध्यक्ष बिनोद सिंह संयोजक नारायण सिंह, संदिप सिंह, मुन्ना प्रसाद सिंह ( पुर्व मुखिया ) दिग्विजय सिंह दीपक सिंह रेनुलाल चौरसिया, मनोज पाण्डेय, मनोज मेहता बीकी चौरसिया अर्जुन राणा पवन सिंह विनोद सिंह विकास पांडे राजकुमार सिंह, मुकेश पाण्डेय, बाबु मनि सिंह, पंकज पांडेय, सुरेन्द्र वर्मा, दिलिप कुमार, सुनील पंडित इत्यादि की उपस्थिति रही।

## फुलारीटांड रेलवे स्टेशन में ट्रेन के ठहराव को लेकर की बैठक



**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत फुलारीटांड रेलवे स्टेशन में आग और कोरोना के नाम पर रेलवे ने कई ऐक्प्रेस ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया है। नागरिक मंच फुलारीटांड के बुलावे पर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह बैठक मे शामिल हुए । बैठक में आगे की आंदोलन की रणनीति बनाई गई, जिसके तहत 27 अक्टूबर को विराट धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम तय हुआ है। नागरिक मंच के द्वारा दीप नारायण सिंह को एक मांग पत्र की प्रति दी गई।

## भाजपा अनुसूचित जाति ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भाजपा बैंक मोड़ मंडल अंतर्गत मटकुरिया में अनुसूचित जाति बस्ती जनसंपर्क अभियान के तहत लालू पासवान, रणधीर पासवान, परशुराम पासवान, अंकित पासवान, जयराम पासवान, हरेराम पासवान, धर्मेंद्र तुरी सहित दर्जनों साथियों के साथ संवाद किया और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने इस जाति के उत्थान एवम विकास के निमित्त जो जो कार्य किया है, उसे बताने का कार्य किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, महामंत्री नितीन भट्ट, उपाध्यक्ष मानस प्रसून, मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थ सारथी, मंडल अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह सोनू, पूर्व अध्यक्ष प्रीतीपाल सिंह आजमानी ल, ब्रजमोहन प्रसाद, जितेंद्र मलाकार, गौतम कुमार आदि उपस्थित थे।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम पोर्टल, संकल्प सप्ताह का उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत चयनित प्रखण्ड किस्को में दिनांक 03.10.2023 से 09.10.2023 तक संकल्प सप्ताह मनाया जाएगा। इसमें कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसी कड़ी के अंतर्गत आज शनिवार को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम पोर्टल और आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम संकल्प सप्ताह का प्रमोचन भारत मंडपम, दिल्ली से किया गया। लोहरदगा जिला में जिला स्तर पर इस कार्यक्रम की लाईव टेलीकास्टिंग एनआईसी लोहरदगा द्वारा जिला परिषद सभागार में और आकांक्षी प्रखण्ड किस्को के पंचायत भवनों में की गई। जिला स्तर पर जिला परिषद सभागार में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उराँव, आकांक्षी प्रखंड किस्को के जिला परिषद सदस्य



संदीप कुमार, सेन्हा की जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, पेशरार की जिला परिषद सदस्य रूबी कुमारी, कैरो के जिला परिषद सदस्य सुखदेव उराँव, भंडरा की जिला परिषद सदस्य राजमनी उराँव, सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे। दिनांक 03.10.2023 को किस्को प्रखण्ड के सभी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र/प्रखण्ड पीएचसी/सीएचसी में संपूर्ण स्वास्थ्य-एक संकल्पक अंतर्गत एएनसी क्लीनिक का संचालन, टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, एनीमिया परीक्षण एवं उपचार, टीबी हारेगा देश जीतेगा अनुमोदित टीबी स्क्रीनिंग निश्चय मित्र सम्मान, टीबी चैंपियन रैली का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 04.10.2023 को सुपोषित परिवार अंतर्गत किस्को प्रखण्ड के सभी आंगनवाड़ी केंद्रो एवं वीएचएसएनडी पर पोषण मेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों के विकास की निगरानी और गर्भवती महिला का वजन, आंगनवाड़ी केंद्र पर गोद भराई और अन्न प्राशन कार्यक्रम, चौपाल में बात-संतुलित आहार, मेरा पौष्टिक बगीचा-किचन गार्डनिंग की बेस्ट प्रैक्टिसेज पर चर्चा, मिलेट्स की रंग-बिरंगी रेसीपी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 05 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता एक संकल्प अंतर्गत किस्को प्रखण्ड के सभी ग्राम पंचायत में स्वच्छता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत स्वच्छ घर गाँव एवं ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ, वाक् प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर जागरूकता बैठक आयोजित की जाएगी। 06 अक्टूबर 2023 को किस्को प्रखण्ड के सभी पंचायत भवन में कृषि महोत्व का आयोजन किया जाएगा। इसमें कार्यशाला, किसान मण्डी, कृषि प्रदर्शनी, फार्म टूर, फार्म-टू-टेबल फूड फेस्टिवल जैसी गतिविधियां की जाएंगी।

## अविराम महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन टिको कुडू लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान गोद लिए गए पंडरा गांव में चलाया गया। महाविद्यालय के सचिव इंद्रजीत कुमार भारती ने सभी को अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने का संदेश दिए है क्योंकि स्वच्छता नहीं रहने के कारण डेंगू जैसी बीमारियां फैल रही हैं। स्वच्छता कार्यक्रम में सबसे पहले स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों को सुश्री कुंदन गिद्ध कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाया गया तत्पश्चात पंचायत भवन, अखाड़ा एवं आस -पास के स्थलों की सफाई की गई तथा प्रशिक्षुओं द्वारा नुक्कड़-नाटक के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा है का संदेश दिया गया साथ ही ग्रामीणों से अपने घर परिवार मोहल्ले एवं गांव को साफ रखने की अपील की गई तथा पूरे गांव में स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें गांव के मुखिया श्री अमरनाथ महली, उप मुखिया मुमताज पावरिया, एम, डी मुस्तफा, देवानंद महली, लखी देवी, सोमरा उरांव, इलियास आलम शिवानंद महली, जयप्रकाश साहू देवनाथ मुंडा सहित व्याख्याता पवन उरांव उपस्थित थे ।

## सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर कैरो में स्वदेशी सप्ताह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में 30 सितंबर शनिवार को स्वदेशी सप्ताह मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के भैया बहनों को स्वदेशी निर्मित वस्तुओं के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबन्धकारिनि समिति के संरक्षक डा. भोला प्रसाद ने सभी का मार्गदर्शन किया। अपने उदबोधन में उन्होंने कहा, सभी लोग देश के निर्मित उत्पाद ही खरीदें। आजकल बाजार में विदेश वस्तुओं का भरमार है लेकिन आप सभी उसपर ध्यान ना दें। अपने राष्ट्र को मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु देश मे बने सामानों को ही घर लेकर आएं। इससे लोगों के मन मे अपने राष्ट्र के प्रति श्रद्धा जगेगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य देश को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर बनाना है। मौके पर विद्यालय के देवा उराव्, रीता यादव, शांति नाग, विनोद गोप, प्रभा कुमारी, देववन्ति देवी, रूपा कुमारी पूजा कुमारी, सुनीता कुमारी, गणेश साहू, रामधारी साहू, नारायण कुमार आदि उपस्थित थें।

## आयुष्मान भवः स्वास्थ मेला का हुआ आयोजन



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र परिसर में स्वास्थ विभाग द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार शनिवार को आयुष्मान भवस्वास्थ मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ मेला का शुभारंभ प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा दिव्या निशि द्वारा दीप प्रवज्जलित कर प्रारम्भ किया गया। स्वास्थ्य मेला में 12 स्टॉल लगाया गया था। मौके पर डा दिव्या निशि ने कहा कि स्वास्थ विभाग द्वारा गांव के ग्रामीण महिला पुरुष और बच्चे बच्चियों को रोग से बचने के लिए आयुष्मान भव- स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया है। यह मेला हमेसा प्रखंड में समय समय पर लगाया जाएगा। जिसमें मरीजों का संपूर्ण जांच के साथ निःशुल्क दवा दिया जायेगा। साथ ही स्वास्थ कर्मियों द्वारा गांवो में बीमारी और उसे बचाव के लिये जागरुकता चलाया जाता है। और स्वास्थ सुविधाएं बेहतर मिल सके उसके लिऐ आयुष्मान भव- स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया है। आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। अयोजित मेला में आँख, कान, दन्त, बीपी, डेंगू मलेरिया का चिकित्सा के अलावे मलेरिया जांच, टीकाकरण, स्त्री रोग सहित सभी तरह के बीमारियों इलाज कर मुफ्त में दवा दिया जा रहा है। साथ ही उन्हने कहा कि स्वास्थ को ठीक रखने के लिए बचाव व जागरूकता आवश्यक है। अगर किसी तरह की बीमारी होती है या पहले से बीमारी है तो चिकित्सकों से सलाह लें सकते हैं। मौके पर डॉ दिव्या निशि, डॉ रंजीता कच्छप,डॉ राजेश कुमार, डॉ संजीत आनंद,डॉ निशि शाहा,डॉ राजीव रंजन,डॉ दीप्ति कुजूर के अलावे महेश कुजूर, अमित कुमार,सुभानी तिग्गा, वसीम अख्तर, विकास खलखो सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## पीएम मोदी ने नारी शक्ति वंदन विधेयक पारित कर महिलाओं को दिया सम्मान : श्रीचंद प्रजापति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल का दो दिवसीय कामकाजी बैठक का प्रथम दिन 30 सितंबर दिन शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के सढ़ाबे पंचायत अन्तर्गत डूमरटोली गांव में मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक मे मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड सरकार माटी कला बोर्ड के पुर्व चेयरमैन श्री चंद प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी नवीन कुमार तिंकू,जिला मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस, मुखिया श्रवण मुंडा, पुर्व 20 सुत्री प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की शुरुवात सर्वप्रथम पंड़ित दीनदयाल उपाध्याय जी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर धूप दीप एवं वंदेमातरम के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक बूथ



को मजबूत बनाना है। इस निमित उपस्थित जिला के पदाधिकारियों के द्वारा समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओ को आगामी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हो जाने का निर्देश दिया। मुख्य वक्ता के रुप मे भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति ने कहा कि हम सभी भाजपा का सिपाही हैं पार्टी द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना हम सभी का कर्तव्य बनता है। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रयास से आज पूरा विश्व भारत को लोहा मानने पर मजबूर हो गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व मे भारत एक शक्तिशाली देश के रुप मे मिली है वैश्विक पटल पर पहचान। पीएम ने नारी शक्ति वंदन विधेयक पारितकर देश के महिलाओं को दिया सम्मान। हम सबके प्रयास से आज पूरे भारत से मिट्टी एवं चावल संग्रह करके वीर योद्धाओ के लिए अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं के सहयोग से संभव हो पाया है।

## डीएवी में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर खुली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्रार्थना सभा के दौरान किया गया। यह प्रतियोगिता सभी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई जिसमें निम्न स्तर से लेकर उच्च स्तर तक के प्रश्न समाहित थे। हमारे स्वतंत्रता सेनानी लाल बहादुर शास्त्री जी व राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अभिषेक कुमार झा ने सबसे ज्यादा प्रश्नों के उत्तर देते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया इसके अतिरिक्त रोशन कुमार, रिद्धिमा सिंह, व



मोहम्मद अरशद का भी अच्छा प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर प्रियांशु कुंवर विजित हुए। कक्षा दसवीं की छात्रा मुस्कान कुमारी ने महाभारत पर आधारित कविता तथा नन्हे बच्चों में जेनिफर व समा परवीन ने भी सुंदर कविता प्रस्तुत किया। अंत में प्राचार्य महोदय जी पी झा ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व कविता वाचन के लिए बच्चों की प्रशंसा करते हुए महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन आदर्शों का सार बताते हुए उनके अनुशीलन हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रमित कुमार व पूनम सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई।

## अनुशासन व प्रतिबद्धता के साथ खेलेंगे तो निश्चित होगी लक्ष्य की प्राप्ति : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में अंदर 17 बालिका वर्ग में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाली संत पात्रिक स्कूल गुमला के टीम ने हरियाणा को 3--0 से हराकर चैंपियन बनकर कल गुमला लौटी। जानकारी मिलते ही झारखंड प्रदेश कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रभारी सह लोहरदगा जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव भगत इनडोर स्टेडियम आवासीय सेंटर गुमला पहुंचकर विजेता फुटबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बुके देकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा सभी खिलाड़ियों को बधाई दिए। मौके पर सुखदेव भगत ने खिलाड़ियों से उनके अनुभव के बारे में पूछा। इस दौरान श्री भगत ने खिलाड़ियों को आगे भी और मेहनत से खेलने की बात कही। उन्होंने कहा की संत पात्रिक स्कूल गुमला के बच्चियों ने गुमला ही नहीं पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। यहां की बच्चियां पूरे राज्य के लिए आदर्श बने हैं। उनके चैंपियन होने से पूरे राज्य के खिलाड़ियों में उत्साह का संचार हुआ है ।श्री भगत ने खिलाड़ियों को टिप्स देते हुए कहा कि आत्मबल को हमेशा ऊंचा रखें और यह महसूस करें कि वह किसी से काम नहीं है।

## सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर सलगी में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर सलगी में संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लोहरदगा संकुल के कुल 10 विद्यालयों के 30 भैया-बहनों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी, द्वितीय स्थान सरस्वती शिशु मंदिर चैनपुर,तृतीय स्थान रामकली देवी सरस्वती शिशु मंदिर पावरगंज लोहरदगा एवं चतुर्थ स्थान सरस्वती शिशु मंदिर डुमरी विद्यालय को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में बहनों ने मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री बीजेपी अनुसूचित जनजाति मोर्चा झारखंड श्री बिन्देश्वर उराँव जी ने सम्बोधित करते हुए बच्चों से कहा कि कोई भी बच्चा चाहे गरीब हो या अमीर किसी भी श्रेष्ठ स्थान को प्राप्त कर सकते हैं। जिस तरह आज विश्व के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चाय बेचकर भी प्रधानमंत्री के पद पर काबिज हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड प्रान्त शिक्षा प्रमुख सुभाष चन्द्र दुबे जी ने सम्बोधित करते हुए विद्यालय की उपलब्धता को सबके सामने रखा। इस मौके पर सलगी पंचायत मुखिया सुमित्रा कुमारी, निरीक्षक दीनबंधु सिंह, जगमोहन बड़ाइक, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लाल उपेन्द्र नाथ साहदेव, सचिव कृष्णा प्रजापति, प्रबंधन समिति के संरक्षक, कोषाध्यक्ष, सदस्य, विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहर साहू समेत 10 विद्यालयों के आचार्य आचार्या एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

## नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए रवाना हुई इंटर कॉलेज की टीम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** छत्तीसगढ़ के चांपा में 1 से 4 अक्टूबर तक आयोजित विद्या भारती की 34 वीं नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा की टीम रवाना हुई। विद्या विकास समिति, झारखंड की ओर से ट्रैकसूट भेंट कर टीम को रवाना किया गया। विद्या भारती के नगर क्षेत्र स्थित विद्यालयों के समिति उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद और प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने ट्रैकसूट भेंट करते हुए शुभकामनाएं देकर टीम को रवाना किया। टीम में सुजल बाखला, पुनीत उरांव, हरीश उरांव, चरणजीत उरांव, निशित उरांव, रेहान फजल, जितेश उरांव, रोशन कुमार रवि, प्रियांशु उरांव, निखिल भगत एवं अजीत भगत शामिल है। टीम मैनेजर आचार्य रितेश कुमार पाठक हैं। मौके पर विद्यालय की खेलकूद एवं शारीरिक प्रमुख यशोदा कुमारी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी। उल्लेखनीय है कि बिहार के औरंगाबाद स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 5 एवं 6 अगस्त को आयोजित 34वां क्षेत्रीय (बिहार, झारखंड) वॉलीबॉल प्रतियोगिता (तरुण बालक वर्ग अंडर-19) में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा ने राजकमल धनबाद को पराजित कर चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया था।

## स्वच्छता इस सेवा पखवाड़ा के तहत फुटबॉल मैच का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आज दिनांक 30 सितम्बर 2023 को फुटबॉल मैच का आयोजन समाहरणालय मैदान में किया गया जिसमें कुल 4 टीमों के द्वारा भाग लिया गया। फुटबॉल मैच का आरम्भ उप विकास उपायुक्त महोदय के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया साथ ही सर के द्वारा खेल के महत्व को बताया गया। चारो टीम में प्रथम स्थान नदिया आवासीय फुटबॉल एवम द्वितीय नगर परिषद की टीम विजय हुई। विजय टीमों को अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी एवम प्रशासक,नगर परिषद,लोहरदगा के द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को कप प्रदान किया गया। प्रशासक महोदय के द्वारा टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी टीमों के खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार टूर्नामेंट आयोजित करने की बात कही गई।

## बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीण मिले पूर्व मंत्री एनोस एक्का से

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली बिल की समस्या को लेकर पाकरटांड़ प्रखंड के सोगड़ा गांव के सैकड़ो ग्रामीण ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बिजली बिल में कई प्रकार की गलती होने की शिकायत की। एक ही परिवार के अलग अलग सदस्यों के नाम पर अलग-अलग बिजली बिल आने की बात कही। ग्रामीणों की शिकायत पर पूर्व मंत्री ने जल्द समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से बिजली बिल की समस्या को त्वरित दूर करने की बात कही ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का सुधार नहीं होता है तो झारखंड पार्टी उग्र आंदोलन करेगी।

## जलडेगा में चार एजेंसियों ने अधिकारियों की मिली भगत से करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट पर किया मौज

**किसानों ने कहा-आदिवासियों की आजीविका संवर्धन के लिए के चलाई गई योजना को खा गए चारों एजेंसियां**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आदिवासी बहुल प्रखण्ड जलडेगा में आदिवासियों के विकास एवं पलायन को रोकने के लिए आदिवासी किसानों को लेकर कृषि कार्य से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति में बदलाव लाने के लिए समेकित जनजातीय विकास अभिकरण(आईटीडीए) सिमडेगा द्वारा वित्तीय वर्ष 2017/18 में (हालांकि कोरोना काल होने के कारण सभी एजेंसियों को दो साल का समय बढा दिया गया था) प्रति एजेंसी 19 लाख 50 हजार की लागत पर विशेष केंद्रीय सहायत एससीए+टीएसपी योजना मद के अंतर्गत कृषि विकास से आजीविका संवर्धन का लक्ष्य लेकर जलडेगा प्रखंड में चार संस्थाओं ने 150 परिवार के 150 किसानों के साथ 150 एकड़ जमीन में कृषि कार्य योजना के सफल



क्रियान्वयन की जिम्मेवारी मिली थी। वहीं इन तीनों एजेंसियों के अलावा श्री भंडारी प्लास्टिक प्राईवेट लिमिटेड रायपूर नामक एक एजेंसी को भी पाईप लगाने को कहा गया था। लेकिन आज धरातल पर यह योजना पूरी तरह फेल है। यूं कहा जा सकता है की चारों एजेंसियों ने अधिकारियों के मिली भगत से करोड़ों रुपए निगल गई बतातें चलें सभी एजेंसियों ने कुल लगभग 1 करोड़ 39 लाख 50 हजार की राशि सरकार द्वारा आदिवासियों के जनहित एवं आजीविका संवर्धन के लिए दिए गए लेकिन चारों एजेंसियों ने मिलकर करोड़ों की राशि को दीमक की तरह चर गए। एक अकेले एजेंसी श्री भण्डारी प्लास्टिक पराइभेट लिमिटेड रायपूर के सत्या नामक एजेंट को किसानों के माध्यम 81 लाख खाते में स्थानांतरित किया गया लेकिन इतनी बड़ी राशि मिलने के बावजूद किसी भी एजेंसी ने धरातल पर अपनी जिम्मेदारी को पूरी नहीं की। हालांकि योजना को पुर्ण हुए तीन साल पुरे हो गये है लेकिन आज योजना पुरी तरह विलुप्त है। कार्य स्थल पर किसानों के जमीन पर आज एक भी मुनगा, पपीता, अमरुद, और ना ही इमारती नजर आ है, जमीन झाड़ियों में तब्दील हो गई है। किसानों को जलापुर्ति के लिए किए गए बोरिंग फेल है, और में लगाया गया सबमर्सिबल मशीन गायब है। 90 प्रतिशत अनुदान पर मिले टपक पाईप का भी स्थिति बेहाल है, लगातार मानिटरिंग नहीं होने और किसानों को इसकी उपयोगिता का प्रशिक्षण नहीं मिलने के कारण किसी ने खाट बनाया है, तो बच्चे पेड़ों में बांधकर झुला झुल रहे हैं, तो कोई बाडी घेरावा करने में स्तेमाल किया है तो किसी ने घर के प्रवेश द्वार का गेट बना रखा है, किसी ने मचान का पुआल बांधने में प्रयोग कर रहा है, तो कहीं झंडियों में फेंका पड़ा है, जबकि पाईप आपुर्ति कम्पनी को तीन साल तक रखरखाव करने की जिम्मेदारी थी?। किसानों ने कहा समय बितने के बाद कोई भी एजेंसी झांकने तक नहीं आया। जबकि पाईप सप्लाई एजेंसी विभागीय पदाधिकारी एवं बैंक मैनेजर के साथ मिलकर चुनिंदा किसानों के खाते में दो से तीन किसान की अनुदान की राशि बड़ी रकम के रूप में डाला गया और किसानों के खाते से बरगला कर निकाल लें गए कई किसानों कहा बिना सहमति के भी खाते से राशि का स्थानांतरण हो गया पता भी नहीं चला।सपोर्ट संस्था हजारीबाग को लमडेगा पंचायत के परबा लमडेगा और भीतबुना, आदित्य विकास समिति पंडरूटोली लचरागढ़ को कुटुंगीया पंचायत के रामजड़ी चिकटोली और पाहन टोली में तथा भारतीय लोक कल्याण संस्थान रांची को कुटुंगीया पंचायत के रामजड़ी पुंडीदीरी और जाम टोली में काम मिला था।

## हाथियों के उत्पात से परेशान ग्रामीणों ने किया पूर्व मंत्री के साथ बैठक ग्रामीणों की समस्या पर समुचित पहल करें वन विभाग : एनोस एक्का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बोलबा :** सिमडेगा जिले का बोलबा प्रखंड अंतर्गत पीड़ियापोस में हाथी भागने को लेकर ग्रामीणों ने गांव के लोगों के साथ बैठक की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री एनोस एक्का को आमंत्रित किया गया। ग्रामीणों ने हाथी संबंधित समस्याओं से पूर्व मंत्री का अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा बोलबा में हाथियों का उत्पात नहीं थम रहा और हाथी घरों को क्षतिग्रस्त करे रहे है और घर मे रखें अनाज को चट कर रहे। हम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।पर हाथी भगाने का को लेकर विभाग या सरकार द्वारा कोई उचित पहल नहीं किया जा रहा है। बैठक में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने कहा लगातार जंगली हाथियों के आतंक क्षेत्र में बरकरार है लेकिन इसके बावजूद ना तो वन विभाग इस पर विशेष ध्यान दे रही है और ना ही सरकार इस पर कोई समुचित ठोस कदम उठा रही है जिसका खामियाजा यहां



के स्थानीय ग्रामीणों को हो रहा है ।लगातार कई बार ग्रामीण रात भर जगने पर विवश है। हाथियों के आतंक की वजह से लोग त्राहिमाम कर रहे हैं लेकिन उनकी फरियाद सुनने वाला कोई नहीं है क्षेत्र के जनप्रतिनिधि चुनाव के समय क्षेत्र में दिखते हैं लेकिन अभी लोगों की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है।सरकार सत्ता के नशे में चूर होकर राजभोग रही है लेकिन जनता खून के आंसू रो रही । विभाग द्वारा जल्द अगर हाथी भागाने को लेकर कोई पहल नही किया गया तो। झारखंड पार्टी ग्रामीण संग मिलकर फॉरेस्ट विभाग का गेराव करेगा। साथी अगर विभाग इसके बाद भी ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए कोई उचित पहल नहीं करता है तो हम लोग ग्रामीणों के साथ मिल कर ह्वा143 को अपनी मांगों को लेकर जाम कर धरना देंगे। और लोगों के हक अधिकार दिलाने का कार्य करेंगे। इस क्षेत्र में हाथियों को भगाने के लिए समुचित प्रयास झारखंड पार्टी करेगा। मौके पर युवा जिलाध्यक्ष विभव सन्देश एक्का, जिलाध्यक्ष मतियस बागे, जिला परिषद सदस्य बोलबा अनिता सोरेन, अमन खेस, बिरसा मांझी, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सरोजनी कुजुर, नुयल सोरेंग,मेरतल खालखो, बुकास केरकेट्टा, कमला केरकेट्टा, प्रफुल्लित केरकेट्टा, नारायण साहू, बिमला कुल्लू, रामदयाल प्रसाद, असरिता कुल्लू, कुन्ती देवी संकर मांझी, मुकेन्द्र साहू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




### चलते चलते एक नजर

## सांसद बीडी राम ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नावा बाजार प्रखंड में सांसद पलामू विष्णु दयाल राम के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पीएमजीएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत सड़क नावा बाजार वाया जमारी होते हुए मुंशीखाप तक 17.456 किलोमीटर एवं 4 पुलों (लागत 19 करोड़ 51 लाख रुपए) सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता डॉ0 ईश्वर सागर चन्द्रवंशी,विभाकर नारायण पांडेय, राम चन्द्र यादव, धर्मदेव सिंह यादव, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा,कृष्णा गुप्ता, जिला परिषद सदस्य विजय रविदास,राजबली महरा, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, शंकर यादव, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीर हाजरा, कार्यपालक अभियंता विशाल खलको, सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी, अनुज पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष महादेव यादव, मुखिया पति इटको सफीर आलम, सोहदाग मुखिया कमला देवी, घासीदाग मुखिया श्रीमती अंजू कुमारी,दामोदर चौधरी,रामरेखा चन्द्रवंशी,रविन्द्र पासवान, महिला मोर्चा लीलावती देवी सहित भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थी।

## वज्रपात से महिला घायल, बाल बाल बचे बाकी लोग, घर में लगी आग

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर पंचायत के सरनाटोली में घर पर बैठी महिला फुलमती देवी पति रुपेश महली वज्रपात से घायल होकर घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों ने प्राथमिक उपचार के रूप में गोबर का लेप लगाकर बेहतर इलाज के लिए महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां डॉक्टर अमित खलखो द्वारा इलाज किया गया। ब्रजपात का झटका घर में खेल रही छ वर्षीय नंदनी कुमारी को भी लगी। जो खतरे से बाहर है। ब्रजपात से घायल होने की सूचना मिलने पर हिन्दू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल एवं भाजपा नेता जमुना प्रसाद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे एवं घायल महिला से मुलाकात कर स्वास्थ्य के संबंध मे जानकारी ली। तथा प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने की बात कही।

**कैसे हुई घटना घटित?:** सुबह 9 बजे आचानक मौसम खराब होते ही भारी बरसात के साथ वज्रपात होने लगा ।इस क्रम में वज्रपात होने से घर के बाहर बिजली के तार से होते हुए आसमानी घर में लगे बिजली तार पर दौड़ गई ।जिससे घर में बैठी महिला को झटका लगा। साथ ही घर के कुछ हिस्से में आग लग गई।

# मानव तस्करी की घटनाओं पर रोक को लेकर सख्त हुए सीएम

## * मानव तस्करी में शामिल लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का सीएम ने दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) पर रोक लगाने के संबंध में पुलिस विभाग तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) राज्य में एक गंभीर समस्या बन रहा है, इसके रोक-थाम के लिए सभी संबंधित विभाग, एनजीओ तथा सामाजिक संस्थाओं को बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्य योजना बनाने की जरूरत है।मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव तस्करी जैसे कार्यों में अनेक आपराधिक तत्व इस संगठित अपराध में लिप्त रहते हैं, ऐसे तत्वों की धर पकड़ के साथ-साथ आम जनता को भी इस दिशा में सजग और सावधान बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि झारखंड के चौबीसों जिलों में एक कंबाइंड बिल्डिंग बनायी जाए जहां एसटी/एससी थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना, साइबर थाना एवं महिला थाना 24×7 कार्यरत हो सके। संबंधित विभाग कंबाइंड भवन का डीपीआर तैयार कर अग्रतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। बैठक में मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित पुराने एवं लम्बित मामलो का निरंतर समीक्षा करते हुए उन मामलों को निष्पादित करें। मामलों के कनविक्शन की मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि मानव तस्करी में शामिल लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। ह्यूमन ट्रैफिकिंग में शामिल सिंडिकेट अथवा एजेंसियों पर हर हाल में कार्रवाई सुनिश्चित हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को बाल श्रम की ओर धकेलने वाले दलालों के खिलाफ कड़ी तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे श्रमिक जो घरेलू कार्यों के लिए दूसरे राज्यों में जाते हैं उनका डाटा और पुलिस वेरीफिकेशन सुनिश्चित करें ताकि उन्हें शारीरिक, आर्थिक तथा मानसिक शोषण से बचाया जा सके। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग से संबंधित जितने हेल्प डेस्क तथा कॉल सेंटर बनाए गए हैं उन्हें पूर्ण रूप से सक्रिय करें तथा उन सेंटरों का निरंतर समीक्षा की जाए। पंचायत स्तरों में स्थापित कॉमन सर्विस सेंटरों में भी श्रमिकों की डाटा रजिस्टर्ड हो सके इसकी भी व्यवस्था बनाएं।

### श्रमिकों के हित के लिए बेहतर कार्य योजना बनाएं

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के वैसे प्रवासी श्रमिक अथवा मजदूर जो रोजगार के लिए दूसरे राज्य में पलायन करते हैं, उनके हित के लिए एक बेहतर कार्य योजना बनाएं। एक ऐसा मेकैनिज्म तैयार करें जिसमें राज्य सरकार की ओर से उन श्रमिकों को इंसेंटिव मिले तथा उनका सारा डाटा राज्य सरकार के पास सुरक्षित रह सके। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी पंचायत एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी मानव तस्करी से संबंधित सूचना तंत्र को मजबूत करें। बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अंतर्गत झारखंड महिला विकास समिति के तहत वूमेन ट्रैफिकिंग से संबंधित रोकथाम एवं पुनर्वास हेतु संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में एकीकृत पुनर्वास-सह-संसाधन केंद्र, वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला हेल्पलाइन योजना, स्वाधार गृह योजना/उज्ज्वला योजना (शक्ति सदन) सहित अन्य योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, श्रम विभाग के सचिव राजेश शर्मा, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा, स्कूली शिक्षा विभाग के सचिव के.रवि कुमार, श्रम आयुक्त संजीव बेसरा, एसपी सीआईडी संध्या रानी मेहता, पंचायती राज निदेशक श्रीमती निशा उरांव, सीईओ जेएसएलपीएस श्री संदीप सिंह, समाज कल्याण-सह-परियोजना निदेशक महिला विकास समिति शशि प्रकाश झा एवं अन्य उपस्थित थे।

## 133 वाहनों की हुई जांच,15 वाहनों से वसूले गए 255650 रुपये का जुर्माना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला परिवहन पदाधिकारी, रांची प्रवीण प्रकाश द्वारा ओरमांझी क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान टैक्स डिफॉल्टर्स, ओवरलोडेड, बिना परमिट, प्रदूषण प्रमाण, बिना लाइसेंस, बिना हेलमेट, सवारी गाड़ी में क्षमता से अधिक यात्री बैठने एवं वाहन संबंधी अन्य कागजातों की जाँच जिला परिवहन पदाधिकारी श्री प्रवीण प्रकाश द्वारा की गई। वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 133 वाहनों की जाँच की गई। बारी-बारी से सभी वाहनों के दस्तावेजों की जाँच में 17 वाहनों के कागजात सही नहीं पाए गए। जिनमें कुल 15 वाहनों (मालवाहक वाहनों, दो पहिया) से 02 लाख 55 हजार 650 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

**2 वाहनों को किया गया जब्तत**

वाहन जांच अभियान के दौरान कुल 02 वाहनों को जब्त किया गया। जब्त वाहनों को थाना में सुरक्षार्थ रखा गया है। जिला परिवहन पदाधिकारी श्री प्रवीण कुमार प्रकाश ने बताया गया कि वाहनों की जाँच आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों/चालकों से अनुरोध किया है कि वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं एवं वाहन संबंधित सभी कागजात अद्यतन रखें, साथ ही वाहनों में लदान क्षमता के अनुसार ही परिवहन करें। सवारी वाहनों में क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने पर जिला परिवहन पदाधिकारी ने कार्रवाई करने की बात कही है।

### पर्यावरणविद ने अपने 70 वां जन्मदिन पर रांची के ध्रुवा जेएन कॉलेज में किया पौधरोपण

# वनों की अंधाधुंध कटाई से बढ़ रहा प्रदूषण : कौशल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** सूबे की राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथनगर महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित सेमिनार का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने राष्ट्रीय गान व पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर किया। कार्यक्रम में शामिल कॉलेज के विद्यार्थियों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म की पाठ पढ़ाते हुए कहा कि आधुनिकता की इस दौर में सुख सुविधाओं के उपभोग के लिए बड़ी वाहनों की संख्या एवं अप्रत्याशित हुई जनसंख्या विस्फोट से ही प्रदूषण बेतहासा बड़ी है। जिसका खामियाजा समाज के सभी लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इतना ही नहीं कोरोना काल में यह साबित हो गयी कि जहां वनों की अंधाधुंध कटाई हुई वहां के लोगों पर कोरोना का कहर उतना ही अधिक बरपा। जिसका गवाह दिल्ली और महाराष्ट रहा है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि वे अपनी निजी खर्चों पर निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 57 वां वर्ष तथा पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट (वृक्षों पर रक्षाबंधन) के 47 वां वर्ष पर विश्व के पांच देशों एवं देश के 10 राज्यों के 30 जिलों में 2 लाख पौधों का निशुल्क वितरण व रोपण वृक्षों पर रक्षाबंधन व पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी आयोजन का निर्णय लिया है। विश्व भर में पूर्णतः हरित क्रांति लाया जाय इसके लिए उन्होंने न सिर्फ अपने देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी धर्मपत्नी सह डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल के साथ जाकर पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया है। श्री कौशल अपने जीवन के 70 वां पड़ाव तय करने पर रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार के मार्गदर्शन में 70 पौधे लगाए व वितरित किया। जिसमें चंदन, कल्पतरु, रुद्राक्ष, कपूर, छतनी, कदम ,महोगनी एवं लिफ् के पौधे शामिल थे। पौधों पर रक्षाबंधन के उपरांत कार्यक्रम की समापन हुई। इस अवसर पर प्रिंसिपल डा अबरार अहमद, डा विद्यानंद चौधरी , नगर निगम के सहायक अभियंता सौरभ कुमार केसरी , राजकुमार,सईद आलम, प्रभात तिवारी, डीसी मिश्रा, रानी मिंस, देवंती केरकेट्टा, के के दत्ता, नवीन शर्मा, मधुमिता विश्वास, शीला कुमारी, उषा मिश्रा, समेत कॉलेज के सैकड़े छात्र छात्राएं ने पौधारोपण एवं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## 15 वीं राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे संत मरियम स्कूल के खिलाड़ी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र से विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों का पारंगत होना इस बात का द्योतक है कि क्षेत्र विकास पथ की ओर अग्रसर है। स्थापना के शुरुआती दौर से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रसिद्ध संत मरियम विद्यालय अब बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्र जैसे आर्चरी राइफल शूटिंग कबड्डी कराटे,क्रिकेट जैसे खेलो में भी पारंगत बना रहा है। इसी कड़ी में कर्जन ग्राउंड में झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी संगठन द्वारा आयोजित 15 वी झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल के 17 खिलाड़ी भाग लेने के लिए रवाना हुए। मौके पर स्कूल के प्राचार्य आदर्श देव ने विद्यार्थियों को तिलक लगाते हुए उन्हें जीत की शुभकामनाएं दी। अभय सिंह, विशाल कुमार, प्रीतम राज, अंकित शर्मा, अभिषेक कुमार, यश राज, हिमाशु यादव,अनुराग लकड़ा, सूरज पासवान, बिपांशु सिंह, अंश राज, शशिकांत रंजन, नंदन यादव, नमन सिंह , चिराग लकड़ा, क्षितिज सिंह सभी खिलाड़ी संत मरियम स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन के साथ हजारीबाग के लिए रवाना हुए।

उक्त मौके पर शुभकामना प्रेषित करते हुए स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की आर्चरी जैसे कठिन खेल में पलामू के बच्चो का भाग लेना एक शानदार सुखद अहसास है। निश्चित तौर पर सभी खिलाड़ी अपने जिला का नाम रौशन करते हुए बेहतर प्रदर्शन करेगें।

## पिछले छह सालों में दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा रही बेहतर

**नई दिल्ली :** पिछले छह सालों के मुकाबले इस साल दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा अच्छी रही है। सितंबर के महीने में बारिश कम होने के बावजूद भी औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 167 दर्ज किया गया है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के मुताबिक जनवरी-सितंबर 2023 को दैनिक औसत एक्यूआई 167 दर्ज किया गया है, जबकि इसी अवधि के दौरान 2022 में 184, 2021 में 180, 2019 में 188 और 2018 में 193 था। इसमें कोरोना काल यानि 2020 को शामिल नहीं किया गया है। आयोग के मुताबिक औसत वायु गणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सितंबर महीने में 10 सितंबर, 2023 को वर्ष का एकमात्र अच्छा वायु गुणवत्ता दिवस (एक्यूआई-45) भी देखा गया, संयोग से नई दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन था।